RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 250
नई दिल्ली, मंगलवार, 19 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



काजोल वेब सीरीज की दुनिया में रखने जा रहीं कदम
राष्ट्रीय-9

# नए राष्ट्रपति के लिए माननीयों ने डाले वोट

● 21 जुलाई को होगी मतगणना, 25 को होगी नए राष्ट्रपति की शपथ

● द्रौपदी मुर्मू का पलड़ा यशवंत सिन्हा के मुकाबले बहुत भारी













**भाषा।** नई दिल्ली

**देश** भर के सांसदों और विधायकों ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू और विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा में से किसी एक को भारत के 15वें राष्ट्रपति के तौर पर चुनने के लिए सोमवार को मतदान किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबदबे और बीजू जनता दल (बीजद), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), शिरोमणि अकाली दल, शिवसेना और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जैसे क्षेत्रीय दलों के समर्थन के साथ मुर्मू की वोट हिस्सेदारी लगभग दो-तिहाई तक पहुंचने की संभावना है और वह सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने वाली आदिवासी समुदाय की पहली नेता और दूसरी महिला होंगी। सांसदों ने संसद के कक्ष संख्या-63 में बनाए गए मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। वहीं, विधायकों ने राज्य विधानसभाओं में मतदान किया।

देश में 776 सांसदों और 4033 विधायकों सहित कुल 4,809 मतदाता चुनाव में मतदान करने के हकदार हैं, लेकिन मनोनीत सांसदों और विधायकों, तथा विधान परिषद के सदस्यों को यह अधिकार नहीं है। मतदान समाप्त होने के बाद निर्वाचन आयोग ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव में कुल निर्वाचकों में से 99 प्रतिशत से अधिक ने मतदान किया। दिल्ली में, निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने बताया कि संसद भवन में 98.90 प्रतिशत निर्वाचकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। निर्वाचन अधिकारी मोदी ने मतदान के बाद संवाददाताओं को बताया कि निर्वाचन आयोग ने 727 सांसदों और 9 विधायकों समेत कुल 736 निर्वाचकों को संसद भवन में मतदान की अनुमति दी थी। भाजपा सांसद सनी देओल समेत आठ सांसदों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं किया। संसद में मतदान करने वालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी शामिल थे।

मतदान के रफ्तार पकड़ने और अंतिम परिणाम स्पष्ट प्रतीत होने के बीच सिन्हा (84) ने सांसदों और विधायकों से अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने और उनका समर्थन करने की अपील की। सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा, मैंने बार-बार कहा है कि यह चुनाव इस मायने में देश की दिशा तय करेगा कि भारत में लोकतंत्र रहेगा या फिर धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। अभी संकेत यही मिल रहे हैं कि हम लोकतंत्र के खत्म होने की दिशा में बढ़ रहे हैं। मतगणना 21 जुलाई को होगी और अगले राष्ट्रपति 25 जुलाई को शपथ लेंगे। (शेष पेज 8)

## उपराष्ट्रपति के लिए धनखड़ ने भरा पर्चा

● नामांकन पत्र भरते समय प्रधानमंत्री सहित राजग के कई वरिष्ठ नेता रहे उपस्थित



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के नए उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए आगामी छह अगस्त को होने वाले चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो उनका उपराष्ट्रपति बनना लगभग तय माना जा रहा है।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद 71 वर्षीय धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि वह देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को हमेशा आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। अपनी सामान्य पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए पत्रकारों से चर्चा में धनखड़ ने कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले उनके जैसे सामान्य व्यक्ति को यह ऐतिहासिक अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उनके पास बोलने को शब्द नहीं है। उन्होंने संविधान निर्माताओं, भारत के महान लोकतांत्रिक मूल्यों और उसकी सभ्यता की ताकत को सलाम भी किया। (शेष पेज 8)

# अब रक्षा निर्यातक बन रहा है भारतः प्रधानमंत्री

● मोदी ने कहा, देश के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वालों के खिलाफ युद्ध करना है तेज



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत अब एक रक्षा निर्यातक के रूप में उभरा है और पिछले चार या पांच सालों में उसके आयात में 21 फीसदी की कमी आई है। रक्षा निर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जवानों के पास ऐसे हथियार होंगे जिनके बारे मे दुश्मनों ने कल्पना भी नहीं की होगी। अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में नया डिफेंस इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है जहां पर आयात को कम और निर्यात को बढ़ाया जाएगा।

मोदी ने आत्मविश्वास और उसकी आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ युद्ध तेज करने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसी हर कोशिश को नाकाम करना जरूरी है। राजधानी स्थित आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन (एनआईआईओ) की ओर से आयोजित सेमिनार स्वावलंबन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जैसे-जैसे भारत वैश्विक मंच पर खुद को स्थापित कर रहा है, वैसे-वैसे दुष्प्रचार के माध्यम से लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा, खुद पर भरोसा रखते हुए भारत के हितों को हानि पहुंचाने वाली ताकतें चाहे देश में हों या फिर विदेश में, उनकी हर कोशिश को नाकाम करना है। उन्होंने कहा, देश की रक्षा के लिए हमें एक और अहम पक्ष पर ध्यान देना चाहिए। हमें भारत के आत्मविश्वास को, हमारी आत्मनिर्भरता को चुनौती देने वाले ताकतों के विरुद्ध युद्ध तेज करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा अब सिर्फ सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बहुत व्यापक है इसलिए हर नागरिक को इसके लिए जागरूक करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा, जैसे आत्मनिर्भर भारत के लिए होल ऑफ द गवर्नमेंट एप्रोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, (शेष पेज 8)

## तीन सहकर्मियों की हत्या कर सिपाही ने किया आत्मसमर्पण

● हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में था तैनात, साथियों पर मानसिक उत्पीड़न का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रोहिणी** के हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में तैनात एक पुलिसकर्मी ने फायरिंग कर अपने तीन सहकर्मियों की जान ले ली। बाद में आरोपी ने समयपुर बादली पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी की पहचान प्रबीन राय (32) के रूप में की गई तथा जान गंवाने वाले सिक्किम पुलिसकर्मी थे। इन्हें इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबीएन) के तहत प्लांट की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। जान गंवाने वाले जवानों की शिनाख्त कमांडर पिंटो नामग्याल भूटिया (बैच 2012, आरोपी भी इसी बैच का है), कांस्टेबल इंद्रा लाल छेत्री तथा धनांग सुब्बा (दोनों 2013 बैच के)। भूटिया और छेत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुब्बा ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) दीपेंद्र पाठक ने कहा कि शुरुआती जांच के दौरान राय ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके तीनों सहयोगी उसकी पत्नी के बारे में 'उल्टी सीधी' बात कर उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहे थे।


एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक केएनके मार्ग पुलिस थाने को एक पीसीआर काल आई जिसमें हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में फायरिंग की बात कही गई थी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार मौके पर पाया गया कि सिक्किम पुलिस के तीन जवानों को गोली लगी है जिसमें से दो की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और एक गंभीर रूप से घायल था इनको बीएसए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि समर्पण करने के बाद राय ने बताया कि उसने हैदरपुर ट्रीटमेंट प्लांट के बैरक में शाम तीन बजे साथियों को गोली मारी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## मंकीपॉक्स का देश में दूसरा मामला भी केरल से आया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम

**मंकीपॉक्स** का देश में दूसरा केस भी केरल से ही सामने आया है। राज्य के कन्नूर का 31 वर्षीय व्यक्ति सोमवार को जांच में मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने दी। इससे पहले भी मंकीपॉक्स का पहला मरीज भी केरल में मिला था। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि मरीज 13 जुलाई को दुबई से तटीय कर्नाटक के मंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरा था। बीमारी के लक्षण दिखने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसके नमूने राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे को भेजे गए थे, जहां से मामले की पुष्टि हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कोल्लम जिले से मंकीपॉक्स के पहले मामले का पता चलने के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों को शुरू करने में राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता के लिए पिछले सप्ताह केरल में उच्चस्तरीय टीम भेजी थी। (शेष पेज 8)

## जुबैर के खिलाफ जल्दबाजी में कदम न उठाएंः सुप्रीम कोर्ट



● पीठ ने ऑल्ट न्यूज के पत्रकार के खिलाफ एक के बाद एक केस को बताया दुष्चक्र, कल होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को निर्देश दिया कि ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर के खिलाफ कथित रूप से धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में उत्तर प्रदेश में दर्ज पांच प्राथमिकियों के संबंध में जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक दुष्चक्र है जहां जुबैर को एक मामले में जमानत मिलते ही उनके खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज हो जाती है।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि वह 20 जुलाई को जुबैर द्वारा दायर अर्जी पर सुनवाई करेगी, जिन्होंने इन प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया है। जुबैर के खिलाफ दिल्ली में एक और उत्तर प्रदेश में पांच मामले दर्ज हैं। इनमें दिल्ली और सीतापुर मामले में उन्हें अंतरिम जमानत मिल चुकी है, लेकिन वह जेल से बाहर नहीं आ सके, क्योंकि अन्य जगहों पर दर्ज मामलों में उन्हें हिरासत में लिया गया। शीर्ष अदालत ने इसी पर टिप्पणी करते हुए इसे दुष्चक्र बताया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत वर्तमान कार्यवाही का विषय याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज पांच प्राथमिकियों के संबंध में है। पीठ ने कहा कि चूंकि अर्जी पर आज सुनवाई नहीं हो पाई इसलिए इसे 20 जुलाई को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जाता है। (शेष पेज 8)

## शिवसेना पर कब्जे की कोशिशें तेज



● उद्धव ने दो नेताओं को निकाला, जिलों में सौ पदाधिकारी नियुक्त

● शिंदे नई कार्यकारिणी घोषित कर दिल्ली दौरे पर

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**शिवसेना** अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं- रामदास कदम और आनंद अडसुल को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ नियमित संपर्क में रहने पर बर्खास्त कर दिया। शिवसेना अध्यक्ष ने बागी गुट द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के गठन के बीच पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने के आरोप में कार्रवाई की है। पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ यह कार्रवाई ऐसे समय की गई है जिस दिन शिंदे की अध्यक्षता में हुई सांसदों की बैठक हुई। जिसमें में पार्टी के 22 में से 12 बागी सांसद शामिल हुए।

कदम पूर्व में राज्य विधानसभा में शिवसेना के नेता प्रतिपक्ष थे जबकि अडसुल पार्टी की ओर से सांसद रह चुके हैं। उन्होंने दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के साथ मिलकर काम किया था। कदम (58) लगभग तीन दशकों तक तटीय कोंकण क्षेत्र से शिवसेना के मजबूत नेता थे। चार बार के विधायक और दो बार के एमएलसी कदम ने पूर्ववर्ती भाजपा-शिवसेना सरकार में मंत्री के रूप में कार्य किया है। उनके बेटे योगेश कदम विधायक हैं, जो पिछले महीने शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए थे। विदर्भ क्षेत्र से पांच बार के पूर्व सांसद अडसुल (75) ने अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में वित्त राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था। उनके बेटे आनंद अडसुल दरियापुर से विधायक रह चुके हैं। शिंदे के नेतृत्व में हुए विद्रोह के बाद पार्टी पर अपना नियंत्रण हासिल करने के लिए उद्धव ठाकरे ने राज्यभर के विभिन्न जिलों में 100 से अधिक नए पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। हालांकि, नई नियुक्तियों का विवरण अभी उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस बीच, पार्टी सांसदों की एक ऑनलाइन बैठक की अध्यक्षता करने के बाद शिंदे नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस बैठक में पार्टी के 22 में से 12 सांसद मौजूद थे। बीते 30 जून को मुख्यमंत्री बनने के बाद शिंदे दूसरी बार दिल्ली के दौरे पर हैं। उनकी यात्रा ऐसे समय हो रही है जब सर्वोच्च न्यायालय में शिवसेना में विद्रोह के मद्देनजर विधायकों को अयोग्य ठहराये जाने के मामले की सुनवाई होनी है। इस बीच, शिंदे ने अपनी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। शिंदे के साथ 12 विधायक हैं। अभी तक यह तय नहीं है कि शिवसेना सांसदों के शिंदे वाले समूह को मंगलवार को अलग समूह के रूप में मान्यता मिलेगी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद मिलेगी। शीर्ष अदालत की संवैधानिक पीठ शिंदे और अन्य विधायकों की अयोग्यता की याचिका पर बुधवार को ही सुनवाई करेगी। इस बीच, दीपक केसरकर को शिवसेना का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है, जबकि रामदास कदम और आनंदराव अडसुल नेता के रूप में नियुक्त किए गए हैं। इनके अलावा, यशवंत जाधव, गुलाबराव पाटिल, उदय सामंत, शरद पोंकशे, तानाजी सावंत, विजय नाहटा, शिवाजीराव अधराव पाटिल को उप नेता बनाया गया है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,521 | ↑ 760 | |
| निफ्टी | 16,278 | ↑ 229 | |
| सोना | 40,506 | ↑ 399 | /10g |
| चांदी | 56,223 | ↑ 636 | /kg |

### क्विक न्यूज

**सिमरनजीत मान ने भगत सिंह को आतंकी बताने संबंधी अपने बयान का बचाव किया**

**नई दिल्ली।** शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के प्रमुख और पंजाब में संगरूर से सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को आतंकवादी बताने वाली अपनी टिप्पणी का सोमवार को बचाव किया और कहा कि सिखों के लिए अलग देश होना चाहिए। पिछले महीने हुए उपचुनाव में संगरूर सीट से जीतने के बाद मान ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में संविधान के नाम पर शपथ ली और देश की गरिमा के प्रति प्रतिबद्धता का संकल्प लिया। पंजाब से कांग्रेस के कई सदस्यों ने मान के बिरला के कक्ष में शपथ लेने का विरोध किया। लोकसभा के तीन अन्य सदस्यों ने भी बिरला के कक्ष में शपथ ली।

## सरकार ने एमएसपी के लिए बनाई 29 सदस्यीय समिति

● तीन कृषि कानून निरस्त करने की घोषणा के आठ महीने बाद प्रधानमंत्री ने निभाया वादा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य (एमएसपी) को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी कैसे बनाया जाए, यह देखने के लिए केंद्र सरकार ने कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा के आठ महीने बाद सोमवार को 29 सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान नेताओं से यह वादा किया था। समिति बदलती खाद्य सुरक्षा आवश्यकता को पूरा करने के लिए शून्य-बजट प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उपायों का भी सुझाव देगी।

पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल इस समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों, किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अर्थशास्त्रियों को शामिल किया गया है। इसी के साथ सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के लिए एक दरवाजा खोल दिया है, जिसके बैनर तले पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के सैकड़ों किसानों ने एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग को लेकर एक साल से अधिक समय तक दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन किया था। सरकार ने पहले एसकेएम से कम से कम तीन नाम देने को कहा था, लेकिन उसने ये नाम उपलब्ध नहीं कराए। एसकेएम ने अभी तक समिति के गठन पर कोई आधिकारिक रुख (शेष पेज 8)

## श्रीलंका में आपातकाल घोषित

● विक्रमसिंघे ने राजनीतिक दलों से मतभेद दूर करने, सर्वदलीय सरकार बनाने का आग्रह किया



कोलंबो में श्रीलंका के कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के विरुद्ध प्रदर्शन करते लोग

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को राजनीतिक दलों से अपने मतभेदों को भुलाकर एक ऐसी सर्वदलीय सरकार बनाने का आग्रह किया जो देश को आर्थिक संकट से उबारने में मदद करे। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद के संबंध में बातचीत निष्कर्ष के करीब है। इससे पूर्व, उन्होंने देश में आज आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी, जिससे उन्हें बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव से पहले व्यापक अधिकार मिल गए हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि जब उन्होंने 13 मई को प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था तो तब तक अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी थी। उनके कार्यालय द्वारा जारी किए गए बयान के अनुसार, कार्यवाहक राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने देश में राजनीतिक दलों से अपने मतभेदों को दूर करने की अपील के साथ ही कहा कि देश को एक व्यक्ति को लेकर मतभेदों का पीड़ित नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने राजनीतिक दलों से एक साथ आने और एक ऐसी सर्वदलीय सरकार बनाने का आग्रह किया, जो देश को आर्थिक संकट से उबरने में मदद करे।

राष्ट्रपति पद के दावेदारों में से एक विक्रमसिंघे ने कहा कि ईंधन की आपूर्ति के लिए जुलाई का महीना एक कठिन समय होगा। उन्होंने कहा कि हालांकि डीजल का भंडार सुरक्षित कर लिया गया है और यह वितरित किया जा रहा है तथा 21 जुलाई से पेट्रोल का वितरण भी किया जाएगा। (शेष पेज 8)

## भारत-चीन सैन्य वार्ता में शेष मुद्दों को हल करने पर नहीं बनी सहमति

● वार्ता जारी रखने पर दोनों देश राजी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** और चीन के बीच हुई 16वें दौर की सैन्य वार्ता के दौरान पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद से जुड़े शेष मुद्दों को हल करने को लेकर सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि, दोनों देशों के बीच इन मुद्दों का जल्द से जल्द परस्पर स्वीकार्य समाधान निकालने के लिए बातचीत को जारी रखने पर सहमत बन गई है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच रविवार को हुई 16वें दौर की बातचीत के दौरान यह सहमति बनी। भारत और चीन की सेनाओं की ओर से जारी एक संयुक्त वक्तव्य के मुताबिक इस बात की फिर से पुष्टि की गई है कि लंबित मुद्दों के समाधान से क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व्यवस्था बहाल करने में मदद मिलेगी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में भी प्रगति होगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, सैन्य वार्ता के दौरान भारत ने चीन से पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले शेष सभी स्थानों से सैनिकों को जल्द से जल्द हटाने के लिए कहा और अप्रैल 2020 में सैन्य गतिरोध शुरू होने से पहले की यथास्थिति की बहाली की भी मांग की। संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में जमीन सीमा पर सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए तथा लगातार निकट संपर्क में बने रहने और सैन्य एवं राजनयिक माध्यमों के जरिए बातचीत को जारी रखने को लेकर सहमत हुए हैं। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दोनों देशों ने अपने 50 से 60 हजार तक सैनिक तैनात किए हुए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 19 जुलाई, 2022



# शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज

## सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक के लिए मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## दूधेश्वरनाथ मंदिर में देर रात से ही लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सावन मास के पहले सोमवार को शहर के शिवमंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिवमंदिर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होते रहे। गर्मी और उमस में भी भक्त लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। शहर के ऐतिहासिक दूधेश्वरनाथ मंदिर में देर रात से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई थी।

मंदिर के महंत नारायण गिरी व वेद विद्यापीठ के आचार्यों व छात्रों द्वारा विधिवत भगवान दूधेश्वरनाथ का अभिषेक किया।

इसके उपरांत भक्तों के लिए मंदिर में जलाभिषेक शुरू किया गया। देर रात से ही मंदिर में लाइन लगने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह पूरा दिन जारी रहा। हालांकि, भीड़ को देखते हुए इस बार व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया। एकसाथ सभी लोगों को भेजने के बजाए रोक-रोक कर भेजा जा रहा था, जिससे मंदिर परिसर के अंदर अधिक भीड़ न हो सके। इतना ही नहीं इस बार भक्त सीधे गर्भगृह में भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक करने के उपरांत सीधे मंदिर के निकास द्वार से निकाले जा रहे थे। ऐसा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया गया था। मंदिर के महंत नारायण गिरी महाराज ने बताया कि सावन का महीना शिव का प्रिय महीना जाना जाता है। इस माह के सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने पर शिव प्रसन्न रहते हैं और भक्तों की प्रार्थना स्वीकार करते हैं। भगवान भोले महज जलाभिषेक करने से भी अपने भक्तों पर कृपा बनाए रखते हैं। सावन के सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक के लिए शिवालयों में पहुंचते हैं। भक्तों ने भगवान शिव का गंगाजल, दूध, पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा, भांग के पत्ते, फूल व नारियल अर्पित कर पूजन किया।

दूधेश्वरनाथ मंदिर के अलावा सी ब्लॉक कविनगर, नासिरपुर फाटक स्थित शिवमंदिर, नेहरूनगर स्थित शिवमंदिर पर भी जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही।





### मंदिर में रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

*गाजियाबाद। सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दूधेश्वरनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई। देर रात से ही सिटी मजिस्ट्रेट गंभीर सिंह, एसपी सिटी निपुण अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मंदिर की व्यवस्था सम्भालने में जुटे रहे। एहितयातन जीटी रोड को भी बंद रखा गया, ताकि लाइन में लगे भक्तों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। जस्सीपुरा मोड़ पर कैलाभट्टा से आने वाले यातायात और गौशाला फाटक से आने वाले यातायात को रोका गया। मंदिर मार्ग पर सिर्फ पैदल ही लोगों को जाने दिया जा रहा था। मंदिर के अन्दर व बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे।*

### 22 जुलाई से बंद होंगे मेरठ रोड के स्कूल

गाजियाबाद। कांवड़ यात्रा के चलते मेरठ रोड स्थित कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल 22 से 26 जुलाई तक बंद रहेंगे। बता दें कि मेरठ रोड पर बड़ी संख्या में कांवडियां निकलते हैं। शिवरात्रि का समय नजदीक आने पर दोनों ओर रोड को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया जाता है। ऐसे में मेरठ रोड के आसपास बने स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों व स्टाफको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए हुए डीएम आरके सिंह ने सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, उच्च प्राथमिक सहित अन्य सभी स्कूलों को 22 जुलाई से 26 जुलाई तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। 27 जुलाई को शिवरात्रि का अवकाश रहेगा।



## नोएडा डिपो से हरिद्वार के लिए 24 घंटे मिलेगी रोडवेज बसें

**नोएडा।** नोएडा डिपो से हरिद्वार के लिए 24 घंटे बस सेवा उपलब्ध रहेगी। शिवभक्तों को हरिद्वार जाने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। दरअसल, दो साल बाद कांवड़ यात्रा शुरू हो रही और इसके लिए शिवभक्तों में काफी उत्साह है। पिछले कई दिनों से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का हरिद्वार की ओर जाने का सिलसिला चल रहा है। फि लहाल, परिवहन विभाग ने उत्तराखंड जानेवाले श्रद्धालुओं और कांवडियों की परेशानी को देखते हुए यह खास सुविधा दी है। नोएडा डिपो से दिल्ली एनसीआर के श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार तक बस सेवा शुरू होने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

### कांवड़ लेने गए युवक की सड़क हादसे में मौत, साथी घायल

**गाजियाबाद।** दिल्ली से हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे युवक की रविवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना दिल्ली मेरठ रोड पर कादराबाद के पास हुई है। मृतक की पहचान चेतन निवासी न्यू चंद्रावल, थाना रूपनगर, दिल्ली के रूप में की गई है। हादसे में मृतक का साथी प्रिंस गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत



**नोएडा।** जनपद के विभिन्न जगहों पर हुए विभिन्न सडक हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर.2 के पास हुए एक सडक हादसे में पंचानन हलधर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर देर रात को उनकी मौत हो गई। उन्हें बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर.24 क्षेत्र में एक सड़क हादसे में विक्की सिंह 55 वर्ष नामक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि थाना बिसरख क्षेत्र में टेंपो और बाइक की हुई टक्कर में धर्मवीर सिंह 41 वर्ष नामक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में हुए एक सडक हादसे में मिथुन कुमार 21 वर्ष नामक युवक की मौत हो गई।

### मेयर ने सेल्फ असेस्मेंट पोर्टल किया लॉन्च



**गाजियाबाद।** हाउस टैक्स निर्धारित करने के लिए अब सेल्फअसेस्मेंट फार्म लेने और उसे भरकर जमा कराने का झंझट दूर होने जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम में अगले महीने से यह सुविधा घर बैठे ऑनलाइन मिलेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से पोर्टल तैयार किया गया है। मेयर आशा शर्मा और नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने आज नगर निगम कार्यालय में ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया। मेयर आशा शर्मा ने बताया कि इस पोर्टल के लॉन्च होने का मतलब है कि गाजियाबाद नगर निगम भी अब डिजिटल पैटर्न पर चल रहा है। कुछ समय पहले ही डॉगी के लाइसेंस लेने के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन व्यवस्था की थी। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। इस दौरान मेयर आशा शर्मा के अलावा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ0 संजीव सिन्हा, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### दहेज हत्या के मामले में कारोबारी पकड़ा

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत श्यामपार्क मेन में जैन बर्तन वाले के नाम से मशहूर दयाचंद जैन के छोटे पुत्र विशाल जैन की 31 पत्नी वर्षीय वर्षा जैन का शव उनके घर में ही फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला था। मृतका वर्षा के पिता महेश ने अपनी पुत्री की मौत की सूचना के बाद दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद साहिबाबाद थाना पुलिस ने नामजद अभियुक्त मृतका के पति विशाल को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के मुताबिक मृतका अपने पीछे पांच माह के पुत्र सहित दो बच्चों को बिलखता छोडकर गई है। इस संदर्भ में सीओ साहिबाबाद एएसपी अभिजीथ आर शंकर का कहना है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### लूट करके भाग रहे दो बदमाश रंगे हाथों गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना कासना पुलिस ने आज सुबह को मोबाइल फोन लूट कर भाग रहे दो शातिर लुटेरों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना कासना के थानाध्यक्ष संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम सुमित पुत्र मनोज तथा आकाश पुत्र प्रेमचंद है। उन्होंने बताया कि इनके पास से विभिन्न जगहों से लूटे हुए 6 मोबाइल फोन, एक देसी तमंचा और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश आज सुबह को बुलंदशहर के ककोड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले नसीम नामक युवक से मोबाइल फोन लूट कर भाग रहे थे।


## सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभिजीत राणा/शिवानी शर्मा/ LBNOD00003132335 | फ्लैट नंबर 1105, 11वां तल, टावर ई, एलीगैंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06 बी, सेक्टर – टेकजोन –4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश / 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 23,03,025/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | आलोक मिश्रा/लक्ष्मी कांत मिश्रा खाता नंबर :– LBNOD00005315336 | फ्लैट नंबर 505, द्वितीय तल, ब्लॉक–ए, सेक्टर – एमयू II, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 14,63,818/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | आशिमा भाटिया/कपिल भाटिया/भारत भूषण भाटिया/LBDEL00002334912 | फ्लैट नंबर सी–8/275 ए, प्रथम तल, ब्लॉक सी–8, लारेंस रोड, दिल्ली–110035 / 14–07–2022 | 04–02–2022 रू. 19,52,177/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | चांद शर्मा/देविन्दर कौर शर्मा/ LBDEL00001493262 | एमआईजी फ्लैट नंबर 480, चतुर्थ तल, ब्लॉक– जीएच–2, सेक्टर–28, रोहिणी, दिल्ली/ 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 3,46,556/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | छाया शेखर/विकास शेखर/ LBDEL00002384097 | फ्लैट नंबर 2203, 22वां तल, महागुन मन्त्रा 2, गंगा प्लॉट नंबर जीएच–01, ब्लॉक–गंगा, सेक्टर–10, ग्रेटर नोएडा, नोएडा / 14–07–2022 | 27–09–2021 रू. 23,22,148/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | याक्षी सिंह/सौरभ सिंह/ एलबीएनओडी00002416884 | दुकान नंबर 8120, 8वां तल, गौड़ सिटी मॉल, प्लॉट नंबर जीएच–01, सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा / 14–07–2022 | 06–07–2021 रू. 8,27,303/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | संतराम सिंह/धर्मेन्द्र/सतीश कुमार खारी/ एलबीएनओडी00001980504 | मकान नंबर 12, ब्लॉक सी, पाकेट–पी 7, मित्र सहकारी आवास समिति लिमिटेड, प्लॉट नंबर 04, सेक्टर–पीएसआई–1, ग्रेटर नोएडा / 14–07–2022 | 18–08–2020 रू. 35,22,444/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | कंचन वर्मा/मुकेश वर्मा/ एलबीएनओडी00003140245 | फ्लैट नंबर जे–1703, 17वां तल, टावर–जे, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट/ 14–07–2022 | 25–09–2020 रू. 27,75,607/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 9. | प्रदीप कुमार/रानी देवी/ एलबीएनओडी00004803377 | फ्लैट नंबर 1602, 16वां तल, टावर–आई, स्काईटेक मैट्रट, प्लॉट नंबर जीएच–01/डी, सेक्टर–76, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 23–06–2021 रू. 51,91,250/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 10. | प्रवीण शर्मा/आनंद शर्मा/ LBGHZ00002913111 | फ्लैट नंबर 939, 9वां तल, टावर सरस्वती, महागुन मन्त्रा–II, प्लॉट नंबर जीएच–01 ए, सेक्टर–10, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश / 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 25,80,381/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 11. | रेणुका रैना/रोहित रैना/ एलबीएनओडी00002253796 | बी–205, द्वितीय तल, टावर–बी, अजनारा ली गार्डन, प्लॉट नंबर जीएच–02, सेक्टर–16, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 27–09–2021 रू. 27,75,607/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 12. | आकाश दीप लोहिया/चरण दास लोहिया/वंदना लोहिया एलबीजीयूआर00002091618 | यूनिट नंबर डी–05/03 जीएफ, डीएलएफ एक्सक्लूसिव फ्लोर्स डीएलएफ सिटी, फेज–5, गुरूग्राम, हरियाणा/ 14–07–2022 | 10–12–2021 रू. 66,57,542/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 13. | नरेन्द्र लाल/शांति साह/ LBDEL00002449539 | फ्लैट नंबर 221 ए, ब्लॉक–वाई, सेक्टर–12, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 5,65,542/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 14. | नरेन्द्र लाल/नीर सुमित साह/शांति साह LBGHZ00005142447 | फ्लैट नंबर 221 ए, भू तल, ब्लॉक–वाई, सेक्टर–12, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 4,20,261/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 15. | प्रदीप चौहान/वेद प्रकाश पांडे/ऋषभ इंटीरियर प्रा. लि./ LBDEL00004047269 | यूनिट नंबर बी–1603, प्रोजेक्ट एनसीआर वन (ग्रीन), टावर बी, सिद्धार्थ बिल्डहोम प्रा. लि., सेक्टर–95, गुरूग्राम, हरियाणा/ 14–07–2022 | 23–06–2021 रू. 1,27,33,862/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 16. | पुलकित गर्ग/गरिमा गर्ग/ एलबीजीयूआर00002085545 | जे–004, भू तल, टावर–जे, सेक्टर–ओमेगा–1, ब्लॉक–पी–2, किंग्स पार्क, ग्रेटर नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 20–01–2022 रू. 22,93,799/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 17. | पुलकित गर्ग/गरिमा गर्ग/ एलबीजीयूआर00002085546 | जे–003, भू तल, टावर–जे, सेक्टर–ओमेगा–1, ब्लॉक–पी–2, किंग्स पार्क, ग्रेटर नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश/ 14–07–2022 | 20–01–2022 रू. 22,95,836/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 18. | सुनीता सिंह/देवेन्द्र सिंह/रोहित सिंह/गीतिका सिंह/ एलबीजीयूआर00002430448 | प्लॉट नंबर सी 155, मेफील्ड गार्डन, सेक्टर–50, गुरूग्राम/ 14–07–2022 | 16–12–2021 रू. 9,16,020/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 19. | सुनीता सिंह/देवेन्द्र सिंह/रोहित सिंह/गीतिका सिंह/ एलबीजीयूआर00002423168 | मकान नंबर सी/ 155, ग्राम समसपुर आदमपुर टिगरा बिंदापुर एवं वजीराबाद, अब मेफील्ड गार्डन के नाम से मशहूर, सेक्टर–50, गुरूग्राम/ 14–07–2022 | 06–07–2021 रू. 94,74,838/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 20. | सुनीता सिंह/देवेन्द्र सिंह/रोहित सिंह/गीतिका सिंह/ एलबीजीयूआर00002423171 | मकान नंबर सी/ 155, ग्राम समसपुर आदमपुर टिगरा बिंदापुर एवं वजीराबाद, अब मेफील्ड गार्डन के नाम से मशहूर, सेक्टर–50, गुरूग्राम/ 14–07–2022 | 06–07–2021 रू. 42,68,996/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 21. | वंदना शर्मा/हिमांशु शर्मा/ LBDEL00002248284/ LBDEL00003073786/ LBDEL00002254446 | प्लॉट नंबर 61, प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, ब्लॉक बी तथा पाकेट–2, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली/ 14–07–2022 | 18–01–2022 रू. 36,04,556/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 22. | शैलेन्द्र सिंह गौचवाल/शैलेन्द्र सिंह एचयूएफ/रेणु सिंह/ LBDEL00002370405 | फ्लैट नंबर बी–121, 12वां तल, टावर बी, इंडियाबुल्स एनिग्मा, ग्राम पावला खुसरूपुर, सेक्टर–110, गुरूग्राम, हरियाणा/ 14–07–2022 | 23–06–2021 रू. 1,91,88,737/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 23. | विकास तोमर/निरूपमा तोमर/ एलबीएनओडी00002071902 | फ्लैट नंबर 3244, 24वां तल, टाइप–डी, टावर–3, "एटीएस टूअरमालाइन", ग्राम बाबूपुर, सेक्टर–109, गुरूग्राम/ 14–07–2022 | 11–08–2020 रू. 1,21,93,010/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 24. | निशीथ श्रीवास्तव/बॉबी श्रीवास्तव/ एलबीएनओडी00004379938 | प्लॉट नंबर 50, ब्लॉक बी, सेक्टर एक्सयू–1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201307/ 14–07–2022 | 23–06–2021 रू. 63,14,857/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 25. | अनमोल सेठी/स्नेहलता सेठी/ एलबीजीयूआर00002443068/ एलबीजीयूआर00005354063/ एलबीजीयूआर00002443069 | दुकान नंबर 308, तृतीय तल, ब्लॉक सी, निर्वाणा कंट्री, साउथ सिटी–II, सेक्टर–50, गुरूग्राम–122001/ 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 1,22,94,488/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 26. | विकास अग्रवाल/ LBDEL00004425126/ LBDEL00005351729 | यूनिट नंबर जी–17, भू तल, रिंग रोड मॉल, प्लॉट नंबर 21, मंगलम प्लेस, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली–110085/ 14–07–2022 | 28–02–2022 रू. 43,56,735/– | दिल्ली/ एनसीआर |
| 27. | सुब्रत कुमार सक्सेना/सोनल सक्सेना/ LBDEL00001495647 | एसओवी–4/101, वाटिका सिटी, बादशाहपुर, सेक्टर–49, गुरूग्राम/ 14–07–2022 | 31–07–2017 रू. 54,73,390/– | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 19 जुलाई, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## जिला अस्पताल में जीवित बच्चे को बताया मृत

### शिकायत पर सीएमओ ने पल्ला झाड़ा निजी अस्पताल ने गर्भस्थ शिशु को स्वस्थ बताया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी के सबसे हाईटेक जिला अस्पताल की घोर लापरवाही सामने आई है। छलेरा निवासी एक तीन माह की गर्भवती महिला के गर्भस्थ बच्चे को जिला अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दो निजी अस्पतालों में किए गए अल्ट्रा साउन्ड में बच्चे को जीवित और स्वस्थ बताया गया।

इसके बाद परिजनों ने जिला अस्पताल के सीएमएस से शिकायत की। जानकारी के मुताबिक छलेरा निवासी राजन मिश्रा की पत्नी सोनम तिवारी तीन माह की गर्भवती है। सोमवार की सुबह कुछ तकलीफहोने पर उसे सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि जिला अस्पताल की डॉ ने उसका अल्ट्रा साउंड कराया।

राजन मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट में गर्भस्थ बच्चे को मृत बताकर तुरंत एबॉर्शन का परामर्श दिया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टर की रिपोर्ट पर विश्वास न कर राजन मिश्रा ने अपनी पत्नी को निजी अस्पताल ले गए।

वहां पर डॉक्टरों ने फिर से अल्ट्रा साउंड कराया। वहां की रिपोर्ट में बच्चा जीवित और स्वस्थ बताया गया। इस रिपोर्ट के बाद राजन मिश्रा जिला अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत सीएमएस से की। आरोप है कि सीएमएस ने इस घटना से पल्ला झाड़ लिया।

कार्रवाई न होने पर परिजनों ने हंगामा किया और मामले की शिकायत पुलिस से की।


**PUBLIC NOTICE**

**NATIONAL CONSUMER DISPUTES REDRESSAL COMMISSION**
**Under the Consumer Protection Act, 2019**
Telephone No. :011-24608801-04 Fax No. : 011-24651505
Upbhokta Nyay Bhawan 'F'- Block, General Pool Office Complex,
INA, NEW DELHI- 110023

**Consumer Complaint No. 2409 of 2018**

RAJESH KHOSLA & 12 ORS. ....Complainant
Versus
AIR FORCE NAVAL HOUSING BOARD ..Opposite Party

To,
**THE PURCHASERS/ALLOTTEES OF THE RESIDENTIAL PLOTS / UNITS IN "JALVAYU FARM UNITS SCHEME", PROJECT SITE "Y", LOCATION - VILLAGE MOTIPUR AND TILWARA, TEHSIL, SIKANDRABAD (UTTAR PRADESH) DEVELOPED BY AIR FORCE NAVAL HOUSING BOARD THROUGH ITS DIRECTOR GENERAL.**

**Whereas** the above Complainants have, through MR. R. L. Syngal, Advocate, T-3/1303, Supreme Towers, Sector - 99, Noida - 201304 (Uttar Pradesh) Mobile No. 9313166783, filed the captioned Consumer Complaint before the Hon'ble National Consumer Disputes Redressal Commission, New Delhi on behalf and/or for the benefit of all the consumers who have either booked or have been allotted a Plot / Unit, in the project namely **"Jalvayu Farm Units Scheme"** Village Motipur and Tilwara, Tehsil, Sikandrabad (Uttar Pradesh), being developed by the Opposite Party named above for redressal of their common grievances, and seeking the following reliefs:-

1. Allow the present complaint;
2. Direct the Opposite Party to pay a sum of ₹1,80,00,000/- (Rupees One Crore Eighty Lakhs) (₹2,40,000/- to each complainant) as compensation for per year due to loss of opportunity caused to the Complainant for unfair practice;
3. Direct Opposite Party to pay a sum of ₹5,00,000/- to each Complainant, total amounting to ₹65,00,000/- (Rupees Sixty Five Lakhs) as compensation for mental harassment and agony to the Complainant which was caused solely by the act of Opposite Party.
4. Opposite Party may also be directed to pay the cost of the Complainants to the tune of ₹50,000/- (Rupees Fifty Thousand only) to each as litigation expenses;
5. Pass any other or further order/orders as may be deemed fit and proper on the facts and in the circumstances of this case.

**And whereas** the Hon'ble Commission vide its order dated 01.04.2022 (Copy enclosed) is pleased to direct issue of notice of the institution of the above captioned complaint to all the consumers having same interest in the matter. Accordingly all allottees of the above referred Project having the same grievance against the Opposite Party, may appear before the Commission in-person or through an Advocate/Authorized Representative on **22.07.2022 at 10:30 a.m**. They can inspect the file of the aforementioned complaint in the office of the Counsel for the Complainant (s) and apply for being impleaded as a party to the complaint. They may also note that the decision of the Commission in the captioned complaint will be binding on all the consumers on whose behalf and/or for whose benefit the complaint is instituted.

Given under my hand and the seal of this Commission on this 20th day of April, 2022.

**By Order**
**(S. Hanumantha Rao)**
**Joint Registrar**


## आम्रपाली के खरीदारों को फ्लैट मिलना प्राथमिकता: सुप्रीम कोर्ट

### पीड़ितों के साथ न्याय होने के बाद ही नोएडा व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरणों के दावों पर होगा विचार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उसकी प्राथमिकता सबसे पहले यह है कि आम्रपाली समूह की कंपनियों के परेशान घर खरीदारों को उनके घर मिलें और उसके बाद अंत में वह रियल एस्टेट समूह के कर्जदाताओं के दावों पर विचार करेगा, जिन्होंने 2019 से पहले वित्तीय सहायता दी थी।

न्यायमूर्ति यूयू ललित और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने अदालत की प्राथमिकता के क्रम का संकेत दिया और कहा कि यह सबसे पहले प्रयास करेगी कि आम्रपाली समूह के प्रत्एक घर खरीदार को उसका घर मिले और फिर उनका दावा-जैसा भी मामला हो। पीठ ने कहा कि इसके बाद यह नोएडा और ग्रेटर नोएडा जैसे प्राधिकरणों के दावों पर विचार करेगी और फिर बिजली बोर्ड या पेयजल विभागों जैसे अन्य वैधानिक निकायों/संस्थानों के दावों पर विचार किया जाएगा।

पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के बिजली विभाग के एक वकील से कहा, आपको कतार में लगना होगा और इन सभी निकायों के दावों का निपटारा होने के बाद ही हम निश्चित रूप से आपके दावों पर गौर करेंगे। बिजली विभाग के वकील ने कहा कि उनका आम्रपाली ग्रुप ऑफ कंपनीज पर नौ करोड़ रुपए का बकाया है और इसे निपटाने की जरूरत है।

### सेक्टर-18 में प्राधिकरण ने तीन क्योस्क आवंटित कीं

**नोएडा।** नोएडा का मिनी कनाट प्लेस यानी सेक्टर.18 एक बार फि र सुर्खियों में है। महज 8 वर्गमीटर का एक क्योस्क 85 हजार रुपए महीने के किराए पर आवंटित की गई है। इसका रिजर्व प्राइज 27 हजार रुपए था। क्योस्क आवंटन में ये अब तक की सबसे बड़ी बोली है। ये सेक्टर.18 के मैक डी के सामने है। दूसरा क्योस्क 47 हजार में आंवटित किया गया है। इसका बेस प्राइज भी 27 हजार रुपए है।

सेक्टर-18 में क्योस्क आवंटन की योजना निकाली है। इसमें 17 क्योस्क का आवंटन नीलामी के जरिए किया जाना है। इसमें तीन क्योस्क का आवंटन हो चुका है। जबकि 14 क्योस्क के लिए योजना को 28 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। एक अगस्त तक आवेदन कर सकते है और नौ अगस्त को नीलामी की जाएगी। 85 हजार वाले क्योस्क के लिए पांच आवेदन आए थे। तीन के कागजी दस्तावेज पूरे नहीं थे।

## यीडा में सात बड़ी परियोजनाएं तीन महीने में भरेंगी उड़ान

### टप्पल में तय समय में लॉजिस्टिक्स हब एवं राया में हेरिटेज सिटी की डीपीआर तैयार होगी



"औद्योगिक विकास विभाग में सरकार के छह महीने के कार्यकाल में होने वाली परियोजनाओं को लेकर समीक्षा की गई। इसमें यमुना प्राधिकरण की सात बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इनको समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।"
–नंद गोपाल गुप्ता नंदी, औद्योगिक विकास मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना प्राधिकरण में क्षेत्र की सात बड़ी परियोजनाओं पर आगामी सितंबर में काम होना शुरू हो जाएगा। ये परियोजनाएं प्रदेश सरकार के छह महीने के लक्ष्य में शामिल हैं। तय समय में टप्पल में लॉजिस्टिक्स हब एवं राया में हेरिटेज सिटी की डीपीआर तैयार हो जाएगी। दोनों परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल पर विकसित करने की योजना है। अपैरल पार्क एवं ट्वाय पार्क के सभी आवंटियों को भूखंड पर कब्जा दे दिया जाएगा ताकि वहां निर्माण कार्य शुरू हो सके। यमुना प्राधिकरण एक हजार एकड़ में इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए जमीन खरीदना शुरू कर देगा।

इस जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसके साथ ही डाटा सेंटर पार्क की योजना और फिल्म सिटी के लिए दोबारा वैश्विक निविदा सितंबर से पहले निकाल दी जाएगी। इन परियोजनाओं से ना केवल यहां हजारों करोड़ रुपये का निवेश आएगा बल्कि लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। ये परियोजनाएं इसे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे टप्पल में 160 हेक्टेयर में लॉजिस्टिक हब पीपीपी मॉडल पर विकसित होगा। सलाहकार कंपनी डिलाइट ने शुक्रवार को ही सर्वे रिपोर्ट यमुना प्राधिकरण को सौंप दी है। पीपीपी मॉडल वाली इस परियोजना में प्राधिकरण को प्रीमियम और लाभांश में हिस्सेदारी मिलेगी। 15 दिन में इसकी डीपीआर तैयार हो जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

## राष्ट्रपति चुनाव

# विधानसभा में 68 सदस्यों ने डाला वोट

## राष्ट्रपति पद के चुनाव में दिल्ली के दो विधायक नहीं कर पाए मतदान



मतदान का प्रयोग करते मुख्यमंत्री अरविदं केजरीवाल व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रपति चुनाव के लिए दिल्ली विधानसभा में भी आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के विधायकों में खासा उत्साह देखने को मिला। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, विधानसभा स्पीकर राम निवास गोयल ने मतदान किया।

वहीं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपने साथी विधायकों संग विधानसभा पहुंचे। आप के 60 व भाजपा के 8 विस सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल में होने और मुस्ताफाबाद के विधायक हाजी यूनूस के हज पर जाने के कारण मतदान करने नहीं पहुंच सके।

राष्ट्रपति चुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफ से विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को वोट देने का निर्णय लिया।

मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 10 बजे शुरू हुआ और शाम पांच बजे तक चला। मतगणना राजधानी में 21 जुलाई को की जाएगी। भारत का 16वां राष्ट्रपति चुनाव दिल्ली विधान सभा परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

70 सदस्यों में से दिल्ली विधान सभा में चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा प्रदान किए गए नामित बैलेट बॉक्स में अपना वोट डाला। मतदान स्थल पर प्रवेश करने से पहले दिल्ली विधानसभा के 68 सदस्यों का थर्मल स्कैन किया गया। चुनाव के लिए शशि रंजन कुमार, आईएएस, जो वर्तमान में कपड़ा मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार हैं, दिल्ली विधानसभा में आयोजित 16वें राष्ट्रपति चुनाव के पर्यवेक्षक रहे।

बाद में शाम को बैलेट बॉक्स को कड़ी सुरक्षा के बीच राज्यसभा ले जाया गया। दिल्ली विधानसभा में भारत के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. रणबीर सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया था।

मतपेटी को पहले स्ट्रॉंग रूम में रखा गया था, इसके बाद में मतदान के लिए समिति कक्ष में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद में शाम को मतपेटी को वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी निगरानी और सुरक्षा के बीच राज्यसभा ले ज़ाया गया। सदन में अपने भाजपा विधायकों के साथ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि लोगों में इस बात को लेकर काफी उत्साह है कि एक आदिवासी महिला देश की राष्ट्रपति बनने जा रही हैं।

दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में आप के 62 और बाकी 8 भाजपा के विधायक हैं।

### 2011 जनगणना के आधार पर मत मूल्यः रामनिवास

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति का पद शीर्ष संवैधानिक पद है, जिसके लिए नियत प्रक्रिया तथा नियमों के अनुसार मतदान होता है। गोयल ने कहा कि दिल्ली के एक विधायक के मत का मूल्य 58 है, जो 51 वर्ष पहले 1971 में हुई जनगणना पर आधारित है और यह चिंता का विषय है। गोयल ने मतदान करने के बाद कहा इसे कम से कम 2011 की जनगणना के तहत तय किया जाना चाहिए।



विजयी मुद्रा में भाजपा के आठों विधायक।

### बिना पीएसयू दौड़ रहे वाहनों पर कसा जाएगा शिकंजा

# सरकार ने 14 लाख को एसएमएस के जरिए भेजा नोटिस, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आने वाली सर्दियों में राजधानी में प्रदूषण कम करने के लिए सरकार ने ऐसे वाहना चालकों पर सख्ती शुरू कर दी है जिनके पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) नहीं है। दिल्ली सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे वाहन चालक वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र बनवाये या फिर भारी जुर्माना भरने के लिए तैयार रहे।

आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में दिल्ली में 13 लाख दोपहिया और तीन लाख कारों सहित कुल 17 लाख से अधिक वाहन बिना वैध पीयूसी के सड़कों पर चल रहे हैं। दिल्ली सरकार ने इस सिलसिले में लगभग 14 लाख वाहन मालिकों को वैध पीयूसी प्राप्त करने के लिए एसएमएस भेजा है। सरकार ने कहा है कि यदि वे इसे समय पर नहीं प्राप्त करते हैं, तो उन्हें भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा।

दो-तीन महीनों के भीतर प्रदूषण का मौसम आ रहा है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम कुछ हद तक वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करें। वैध पीयूसी प्राप्त करने के लिए लोगों को चेतावनी देना उस दिशा में उठाया गया एक कदम है। अधिकारी ने कहा कि उन वाहनों को छूट देने का कानूनी प्रावधान है जो सड़कों पर नहीं चल रहे हैं।

## रिश्वत मांगने पर एसएचओ और एएसआई निलंबित

**नई दिल्ली।** एक व्यक्ति से दो लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने अपने एसएचओ (साइबर सेल) और एएसआई को निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए है।

अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पूर्वी दिल्ली में एसएचओ (साइबर प्रकोष्ठ) सतीश और एएसआई वीरेंद्र को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दिल्ली पुलिस के पूर्वी दिल्ली जिले में एक शिकायत मिली थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि थानाधिकारी और एएसआई एक मामले की जांच के सिलसिले में शिकायतकर्ता के घर पहुंचे और मामले के निपटान क लिए दो लाख की रिश्वत मांगी। डीसीपी प्रियंका कश्यप ने कहा, एसीपी (सहायक ने जांच में आरोप सही पाए गए।

# नीट परीक्षा में गड़बड़ी की साजिश करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- मास्टरमाइंड सहित आठ लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एमबीबीएस में दाखिले से संबंधित नीट परीक्षा में मदद करने के उद्देश्य से वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने वालों, संदिग्ध मास्टरमाइंड और पर्चा हल करने वालों सहित आठ लोगों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। फर्जी अभ्यर्थियों की योजना मोटी रकम लेकर नीट यूजी परीक्षा में वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर भाग लेने और परीक्षा देने की थी। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने अभ्यर्थियों से उनका यूजर आईडी और पासवर्ड ले लिया था तथा अपनी पसंद का परीक्षा केन्द्र पाने के लिए आवश्यक बदलाव भी किए थे। सुशील, बृजमोहन, पप्पू, उमाशंकर गुप्ता, निधि, कृष्ण, सन्नी , रघुनंदन, जीपू लाल, हेमेन्द्र और भरत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन – L74899DL1999GOI101707
IRCTC
आईआरसीटीसी बीएनआर होटल रांची और पुरी के पुनर्विकास, प्रचालन, अनुरक्षण एवं अंतरण (आरओएमटी) के लिए खुली ई-निविदा सं. 2022/आईआरसीटीसी/बीएनआर/रांची एवं पुरी आमंत्रित करता है। बोली पूर्व बैठक : 26-07-2022. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 11-08-2022 को 15.00 बजे।
विस्तृत विवरण के लिए "www.irctc.com" तथा "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" देखें। निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता वेबसाइट :-"http://www.tenderwizard.com/IRCTC" पर की जा सकती है।
उपरोक्त विज्ञापन के विषय में कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी किए जाने की स्थिति में यह केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट "www.irctc.com" तथा "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" पर प्रकाशित किया जाएगा।
कार्यालय पता :-
जीएम/ओसीएस, 10वां तल, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001,
ई-मेल retiringroom@irctc.com, फोन : 011-23311263-64 फैक्स : 011-23311259

## खाने-पीने की वस्तुओं से जीएसटी हटाए केंद्र : सीएम

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की वस्तुओं पर लगी जीएसटी को लेकर राजनीति तेज हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र के कदम को गरीबों के साथ खिलवाड़ बताया है। साथ ही उन्होंने मांग की है कि खाद्य प्रदार्थो से बढ़ी जीएसटी तुरंत वापस ली जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में अकेला दिल्ली ऐसा राज्य है, जहां आम नागरिकों को हम लोग महंगाई से थोड़ी राहत दे रहे हैं। सरकार मुफ्त शिक्षा-स्वास्थ्य, बिजली-पानी और महिलाओं को बसों में फ्री सफर की सुविधा दे रही है। इससे हर परिवार को हर महीने 10-15 हजार रुपए का फायदा है। केंद्र से वर्ल्ड सिटी सम्मेलन में सिंगापुर जाने की अनुमति नहीं मिलने पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं कोई अपराधी तो हूं नहीं, एक चुना हुआ मुख्यमंत्री हूं।

## बाघ और तेंदुओं के 26 पंजे बरामद, 3 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वन्यजीवों की अवैध खरीद फरोख्त में लगे एक गिरोह का सीबीआई ने भंडाफोड़ करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

इनके कब्जे से बाघ और तेंदुओं के 26 पंजे बरामद किए हैं। सीबीआई को सूचना मिली थी कि दिल्ली के विकासपुरी के रहने वाले सनी के कब्जे में काफी सारे बाघ और तेंदुओं के पंजे हैं और उन्हें वह किसी को बेचने की तैयारी में है। एजेंसी को उसके गुट के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी दी गई जो सौदा पक्का करने में उसकी मदद के लिए जयपुर से आ रहे हैं। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के विशेषज्ञों के एक दल को जाल बिछाने के लिए संदिग्धों के ठिकाने पर भेजा गया।

## मैदानगढ़ी व राजपुर खुर्द इलाके में बिछेगी पानी की पाइपलाइन

**नई दिल्ली।** मैदानगढ़ी व राजपुर खुर्द इलाके में केंद्र सरकार के विभिन्न एजेंसियों इंस्टिट्यशनल व रेजिडेंशियल काम्प्लेक्सों में पानी पहुंचाने के लिए 3600 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को इस संबंध में 6.56 करो? रूपये लागत की इस परियोजना को मंजूरी दी7

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार हर इलाके में पानी की बाधा रहित आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैदानगढ़ी व राजपुर खुर्द इलाके में बन रहे पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एसएसएन मार्ग जंक्शन से गोशाला रोड, मैदानगढ़ी में पेरिफेरल वॉटर लाइन बिछाने की मंजूरी दी गई है। इन कॉम्प्लेक्सों में रहने वाले लोगों के पानी की मांग पूरी होगी।



# नए निवेश के लिए प्रवेश द्वार बनेगा दिल्ली-वडोदरा-मुम्बई एक्सप्रेस-वे

## बेहतर कनेक्टिविटी व मजबूत सड़क नेटवर्क से रखी जा रही है गुरुग्राम के सुनहरे भविष्य की नींव

## मेट्रो विस्तार से घटेगी पश्चिमी दिल्ली से गुरुग्राम की दूरी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गुरु** द्रोणाचार्य के गांव गुरुग्राम से मिलेनियम सिटी और अब मिलेनियम सिटी से ग्लोबल सिटी बनने की राह पर है गुरुग्राम जिला। यहां निरंतर बेहतर हो रहा सड़क नेटर्व, मेटवर्क कनेक्टिविटी से व्यापार में निवेश सहित औद्योगिक विस्तार की लगातार संभावनाएं बढ़ रही हैं। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गुरुग्राम जिला में प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा धरातल पर उतारी जा रही कनेक्टिविटी की विभिन्न विकास परियोजनाओं के चलते गुरुग्राम निवेशकों की पहली पसंद बन गया है।

आम से लेकर खास वर्ग अपने सपनों को साकार करने, सपनों का आशियाना बनाने के लिए गुरुग्राम को प्राथमिकता दे रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि किसी भी क्षेत्र की आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का महत्वपूर्ण रोल होता है। इस विषय को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा गुरुग्राम में मेट्रो नेटवर्क में 37 किलोमीटर लंबाई की लाईन जोड़ते हुए इसका विस्तार करने की योजना पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसमें से हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से ओल्ड गुरुग्राम होते हुए साईबर सिटी तक लगभग 28.5 किलोमीटर लंबाई की मैट्रो लाईन बिछाने की परियोजना भारत सरकार के विचाराधीन है, जोकि स्वीकृति के अंतिम चरण में है।



गुरुग्राम में सोहना तक तैयार दिल्ली-वडोदरा, मुंबई एक्सप्रेस-वे।

इसके अलावा, पालम विहार से दिल्ली के सेक्टर-21 तक लगभग 8.4 किलोमीटर लंबाई की लाईन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिस पर मुख्यमंत्री के समक्ष इस परियोजना के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जा चुकी है। यह नई प्रस्तावित लाईन मंजूर होने के बाद गुरुग्राम का काफी हिस्सा मेट्रो कनेक्टिविटी से कवर हो जाएगा। गुरुग्राम पालम विहार से सेक्टर-21 द्वारका तक प्रस्तावित मेट्रो लाईन बिछने से पश्चिमी दिल्ली और गुरुग्राम की दूरी घटने के साथ ही जिला की आर्थिक उन्नति को भी रफ्तार मिलेगी। यह प्रस्तावित नया मेट्रो रूट डीएमआरसी की ब्लू लाईन से जुड़ेगा। इस प्रस्तावित मेट्रो कोरिडोर में सात स्टेशन होंगे, जिनमें से चार स्टेशन गुरुग्राम जिला की सीमा में तथा तीन स्टेशन दिल्ली क्षेत्र में बनाने का प्रस्ताव है। गुरुग्राम जिला में ये स्टेशन-रेजांगला चौक, चोमा गांव, सेक्टर-110 तथा सेक्टर-111 में बनाए जाने प्रस्तावित हैं, जबकि दिल्ली क्षेत्र में ये स्टेशन-द्वारका सेक्टर-28, द्वारका सेक्टर-25 में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) और द्वारका सेक्टर-21 में बनाए जाएंगे। इस रूट में दो इंटरचेंज स्टेशन होंगे। पालम विहार का प्रस्तावित गुड़गांव मेट्रो कॉरिडोर (हुडा सिटी सेंटर से साइबर सिटी) के साथ इंटरचेंज होगा। द्वारका सेक्टर-21, जो कि मौजूदा डीएमआरसी स्टेशन से अलग होगा। इसका ब्लू लाइन के साथ-साथ एयरपोर्ट एक्सप्रेस कोरिडोर के साथ इंटरचेंज होगा।

### बेहतर सड़कें उन्नति का प्रमुख माध्यम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल का मानना है कि बेहतर सड़कें किसी भी प्रदेश की उन्नति का प्रमुख माध्यम होती है। ऐसे में गुरुग्राम के सोहना क्षेत्र से शुरू होकर मुंबई तक जाने वाला यह एक्सप्रेस-वे गुरुग्राम जिला में नई निवेश परियोजनाओं का प्रवेश द्वार बनकर उभरेगा। इसके अलावा गुरुग्राम-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक के दबाव को कम करने व दिल्ली के द्वारका से गुरुग्राम की सीधी कनेक्टिविटी के लिए विकसित किया जा रहा द्वारका एक्सप्रेस-वे वर्ष 2023 में चालू हो जाएगा।

# वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक से नदारद रहे अधिकारियों पर गिरेगी गाज

## बैठक में चीफ इंजीनियर, अधीक्षक अभियंता सहित कई कार्यकारी अभियंता नहीं हुए उपस्थित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोमवार** को गुरुग्राम नगर निगम कार्यालय में आयोजित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में नदारद रहने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस तरह के निर्देश मेयर मधु आजाद ने दिए हैं। इस बैठक की पूर्व सूचना के बावजूद नगर निगम गुरुग्राम के चीफ इंजीनियर ठाकुरलाल शर्मा, अधीक्षक अभियंता राधेश्याम शर्मा, कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत व मनदीप सिंह उपस्थित नहीं हुए।

अधिकारियों की अनुपस्थिति को मेयर मधु आजाद ने गंभीरता से लिया तथा तुरंत ही नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा से बात करके संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधीक्षक अभियंता विवेक गिल भी बैठक में देरी से पहुंचे, जिस पर मेयर ने नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें भविष्य में ध्यान रखने की चेतावनी दी। मेयर ने कहा कि वित्त एवं संविदा समिति की बैठक एक महत्वपूर्ण बैठक होती है। इस बैठक में विभिन्न वार्डों से जुड़े विकास कार्यों के एस्टीमेट एवं टेंडर अलॉटमेंट संबंधी मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए नगर निगम के चीफ इंजीनियर, अधीक्षक अभियंता व कार्यकारी अभियंताओं का मौजूद रहना अनिवार्य है।



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेतीं मेयर मधु आजाद।

### इन कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी

**वित्त** एवं संविदा कमेटी की बैठक में 20 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी दी गई। इनमें विभिन्न वार्डों में पोटाकेबिन नागरिक सुविधा केन्द्रों के लिए 1.24 करोड़ रुपये की अलॉटमेंट, न्यू पालम विहार ब्लॉक-ए में स्टैंड पोस्ट पेयजल आपूर्ति के लिए 1.13 करोड़ रुपये की स्वीकृति इस साईट विजिट की शर्त के साथ दी गई। इसके अलावा सेक्टर-9 एचएसवीपी मार्केट में पार्किंग निर्माण के लिए 1.43 करोड़ रुपये, राजीव चौक स्थित ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स, लघु सचिवालय व आरटीओ पार्किंग निर्माण के लिए 2.30 करोड़ रूपए, गांव गाड़ौली में बूस्टिंग स्टेशन व अंडरग्राऊंड टैंक के लिए 1.90 करोड़ रुपये, गांव नाहरपुर रूपा में बूस्टिंग स्टेशन व अंडरग्राऊंड टैंक के लिए 1.93 करोड़ रुपये, आईनोक्स मॉल से प्रकाशपुरी चौक तक ड्रेन निर्माण के लिए 1.15 करोड़ रुपये, राजकीय माध्यमिक विद्यालय चौमा के भवन के पुनर्निर्माण के लिए 2.49 करोड़ रुपये, सेक्टर-52 में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 1.84 करोड़ रुपये तथा पालम विहार ब्लॉक-आई में रेलवे लाईन के साथ ग्रीन बेल्ट नवीनीकरण के लिए 1.06 करोड़ रुपये के टेंडर अलॉटमेंट शामिल हैं।

### इन कार्यों के एस्टीमेट को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**मेयर** मधु आजाद की अध्यक्षता में आयोजित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में 4 विकास कार्यों के एस्टीमेटों को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। इनमें वार्ड-14 के सेक्टर-9 स्थित 9 पार्कों के नवीनीकरण के लिए 1.26 करोड़ रुपये व सेक्टर-9ए के 10 पार्कों के नवीनीकरण के लिए 1.74 करोड़ रुपये के एस्टीमेटों को निरीक्षण की शर्त के साथ स्वीकृति दी गई। इसके अलावा वार्ड-22 के शिवजी पार्क में सड़कों के निर्माण के लिए 1.48 करोड़ रुपये, हीरानगर में सड़कों के निर्माण के लिए 1.71 करोड़ रुपये के एस्टीमेटों को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

# हरियाणा को 3500 करोड़ की सड़क परियोजनाओं की आज मिलेगी सौगात

## केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सीएम मनोहर लाल होंगे कार्यक्रम में शामिल

**गुरुग्राम।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को 3500 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा को सौगात देंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहेंगे। यहां सेक्टर-38 स्थित ताउ देवी लाल स्टेडियम में यह समारोह आयोजित किया जा रहा है।

जिन तीन परियोजनाओं का लोकार्पण मंगलवार को होने जा रहा है, उनमें गुरुग्राम जिला के गुरुग्राम से सोहना तक बनाए गए लगभग 22 किलोमीटर लंबाई के 6 मार्गीय राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-248ए शामिल है। इस परियोजना के निर्माण पर 2009 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। इसके अलावा एनएच-11 पर रेवाड़ी से अटेली मंडी तक चार मार्गीय सड़क के निर्माण कार्य का भी लोकार्पण होगा। लगभग 30.39 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण पर 1193 करोड़ रुपये की राशि खर्च हुई है।

**भिवानी बाईपास होते हुए हालुवास गांव तक बनी है चार लेन सड़क :** इसी प्रकार खेरड़ी मोड़ से भिवानी बाईपास होते हुए हालुवास गांव तक लगभग 25 किलोमीटर लंबाई की बनाई गई 4 लेन परियोजना (एनएच-709) विस्तार और एनएच-148बी) का लोकार्पण किया जाएगा, जिसके निर्माण पर लगभग 247 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। मंगलवार को सड़क निर्माण से जुड़ी लगभग 3500 करोड़ रुपये की तीन परियोजनाओं का लोकार्पण होगा, जिससे प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यात्रियों को सुविधा होगी।

**आर्म्स लाइसेंस बनवाने व रिन्यू करवाने की ऑनलाइन सुविधा होगी शुरू :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार को दोपहर बाद आरटीसी भोंडसी में आर्म्स लाइसेंस बनवाने और रिन्यू करवाने की ऑनलाइन सुविधा का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस सुविधा के ऑनलाइन शुरू होने से शस्त्र लाइसेंस नया बनवाने तथा उसे रिन्यू करवाने के लिए लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मुख्यमंत्री वहां बनाई गई शूटिंग रेंज का अवलोकन भी करेंगे।

## संक्षिप्त-समाचार

### बिजली समस्या को लेकर पार्षद बागड़ी ने एसई को सौंपा ज्ञापन



**गुरुग्राम।** नगर निगम वार्ड-10 में बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का शीघ्र समाधान होगा। वार्ड के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या को लेकर सोमवार को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, गुरुग्राम के अधीक्षण अभियंता (एसई) को मांग पत्र सौंपा। एसई ने मौके पर ही एसडीओ से फोन पर बात कर कहा कि शीघ्र ही वार्ड-10 में जर्जर पोल, तार और ट्रांसफार्मर बदलने का काम पूरा किया जाए। अधीक्षण अभियंता ने यह भी कहा कि बिजली संबंधी काम कराए जाने के साथ वार्ड में कैंप का भी आयोजन किया जाए, जिसमें लोगों के बिजली संबंधी बिल की त्रुटियों का निस्तारण करने के साथ अन्य किसी तरह की समस्या आती है तो उसका त्वरित समाधान किया जाए। मंगत राम बागड़ी और पार्षद शीतल बागड़ी ने इस प्रयास के लिए अधीक्षण अभियंता को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमने मांग पत्र के माध्यम से अधीक्षण अभियंता को अवगत कराया कि वार्ड-10 अंतर्गत लक्ष्मण विहार क्षेत्र में बिजली के जर्जर ट्रांसफार्मर, तारों व खंभों के कारण आए दिन बिजली सप्लाई बाधित हो रही है और लोगों को घोर परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। कई जगह पोल है तो तार नहीं है, कई जगह तार है तो पोल नहीं है। तार भी इतने नीचे लटके हुए हैं, जो लोग नीचे से निकलते हैं तो तार उन लोगों के सिर पर टच होते हैं। बागड़ी ने कहा कि हमने अधीक्षण अभियंता से निवेदन किया कि वार्ड 10 में बिजली संबंधी जो भी काम लंबित पड़े हैं उन्हें शीघ्र कराया जाए।

### अवैध शराब बेचती महिला समेत तीन अन्य आरोपी गिरफ्तार

**सोहना।** रविवार को शहर थाना व चौकी पुलिस ने अपराध के खिलाफचलाया अभियान में महिला समेत तीन आरोपियों को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है तथा एक बदमाश को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी है। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि थाना व सिटी चौकी पुलिस ने मिलकर अपराध के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में अवैध शराब बेचने व देशी कट्टा लेकर खड़े बदमाश को दबोचा है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब बेचने के आरोप में वार्ड-13 में अपने घर के सामने रास्ते में सरेआम अवैध शराब बेच रही महिला रुमा को गिरफ्तार किया है। तलाशी में प्लास्टिक के कट्टा में रखे देशी शराब के 53 पव्वे बरामद किए हैं। महिला को एएसआई हरेन्द्र ने पकड़ा। एएसआई अमीचंद ने शहर के नंगली मोड़ पर पीर कॉलोनी निवासी रोबिन को शहर के इंडरी मोड़ पर अवैध हथियार समत पकड़ा है। रोबिन किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में था। एएसआई कृष्ण ने पहाड़ कॉलोनी निवासी अनिल को परचून की दुकान पर बैठकर अवैध शराब बेचता हुआ पकड़ा है। जिसके पास से तलाशी के दौरान 39 पव्वे देशी शराब बरामद की।

### जल शक्ति अभियान-2 के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया

**फरीदाबाद।** सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में गांव पावटा, पाली, गोठडा में ग्रामीणों को जलशक्ति अभियान टू के तहत जागरूक किया गया। सीईओ जिला परिषद एवं जलशक्ति अभियान टू के जिला नोडल अधिकारी सतेन्द्र दुहन के मार्ग दर्शन में आज सोमवार को गावों में जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को बताया गया कि किस प्रकार सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में जल शक्ति अभियान-2 का अधिकारी बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। जनसहभागिता के बिना सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बेहतर क्रियान्वयन सम्भव नहीं है।

### सट्टा खिलाने के आरोप में दो आरोपी पकड़े, 14 हजार रुपये बरामद

**सोहना।** पुलिस ने शहर के तावडू मार्ग पर दूध की डेरी पर बैठकर सरेआम सट्टा खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने तलाशी के दौरान 14660 रुपये बरामद किए हैं। सिटी चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि एएसआई रामपाल गश्त पर थे। उसे सूचना मिली कि तावडू जाने वाले मार्ग पर दूध की डेरी पर बैठकर गौरव निवासी गांव खो, जिला भरतपुर राजस्थान और जुगल किशोर निवासी आईटीआई कॉलोनी सोहना सट्टा खाई कर रहे हैं। गौरव व जुगल किशोर आम लोगों को भी सट्टा पर पैसा लगाने की बुला रहे हैं। मौके पर पहुंचे एएसआइ रामपाल ने दोनों की सिपहियों की मदद से दबोच लिचा। जिनके पास से तलाशी में सट्टा के नंबरों लिखा कागज, पेन और 14660 रुपये नकदी बरामद की है। जिनके खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# शहरी और ग्रामीण इलाके में धड़ल्ले से काटी जा रहीं अवैध कॉलोनियां

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाके तक अवैध कॉलोनियां काटने का धंधा तेजी से चल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और हरियाणा के अन्य जिलों से आने वाले नागरिकों को प्रॉपर्टी डीलर कॉलोनियों को वैध होने के नाम पर प्लॉट बेच रहे हैं।

गुरुग्राम नगर निगम के गांव भोंडसी, नया गांव से शुरू होने वाले सोहना खंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियां काटने का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। कालोनाइजर अन्य जिले और प्रदेशों से आने वाले भोले-भाले लोगों को वैध कॉलोनी होने का दावा करके कृषि योग जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में रिठौज, सहजावास, बहलपा, बेरका, धूनेला, लाखूवास, हाजिपुर, सरमथला, लाला खेड़ली, मंडावर, हरचंदपुर, सिलानी, सांचौली में अवैध कॉलोनियां काटकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं।

### नगर परिषद सीमा में भी हो रही प्लॉटिंग

**नगर** परिषद के गांव रायपुर, जखोपुर, लाखूवास, रायसीना, सोहना ढाणी, बालूदा आदि में एक से दो एकड़ कृषि योग जमीन पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। शहर क्षेत्र में वार्ड 6, 8, 9, 21 3 आदि में भी अवैध कॉलोनियां काटकर प्लाट बेचे जा रहे हैं।

### रजिस्ट्री की जगह कर रहे एग्रीमेंट

**प्रॉपर्टी** डीलर जमीन खरीदार को रजिस्ट्री बंद होने की बात कहते हुए पूरी रकम लेने के बाद तहसील में एग्रीमेंट लिखवाकर प्लाट बेच रहे हैं। यही कारण है कि स्थानीय तहसील में किसी दिन रजिस्ट्री के लिए मिलने वाले टोकन पूरे भी नहीं कट पाते हैं। टोकन पूरे न कटने से प्रदेश राजस्व विभाग को एक दिन में लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।

### चला था पीला पंजा

**करीब** डेढ़ माह पहले नगर परिषद प्रशासन ने शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाया था। जिसमें दर्जनभर कॉलोनियां में हो रही चार दीवारी और पक्के मकानों को गिराया था। जिससे अवैध कॉलोनियां काटने वालों से लेकर प्लाट खरीदने वालों की रातों की नींद उड़ गई थी।

# जीयो और जीने दो के मार्ग पर चलता है जैन समाज

## महाराजश्री के चातुर्मास पर मंगल कलश की हुई स्थापना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्री1008** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैकबपुरा में राष्ट्र संत वात्सल्य सरोवर मुनि विहर्ष सागरजी महाराज का चातुर्मास पावन वर्षायोग मंगल कलश स्थापना हुई। विहर्ष सागर जी महाराज का यह 25वां दीक्षा महोत्सव है। 50वां अवतरण दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम को अमृत महोत्सव का नाम दिया गया है।

मुनिश्री विहर्ष सागर जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से सबको मंगल आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्र एक है। धर्म एक है। हम सब एक हैं। जियो और जीने दो जैन धर्म का जो नारा है। जैन समाज जीयो और जीने दो के मार्ग पर चलता है। गुरुग्राम के सभी जैन मंदिरों से और गुरुग्राम से बाहर दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, ग्वालियर, झांसी, भिंड, उत्तर प्रदेश और पूरे भारतवर्ष से जगह-जगह से गुरु विहर्ष जी के भक्त चतुर्मास कलश स्थापना में पहुंचे और सभी का एक ही नारा था, गुरु विहर्ष हमारा है।



कार्यक्रम में प्रवचन करते मुनिश्री विहर्ष सागर व उपस्थित श्रद्धालु।

सबसे पहले समाज की प्रबंधक कमेटी ने पूरी समाज के साथ गुरु विहर्ष सागर जी को कार्यक्रम के लिए श्रीफल चढ़ाकर निमंत्रण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण द्वारा की गई। ध्वजारोहणकर्ता निर्दोष जैन सह परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मंदिर की संस्था वामा महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण किया गया। गुरुवर ने सब को अपना मंगल आशीर्वाद दिया। सांस्कृतिक प्रोग्राम वामा महिला मंडल सेक्टर-4 की महिलाओं द्वारा और दिल्ली से आए कुछ लोगों ने भी सांस्कृतिक प्रोग्राम में हिस्सा लिया। गुरुवर ने मंगल कलश लिए सर्वप्रथम भगवान पार्श्वनाथ कलश स्वर्गीय विनोद जैन की धर्मपत्नी मंजू जैन, पुत्र ऋषभ जैन, दूसरा आदिनाथ कलश कपिल जैन, राजा जैन मालिबु टाउन को और तीसरा महावीर कलश योगेश जैन, उमा जैन सेक्टर-4 को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि इस वर्ष जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान महावीर का 2550वां निर्माण महोत्सव है। भगवान महावीर के 2550 में निर्माण महोत्सव के ऊपर एक कार्यक्रम अमृत महोत्सव लाल किला दिल्ली में रखा जाएगा, जिसमें 2550 में दिवस के ऊपर 25000 जैन समुदाय के लोग इकट्ठे होंगे। यह प्रोग्राम गुरु मेहर सागर के सानिध्य में होगा। मंदिर के प्रधान नरेश जैन, उपप्रधान रविंद्र जैन, महामंत्री अशोक जैन, सहमंत्री जिनेंद्र जैन और कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन ने स्वागत किया।

# सोसायटी के हित में कार्य करे आरडब्ल्यूए टीम : सुंदर लाल

## सर्वसम्मति से हुआ वन सोसायटी आरडब्ल्यूए का चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नये** गुरुग्राम के सेक्टर-84 स्थित गुड़गांव वन सोसायटी (अल्फा ग्रुप) में निर्विरोध रूप से हुए चुनाव में आरडबल्यूए की टीम गठित की गई, जिसमें आरडब्ल्यूए के प्रधान सहित कार्यकारिणी का चुनाव कर लिया गया।

सोसायटी के लोगों ने आपसी सहमति से अपनी आरडबल्यूए की टीम का चयन कर लिया किया। इसमें नितिन कक्कड़, दिनेश कुमार उपाध्यक्ष, चंद्रशेखर महासचिव, संयम मराठा सह-सचिव, अंशुमान साहू कोषाध्यक्ष, आदर्श दुबे और सुशील को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। चुनी गई पूरी आरडब्ल्यूए टीम को गुरुग्राम सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सिकन्दरपुर बढ़ा गांव के सरपंच सुन्दर लाल यादव ने स्वागत कर उन्हें बधाई दी।



गुरुग्राम के सेक्टर-84 में गुड़गांव वन सोसायटी की आरडब्ल्यूए टीम का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल।

सुंदर लाल यादव ने कहा कि जैसा भाईचारा चुनाव में दिखाया गया है, वैसा ही आगे भी दिखाएं। श्री यादव ने कहा कि जिस भरोसे के साथ सोसायटी ने पूरी टीम को यह दायित्व दिया है, पूरी सोसायटी को साथ लेकर सोसायटी के हित के सभी कार्य करें। इस अवसर पर मैपस्को कासा बेला सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर यादव, फिल्बी रियल ईस्टट के एमडी संजय यादव, पाम गार्डन सोसायटी से सयान देब बोस, वाटिका के ब्लॉक से राहुल सोनी और राजेश यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सोमवार को इंछापुरी के प्राचीन शिव मंदिर में लगा भंडारा



गुरुग्राम के गांव इंछापुरी के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा करने को उमड़ी भीड़।

**गुरुग्राम।** सावन माह के पहले सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर इंछापुरी में फ्रेंड्स समूह जाटोली मंडी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार की सुबह 5 बजे शुरू किया गया भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिव लिंग पर जल चढ़ाया।

इसी माह में कांवड़ियों द्वारा महाशिवरात्रि को इसी प्राचीन मंदिर में कांवड़ चढ़ाई जाती है। कलयुग में मोक्ष प्राप्ति के लिए और व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण के लिए मिट्टी के शिवलिंग को उत्तम बताया गया है।शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव शिवलिंग की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और कष्टों का निवारण होता है तथा सुख समृद्धि और पुत्र की प्राप्ति होती है। सभी देवी देवताओं की साकार रूप की पूजा होती है, लेकिन भगवान शिव एकमात्र ऐसे देवता हैं, जिनकी पूजा साकार और निराकार दोनों रूप में होती है।

# स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 38 विद्यालयों को किया सम्मानित

## लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया गया था सम्मान समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 में जिला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 38 विद्यालयों को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सम्मानित किया गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने यह सम्मान देते हुए जिला के सभी विद्यालय प्रमुखों का आह्वान करते हुए कहा कि वे भविष्य में अपने विद्यालयों को और अधिक स्वच्छ बनाएं ताकि जिला के विद्यालयों को और अधिक सुंदर बनाया जा सके।

इस कार्यक्रम में कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य, स्कूल इंचार्ज, हेड सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला परियोजना संयोजक (समग्र शिक्षा) कल्पना रंगा की देखरेख में किया गया था। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शशि अहलावत भी उपस्थित रही। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस अवसर पर उपस्थित स्कूलों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला में राजकीय विद्यालयों की संख्या 500 से अधिक है और अगर निजी विद्यालयों के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो यह आंकड़ा अपेक्षाकृत कहीं अधिक है। उन्होंने जिला में विद्यालयों की स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए भागीदारी की सराहना की और कहा कि जिला में इस पुरस्कार के लिए विद्यालयों ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का परिचय देते हुए भाग लिया, जोकि हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय है और जब विद्यालय इस मुहिम से जुड़े हो तो इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों से आए विजेताओं प्रमुखों को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे भविष्य में भी निरंतरता बनाए रखते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।



गुरुग्राम में स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय प्रमुखों को सम्मानित करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

# रेबिज इंजेक्शन के अभाव में गरीबों को हो रही दिक्कत

कविता। फरीदाबाद

आवारा कुत्ते का शिकार हुई बच्ची को बीके अस्पताल लेकर पहुंची उसकी मां को कर्मचारियों ने इंजेक्शन न होने की बात कहकर लौटा दिया। महिला बाहर मेडिकल स्टोर पर पहुंची तो दाम सुनकर होश उड़ गए। महिला वापस कर्मचारी के पास आकर बोली कि अस्पताल में 100 रुपये में लगने वाले इंजेक्शन के लिए कहां से लाऊ 340 रुपये? मेरे पास तो पैसे नहीं हैं। जबकि बच्ची को कुत्ते के काटे के बाद 24 घंटे होने वाले हैं। ऐसे में मैं क्या करूं? कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने शिकायत की है। लेकिन अभी नहीं आए हैं, इसलिए वह कुछ नहीं कर सकते। इस तरह के संवाद बीके अस्पताल में एंटी रेबिज के इंजेक्शन

## महंगाई में कैसे खरीदें 340 रुपये में गरीब व्यक्ति इंजेक्शन

लगवाने को आने वाले मरीजों के तीमारदारों और कर्मचारियों के बीच रोज सुनने को मिलते हैं। अस्पताल में 13 जुलाई से रेबिज के इंजेक्शन समाप्त हैं। लेकिन वेयर हाउस गुरुग्राम में इंजेक्शन न होने से यहां पांच दिन बाद भी इंजेक्शन नहीं पहुंच पाए हैं।

जानकारी के मुताबिक बीके सिविल अस्पताल में प्रतिदिन कुत्ते से काटने के आठ से 10 नए मामले आ रहे हैं। जबकि एक दिन में 60 से 70 लोगों को एंटी रेबीज के टीके लगाए जाते हैं। लेकिन पिछले पांच दिनों से अस्पताल में इंजेक्शन न होने के कारण मरीजों को परेशान होकर वापस लौटना पड़ रहा है। जिले के सिविल अस्पताल में बीपीएल कार्ड धारकों को निःशुल्क और अन्य मरीजों को 100 रुपये देने पर एक इंजेक्शन लगाया जाता है। यह इंजेक्शन बाहर से फिलहाल 340 रुपये का आ रहा है। ऐसे में या तो मरीज अपनी जेब ढीली करके इंजेक्शन खरीदकर लगवा रहे हैं या फिर बिना इंजेक्शन के पैसों के अभाव में लौटने को मजबूर हैं। वहीं जिले में आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान हैं। जिले का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां पर आवारा पशुओं ने लोगों को परेशान न कर रखा हो। रात में एक तरह से सड़कों पर कुत्तों का राज हो जाता है। बाइक सवार के पीछे दौड़ पड़ते हैं। राह चलते लोगों को भी काटने के लिए दौड़ते हैं। आवारा कुत्तों के अलावा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण आए दिन शहर की सड़कों पर हादसे तक हो जाते है। लेकिन इनकी जनसंख्या पर काबू पाने और इन्हें पकड़ने के लिए नगर निगम की टीम फेल साबित हो रही है।



एंटी रेबिज इंजेक्शन न होने पर पीड़ित बच्ची की मां को कार्ड लौटाता कर्मचारी।

# ऑपरेशन आक्रमण के तहत 21 केस दर्ज

फरीदाबाद। पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा 18 जुलाई को पूरे हरियाणा में अपराधियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया था जिसमें पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार 32 पुलिस टीमों का गठन किया गया था जिसमें 4 टीम पुलिस उपायुक्त, 8 टीम सहायक पुलिस आयुक्त 8 टीम थाना प्रभारियों तथा 12 टीम क्राइम ब्रांच प्रभारियों की अगुवाई में कार्यरत थी।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए गए आक्रमण अभियान का उद्देश्य अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर आमजन में सुरक्षा तथा पुलिस व कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करना है। ऑपरेशन आक्रमण के तहत की गई पुलिस कार्रवाई फरीदाबाद में 37 स्थानों पर रेड डाली।

# एयर एशिया में नौकरी दिलवाने के नाम ठगी की 355 वारदातों को दिया अंजाम

## गिरोह के पांच आरोपियों को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों से एक लैपटॉप, एक कंप्यूटर एक फोन, एक चेक बुक और 3 लाख 97 हजार रुपये बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा धोखाधड़ी व साइबर ठगी के मामलों में शामिल आरोपियों को दबोचे से जल्द गिरफ्तारी के दिशा-निर्देश तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने देशभर में ठगी की 335 वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है। जिनकी तलाश की जा रही है और उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।




नौकरी के नाम पर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार युवक मुतीब अहमद, मोहम्मद फैयाज, ललित, मोहम्मद फईम और शहबाज।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुतीब अहमद, मोहम्मद फैयाज, ललित, मोहम्मद फईम तथा शहबाज अहमद उर्फ गोलू का नाम शामिल है। आरोपी मोहम्मद फहीम तथा शहबाज अहमद उत्तर प्रदेश और बाकी तीन आरोपी दिल्ली में रह रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देते हुए इस साइबर ठग गिरोह ने ऑनलाइन नौकरी तलाश की वेबसाइट shine.com का सहारा लेकर फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया।


24 जून 2022 को साइबर पुलिस थाना एनआईटी में दर्ज मामले में पीड़ित सुभाष ने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ छह लाख 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की अगुवाई में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी के माध्यम से मामले में शामिल पांच आरोपियों को उत्तर प्रदेश व दिल्ली एनसीआर एरिया से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में सबसे पहले आरोपी मुतीब तथा फैयाज को 27 जून को गिरफ्तार करके आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। उसकी निशानदेही पर तीन जुलाई को फईम तथा शहबाज को गिरफ्तार कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। आरोपी ललित को नौ जुलाई को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपी दिल्ली के शाहदरा में एक फर्जी कॉल सेंटर चलाते थे। जिसमें वेबसाइट से नौकरी की तलाश कर रहे व्यक्ति से संपर्क करके उन्हें एयर एशिया कंपनी में अच्छे सैलरी पैकेज का लालच देते थे। व्यक्ति के झांसे में आने पर फिल्मी अंदाज में इंटरव्यू लेकर एयर एशिया में चयन का दावा कर फर्जी ऑफर लेटर तैयार करके कुरियर से भेजते थे। जिसके बाद विभिन्न तरह के बहाने बनाकर अपने खाते में पैसे ट्रांसफर करवा कर फोन बंद कर लेते थे।

आरोपियों की उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 118, राजस्थान में 33, तेलंगाना में 33, गुजरात में 27, दिल्ली में 24 तथा केरला की 19 मुख्य वारदातें शामिल है। आरोपी हरियाणा में भी साइबर ठगी की 8 वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपी मुतीब तथा फैयाज को पहले ही जेल भेजा जा चुका था वहीं 10 जुलाई को आरोपी फईम, शहबाज तथा ललित को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# फरीदाबाद और गुरुग्राम के बीच टोल टैक्स में की बढ़ोतरी

## पाली क्रेशर जोन फरीदाबाद टोल टैक्स पर निर्धारित वाहनों के रेट लिस्ट में किया परिवर्तन



टोल की फाइल फोटो।

फरीदाबाद। डीसी जितेन्द्र यादव ने पाली क्रेशर जोन फरीदाबाद में वर्ष 2021 में जारी की गई टोल टैक्स पर लोगों से टोल भरने की अपील की गयी है। लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) हरियाणा सरकार द्वारा जारी आदेश 27 मार्च 2012 के मध्यनजर भेजकर लिखा जाता है कि टोल टैक्स गांव पाली क्रेशर जोन, फरीदाबाद में हरियाणा सरकार लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2021 में जारी रेट लिस्ट के अनुसार टोल टैक्स शुल्क/फीस का भुगतान करवाने का कष्ट करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार व लोक निर्माण विभाग के नोटिफिकेन के अनुसार प्रत्येक 3 वर्ष के पश्चात टोल टैक्स शुल्क / फीस की अदायगी शुल्क में बढ़ोतरी होती है।

उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि टोल से जो टैक्स वसूला जाता है उसी से इस हाइवे की मेंटेनेंस के अलावा कई और काम यहां कराएं जाते है, जिसका फायदा हाइवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को मिल सके। उन्होंने कहाकि दी गई रेट लिस्ट के अनुसार टोल वसूला जाए।

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में नई जारी की गई दरों के अनुसार कार चालकों को एक तरफ से 30 रुपये और आने-जाने के लिए 45 रुपये का टोल टैक्स चुकाना होगा और 3 साल में टोल बढ़ाने का है नियम नए रेट के अनुसार, कार चालकों को एक तरफ के लिए 30 रुपये का भुगतान करना होगा। 24 घंटे के अंदर आने-जाने के लिए 45 रुपये चुकाने होंगे। इससे पहले कार का एक तरफ का 30 रुपये टोल लगता था और आने-जाने के लिए 40 रुपये का भुगतान करना होता था। बस, स्कूल बस के लिए 150 और आने-जाने के लिए 225 रुपये चुकाने होंगे। ट्रक 10 टायर तक लिए 280 और आने-जाने के लिए 420 रुपये चुकाने होंगे। ट्रैक्टर ट्रॉली के लिए 70 और आने-जाने के लिए 105 रुपये चुकाने होंगे। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि बीओटी की शर्तों के अनुसार तीन साल में टोल रेट बढ़ाने का प्रावधान है।

# पेयजल कनेक्शन पीपीपी से लिंक करने का कार्य जारी



फरीदाबाद। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने सीवन खंड के सक्षम युवाओं के साथ समीक्षा बैठक की।

दीपक कुमार ने बताया कि कैथल एक ग्रामीण क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के विश्वास पोर्टल पर 1 लाख 37456 कनेक्शन स्वीकृत हैं, जिनमें से 51647 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 72747 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। 17 जून 2022 से विभाग द्वारा घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने का काम किया गया। जिसके तहत अब तक 13062 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी किया जा चुका है। पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने में ढांड सबसे अव्वल है तो वही राजौंद सबसे फिसड्डी है। ढांड में 4005 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है। कैथल में 3218, पुंडरी में 2191, गुहला में 1171, कलायत में 1148, सीवन में 722 तो वहीं राजौंद में 607 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है। अभी भी जिला कैथल में 72747 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जाना शेष है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार सभी सेवाओं को परिवार पहचान पत्र से लिंक करवा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने नल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से जल्द से जल्द लिंक अवश्य करवा लें।

# जूही बब्बर के नाटक विद लव आपकी सैयारा का मंचन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार मे विद लव आपकी सैयारा नाटक का मंचन करते कलाकार।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में आयोजित किए जा रहे 75 दिवसीय मेगा इवेंट के तहत रविवार रात को सेक्टर 8 स्थित सर्वोदय अस्पताल के सभागार में नाटक विद लव आपकी सैयारा का मंचन किया गया। अभिनेत्री जूही बब्बर सोनी के इस नाटक में महिला सशक्तिकरण को दिखाया गया। मौके पर फरीदाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान बीआर भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

संभार्य फाउंडेशन, सर्वोदय फाउंडेशन, एफआईए व जुनेजा फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद के साथ मिलकर फरीदाबाद में 75 दिवसीय मेगा इवेंट आयोजित कर रहे हैं। इसके तहत हर सप्ताह शनिवार व रविवार को नाटक का मंचन किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को अभिनेता राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर सोनी द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक विद लव आपकी सैयारा का मंचन किया गया। इस नाटक का आयोजन एकजुट थियेटर ग्रुप की तरफ से किया गया। नाटक में एक नए जमाने की महिला की कहानी को दिखाया गया, जिसका तलाक हो चुका है। तलाकशुदा महिलाओं को समाज में किस नजर से देखा जाता है, उसे किस तरह के तानों को सुनना पता है और कैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, यह सब बड़े ही उम्दा तरीके से नाटक में दिखाया गया। जूही बब्बर सोनी ने नाटक में सैयारा का किरदार निभाया जो बहुत ही भावुक व साहसी महिला है। उनके साथ अर्चित मारवाह, समिता जुवाटकर व आकाश चौधरी ने अभिनय किया। नाटक की प्रोडक्शन मैनेजर अनुश्री व टेक्निकल डायरेक्टर रवि मिश्रा रहे। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि इस इवेंट को चलते हुए रविवार को 46 दिन पूरे हो चुके हैं।

# बरसाती पानी के संरक्षण को लेकर दिये आदेश

फरीदाबाद। चेयरपर्सन हरियाणा जलशक्ति अभियान केशनी आनन्द अरोड़ा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फरीदाबाद में बरसाती पानी को संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बेहतर करें। उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने अपने विभागों की प्लान बनाकर सरकार को जानकारी दें। कहा कि बड़ी इमारतों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। केशनी आनन्द अरोड़ा सोमवार को कान्फ्रेंस के जरिये जिला फरीदाबाद के अधिकारियों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में बनाए जा रहे अमृत सरोवर और बरसाती पानी के संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग बेहतर सिस्टम है। इससे भूजल में भी स्तर ठीक रहेगा। जल शक्ति अभियान के तहत बरसाती पानी को सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अच्छा माध्यम है।

## सेक्टर-12 टाउन पार्क से हुई राष्ट्रीय ध्वज सम्मान सप्ताह समारोह की शुरुआत

# राष्ट्रव्यापी तिरंगा सम्मान सप्ताह का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

देश के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में एक सप्ताह के समारोह का शुभारंभ फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित टाउन पार्क में भारी बारिश और खराब मौसम की परवाह किए बिना सैकड़ों तिरंगा सैनिकों ने हर हर तिरंगा घर घर तिरंगा के जयघोष के साथ तिरंगा मार्च निकाला।

भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक हरियाणा शील मधुर ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में एक सप्ताह तक विभिन्न आयोजन कर तिरंगे की गौरव गाथा एवं प्रेरणा के स्त्रोत को जन-जन के द्वारा सम्मान देने की विशेष मुहिम की शुरुआत कर दी गई है। इन्होंने देशवासियों से अनुरोध किया कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान, देश के स्वतंत्र अस्तित्व का प्रतीक है, जिसके सम्मान में स्वतंत्र भारत के 75 वर्षों में पहली बार ऐसा आयोजन कर देशवासियों में इस



सेक्टर 12 टाउन पार्क में आयोजित राष्ट्रीय ध्वज सम्मान सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर मौजूद पूर्व डीजीपी शील मधुर और समाज सेवी।

भावना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साथ ही शील मधुर ने डेढ़ साल से चली आ रही पुरानी मांग को फिर दोहराया कि देश की सरकारें राष्ट्रीय ध्वज दिवस की अविलंब घोषणा करें। उन्होंने बताया कि 22 जुलाई इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त दिन होगा क्योंकि 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने तिरंगे के मौजूदा स्वरूप का सृजन कर स्वतंत्र भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अंगीकरण किया था। श्री मधुर ने यह भी प्रश्न खड़ा किया कि पिछले 75 वर्षों से सरकारें ने इसका प्रावधान कर घोषणा क्यों नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों से यह मांग उनके द्वारा लगातार उठाई जा रही है, फिर भी विलंब क्यों है।

शील मधुर ने इसके साथ ही केंद्र सरकार को हर घर तिरंगा कार्यक्रम लाने पर प्रशंसा की कि उनके द्वारा जनवरी 2021 से शुरू किए (हर-हर तिरंगा- घर-घर तिरंगा) का नारा और प्रयास सफल होता दिख रहा है। बताया कि तिरंगे के सम्मान को और शान को सदैव आगे बढ़ाते रहने के लिए उनके द्वारा गठित की जा रही तिरंगा सेना हमेशा तत्पर और समर्पित रहेगी।

# बीपीटीपी में इन्वेस्टमेंट कार्निवल का आयोजन

फरीदाबाद। एनसीआर स्थित रियल एस्टेट ग्रुप बीपीटीपी ने इन्वेस्टर और डेवेलपर्स को ग्रेटर फरीदाबाद में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक इन्वेस्टमेंट कार्निवल का आयोजन किया। ग्रेटर फरीदाबाद में विभिन्न इन्वेस्टमेंट कॉलोनियों और रियल एस्टेट कॉरिडोर के महत्व से अवगत कराया। ग्रेटर फरीदाबाद में रियल्टी निवेश वृद्धि के मामले में अगली बड़ी चीज बनने की अपार संभावनाएं हैं। ग्रेटर फरीदाबाद में बीपीटीपी के पास सबसे ज्यादा प्लॉट हैं। अगले कुछ वर्षों में आरओआई दोगुना हो गया है। ग्रेटर फरीदाबाद को गेटेड कम्युनिटी के साथ सबसे सुरक्षित गलियारों में से एक माना जाता है और लग्जरी और ग्रीनरी के साथ प्लॉट किए गए विकास होते हैं। आवासीय अपार्टमेंट और प्लॉट किए गए गेटेड कम्युनिटी के आसपास बड़े पैमाने पर कमर्शियल और इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, इसे संभावित रूप से अच्छे भविष्य के साथ आकर्षक निवेश केंद्रों में से एक के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

# पुलिस आयुक्त ने पल्ला थाने का किया निरीक्षण



थाना पल्ला में निरीक्षण के दौरान फरियादी से बातचीत करते पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा।

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा थानों का निरीक्षण करने के लिए फरीदाबाद के पुलिस थाना पल्ला पहुंचे। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त के साथ डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी ट्रैफिक सुरेश कुमार, एसीपी सराय देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि वहां पहुंचकर पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर के रिकार्ड्स चेक करने के पश्चात साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के हर पुलिसकर्मी तथा वहां पर कार्य करने वाले सफाई कर्मी, कुक तथा वाटर कैरियर से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी मुलाजिम को यदि किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह खुल कर उन्हें बता सकते हैं। उनके द्वारा उस मुलाजिम की हर संभव सहायता की जाएगी।

थाने का निरीक्षण करने के पश्चात पुलिस आयुक्त ने थाने में आए शिकायतकर्ताओं से पुलिस अधिकारियों व अनुसंधान अधिकारियों द्वारा पीड़ितों की शिकायत के मामलों में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में स्वयं बातचीत की जिसमें उन्होंने पुलिस अधिकारियों के व्यवहार व पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उसपर कानून के तहत कार्रवाई करने, थाने में शिकायतकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था तथा पानी की उपलब्धता के बारे में फीडबैक लिया जिसमें शिकायतकर्ता काफी हद तक संतुष्ट दिखाई दिए। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस अधिकारियों के बातचीत करने के व्यवहार तथा मामलों में कार्रवाई के बारे में पुलिस प्रशासन के कार्यों की सराहना की।

# संक्षिप्त समाचार

## बांटे 251 तुलसी के पौधे



कल्पना चावला पार्क में लोगों को पौधे वितरित करते श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट के सदस्य।

बल्लभगढ़। श्री श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट बल्लभगढ़ ने मंगलवार को कल्पना चावला सिटी पार्क में 251 तुलसी के पौधे पार्क में घूमने आने वालों को दिए और पार्क में आने वालों को वृक्षों के महत्व के बारे में बताया। ट्रस्ट के प्रधान गोपाल गोयल ने बताया कि बारिश के इस मौसम में ट्रस्ट छायादार पेड़ भी लगाएगा। इस अवसर पर संजीव त्यागी, नीरज, दिनेश, अमित, दीपू, अमित, गोयल व योगेंद्र गौतम उपस्थित रहे। ट्रस्ट के सामाजिक कार्य की पार्क में सभी ने सराहना की।

## योग के माध्यम से प्रकृति से जुड़ें छात्र : कुलपति



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ मुख्य अतिथि सुनील गुप्ता, कुलपति प्रो. एसके तोमर और अन्य।

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. एसके तोमर ने छात्रों से प्रकृति और पर्यावरण की निःस्वार्थ सेवा के लिए खुद को समर्पित करने और योग को अपनी जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए आह्वान किया। प्रो. तोमर विवि द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगाचार्य सुनील गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई माह को हरियाली पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इस अवसर को विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय आगमन पर प्रो. तोमर ने सुनील गुप्ता को एक पौधा भेंट कर स्वागत किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (कॉलेज) प्रो. तिलक राज, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह, पर्यावरण इंजीनियरिंग की अध्यक्ष (प्रभारी) डॉ. रेणुका गुप्ता, और डीएसडब्ल्यू कार्यालय व वसुंधरा ईसीओ क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सुनील गुप्ता ने अभियान में हिस्सा लेते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान पर बेल का पौधा भी लगाया। योगाचार्य सुनील गुप्ता ने अपने योग ज्ञान के माध्यम से कोरोना महामारी के दौरान लोगों की मदद और मार्गदर्शन करने में अहम भूमिका निभाई। कुलपति प्रो. तोमर ने विद्यार्थियों के लिए निःस्वार्थ योग सेवा की पेशकश करने पर योगाचार्य का आभार व्यक्त किया और कहा कि योग केवल एक अभ्यास नहीं है बल्कि यह हमारी भारतीय संस्कृति का अटूट हिस्सा है जो दुनिया में सबसे बेहतरीन है।

## श्रीराम मंदिर परिसर में लगा जांच शिविर



जवाहर कॉलोनी स्थित श्री राम मंदिर में आयोजित शिविर में रोगी की जांच करते डॉक्टर।

फरीदाबाद। जवाहर कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में प्रधान रामजुनेजा के नेतृत्व में सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से निशुल्क हड्डी व जोड़ रोग, सांस रोग व नेत्र रोग जांच शिविर लगाया। 250 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। प्रधान राम जुनेजा ने बताया कि इन रोगों के अलावा थायराइड, कोलेस्ट्रोल व पीएफटी जांच भी निःशुल्क की गई। सिविल अस्पताल के सहयोग से कोरोना वैक्सीन कैम्प भी आयोजित किया। प्रधान जुनेजा ने बताया कि अब तक श्रीराम मंदिर परिसर में 22 बड़े स्वास्थ्य जांच शिविर के अलावा 98 कोरोना वैक्सीन कैम्प भी आयोजित किए जा चुके है। हड्डी विशेषज्ञ डॉ. शशांक, जनरल फिजीशियन डॉ. अभिषेक, डॉ. अतुल, नेत्र रोग के डाक्टर गोल्डी, चेतन, आकाश, यतेन्द्र, मनोज, रोहित, सत्यप्रकाश, चंदन, पारुल, प्रिया, राजू, अनिल, अरुण के अलावा अमित चक्रवती, राहुल कथूरिया, ईश्वर गोयल, ललन, पं. अमित शास्त्री, पं. श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

## निजी स्कूलों का ऑडिट कराए बिना किया तीन लाख का भुगतान

फरीदाबाद। चेयरमैन फीस एंड फंड्स रेगुलेटरी कमेटी (एफएफआरसी)कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद ने किसी भी प्राइवेट स्कूल का ऑडिट नहीं कराया। जब कि इस कार्य के लिए रखे गए ऑडिटर कम सीए को सरकारी खजाने से तीन लाख का भुगतान कर दिया। हरियाणा अभिभावक एकता मंच द्वारा एफएफआरसी में लगाई गई एक आरटीआई के संबंध में जब यह जानकारी मंच को मिली तो मंच ने चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर फरीदाबाद की कार्रवाई की शिकायत मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा से करके उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि हरियाणा सरकार ने शिक्षा नियमावली में संशोधन करके चेयरमैन एफएफ आरसी कम मंडल कमिश्नर को यह अधिकार दिया था कि वह प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की प्राप्त शिकायतों के आधार पर और इसके अलावा प्रत्येक कैटेगरी के प्राइवेट स्कूलों में से लॉटरी के माध्यम से निकाले गए 5 प्रतिशत स्कूलों के खातों की जांच करें और ऑडिट कराएं। इसके लिए एक अनुभवी व योग्य सीए की वार्षिक मानदेय के आधार पर नियुक्ति की जाए। 18 फरवरी 2019 को सीए की नियुक्ति की गई। मंच का कहना है कि चेयरमैन एफएफआरसी ने 2 साल तक किसी भी स्कूल का ऑडिट नहीं कराया तो मंच ने 13 जुलाई 2021 को चेयरमैन एफएफआरसी को पत्र लिखकर कहा प्राइवेट स्कूलों का ऑडिट कराया जाए। इस बारे में आरटीआई लगाकर भी पूछा गया कि 2018 से लेकर 2022 तक नियमानुसार कितने मिडिल हाई स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का प्रत्येक वर्ष अनुसार 5प्रतिशत के हिसाब से ऑडिट किया गया है उन सभी का नाम व पूरा ब्योरा प्रदान किया जाए और ऑडिट कराने के लिए सीए की उसकी नियुक्ति से लेकर अब तक सरकारी खजाने से कितना मानदेय व शुल्क प्रदान किया गया है उसकी जानकारी दी जाए।

## रोटरी क्लब ऑफ अरावली ने किया पौधारोपण



सेक्टर 16 स्थित जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पौधा रोपण करते रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली के सदस्य।

फरीदाबाद। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। बगैर पौधों को लगाए मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। हमें पर्यावरण की सुरक्षा करना चाहिए। यह बात 'नया भारत, मैं हूं भारत' अभियान के तहत सेक्टर-16 स्थित जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण करने उपरांत रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अरावली की अध्यक्ष अल्पिका गर्ग ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी डा. मुनेश चौधरी ने की। इस दौरान करीब 250 पौधे रोपे गए जिनमें आम, पीपल, बरगद व जामुन के अलावा भी कई अन्य प्रकार के पौधे शामिल रहे। अल्पिका गर्ग ने कहा कि पौधारोपण करना एक पुनीत सेवा कार्य है। वह इन पौधों को बड़े पेड़ बनने तक उनकी नियमित देखभाल करें। असिस्टेंट गवर्नर संजय अरोड़ा और उनकी धर्मपत्नी, प्रशांत गर्ग, गौरव अरोड़ा, राजेश अरोड़ा, सोनिया अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, सुमित बोहरा, मेघा बोहरा, वैशाली सूद, मृणाल प्रसाद, राजा जिंदल, राहुल ग्रोवर, विनीत जैन, रोटेक्ट यश अरोड़ा व उनकी टीम तथा सांभरिये फाउंडेशन से अभिषेक व अनेक बच्चे उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री की चेतावनी

## खैरात खतरनाक

**प्रधानमंत्री** ने उचित ही खैरातों के खिलाफ चेतावनी दी है जिससे राजनेताओं को तो लाभ होता है, पर विकास व भविष्य का नुकसान होता है। खैरातों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चेतावनी बहुत सही समय पर आई है। उन्होंने मुफ्त 'रेवड़ियां बांटने' के व्यवहार की आलोचना करते हुए कहा, 'यह बहुत बड़ी चुनौती है। यदि इस पर अभी ध्यान नहीं दिया गया तो यह भारत के नौजवानों व वर्तमान पीढ़ी को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। आपका वर्तमान भटक जाएगा और आपका भविष्य अंधकार में डूब जाएगा। इसी कारण फौरन जागना बहुत जरूरी है। आजकल हमारे देश में खैरातें बांट कर वोट इकट्ठा करने की संस्कृति शुरू करने के सभी प्रयास हो रहे हैं।' उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, इस संस्कृति वाले नेता 'कभी आपके लिए नए एक्सप्रेसवे, हवाईअड्डे या डिफेंस कारीडोर नहीं बनाएंगे। उनको लगता है कि वे खैरात बांट कर लोगों को खरीद लेंगे।' हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, पर संदेश पहुंच गया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी पर कुछ गैर-जिम्मेदार लोकरंजक कदमों की जिम्मेदारी है। उन्होंने फौरन प्रधानमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए हैं, पर मैं पूछना चाहता हूं कि मेरी गलती क्या है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 18 लाख छात्र पढ़ रहे हैं। हम उनको मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं। क्या मैं उनको मुफ्त अच्छी शिक्षा देकर अपराध कर रहा हूं?' दु:ख की बात है कि यह तार्किक प्रतिक्रिया नहीं है। मुफ्त शिखा कोई खैरात नहीं है, पर महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, मुफ्त बिजली और पानी,



आदि हैं। इससे भी ज्यादा दु:ख की बात है कि न केवल आप, बल्कि भारतीय जनता पार्टी समेत सभी पार्टियां खैरातें बांट कर वोट बटोरने का प्रयास कर रही हैं। राज्य स्तर पर स्थिति खासतौर से खराब है। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई के अध्ययन में यह तथ्य रेखांकित किया गया है। इसके अनुसार, 'हम 10 अत्यधिक दबाव वाले राज्यों की पहचान कर सकते हैं जिनकी स्थिति कर्ज-जीडीपी अनुपात की आवश्यक स्थिति को देखते हुए ठीक नहीं है। अत्यधिक दबाव वाले राज्यों में बिहार, केरल, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल हैं।' पंजाब का कर्ज-जीएसडीपी अनुपात सबसे खराब है और अनुमान है कि यह न केवल ऐसा बना रहेगा, बल्कि 2026-27 में 45 प्रतिशत से अधिक जा सकता है। इसके बावजूद राज्य की आप सरकार ने घोषणा की है कि 51 लाख परिवारों को सितंबर से कोई बिजली भुगतान नहीं करना होगा क्योंकि सरकार ने 1 जुलाई से शुरू होने वाले हर बिलिंग चक्र में 600 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया है। पंजाब में लोकरंजकता सभी सीमायें तोड़ रही है। लेकिन मुफ्त बिजली एक नशे की तरह राजनीति व अर्थनीति को प्रभावित कर रही है। इसके साथ ही अन्य लोकरंजक उपाय भी राज्यों के स्तर पर सार्वजनिक वित्त को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि कर्जों की माफी विचारहीन लोकरंजकता का सबसे अच्छा या सबसे बुरा उदाहरण है। वे नैतिक रूप से निन्दनीय हैं क्योंकि यदि किसी ने कर्ज लिया है तो उसे वह अदा क्यों नहीं करना चाहिए? इसके साथ ही वे राजकोषीय रूप से विनाशकारी हैं। दीर्घकालीन रूप से वे लक्षित लाभार्थियों को ही नुकसान पहुंचा सकते हैं क्योंकि कर्जदाता किसानों को कर्ज देने से हिचक सकते हैं। इस प्रकार दीर्घकालीन रूप से हम श्रीलंका की स्थिति में आ सकते हैं।

# जलवायु परिवर्तन व धरती पर जीवन रक्षा

आधुनिक तकनीकें जैव-विविधता प्रबंधन में प्रभावी हैं, लेकिन टिकाऊ उपभोग व उत्पादन व्यवहारों का कोई विकल्प नहीं है।



**बी.के.पी. सिन्हा**
(लेखक, पूर्व प्रमुख वन संरक्षके हैं)



धरती पर जीव रूपों में बहुत विविधता है जिसमें बैक्टीरिया से लेकर पौधे और जानवर शामिल हैं। धरती पर कोई भी जीव अन्य जीवों के प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन के बिना जीवित नहीं रह सकता है। ये प्रजातियां व जीव एक परिस्थितिकी में साथ काम कर संतुलन तथा जीवन को बनाए रखते हैं। इस प्रकार जैव-विविधता में ने केवल विभिन्न प्रजातियों की किस्में, बल्कि उनकी भीतरी और बाहरी तथा परिस्थितिकी तंत्रों के बीच भिन्नतायें भी शामिल हैं। इसमें भिन्न परिवेश व परिस्थितिकी प्रतिक्रियायें भी शामिल हैं। जैव-विविधता से मनुष्यों को अनेक प्रकार के आवश्यक संसाधन व परिस्थितिकी तंत्र की सेवायें मिलती हैं जिनमें खाद्य पदार्थों का उत्पादन, पौधों का परागण, हवा एवं जल का शुद्धीकरण तथा जनवायु का स्थिरीकरण शामिल हैं। इससे टिकाऊ विकास लक्ष्य प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। इन लक्ष्यों में भूख की समाप्ति, धरती व मृदा की गुणवत्ता शामिल, भूमि क्षरण रोकना, खाद्य सुरक्षा मजबूत करना, भावी महामारियों पर विराम तथा कृषि, मत्स्यपालन, वनीकरण, आदि से रोजगार सृजन भी शामिल है। लेकिन दुनिया वर्तमान समय में जैव-विविधता के अभूतपूर्व नुकसान का सामना कर रही है। एक मिलियन से अधिक प्रजातियां विनष्ट होने के कगार पर हैं और हम इनके व्यापक विनाश के छठे चरण का अनुभव कर रहे हैं। यह डाइनोसारों की विलुप्ति के बाद सबसे खतरनाक चरण है। इस संकट के सर्वाधिक उल्लेखनीय संचालकों में परिस्थितिकी का नुकसान, अति-दोहन, घुसपैठ करने वाली प्रजातियां, विभाजन, प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन हैं। हालिया जलवायु परिवर्तनों में बढ़ते तापमान, बरसात की प्रवृत्तियों में परिवर्तन, आत्यन्तिक मौसमी घटनाओं में वृद्धि, प्रजातियों की सहनसीमा में बाधा तथा पोषण चक्र प्रक्रियाओं में परिवर्तन हैं।


संभव है कि इन परिवर्तनों से घुसपैठ करने वाली प्रजातियों को अधिक अवसर मिलें जिससे पहले से स्वयं को बदलती पर्यावरणीय स्थितियों के अनुकूल ढालने का प्रयास करने वाली प्रजातियों पर और दबाव पड़े। परिस्थितिकी तंत्रों में विभाजन का कारण खेतों और सड़कों के लिए खाली क्षेत्र घुसपैठ करने वाली विदेशी प्रजातियों को और अवसर देते हैं। इससे अनेक प्रजातियों का जीवन संकट में पड़ सकता है क्योंकि इन्ब्रीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। अत: जैव-विविधता बचाए रखने के लिए पर्यावास व परिस्थितिकी का संरक्षण जरूरी है क्योंकि कोई जीव अकेले नहीं रह सकता है। जैव-विविधता की निगरानी तथा उस पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के लिए सभी संभावित क्षेत्रों से डेटा की आवश्यकता है। इससे बेहतर संरक्षण रणनीतियां बनाई जा सकती हैं। हालांकि, इसके लिए सभी पक्षों की ओर से ज्यादा समन्वित, सुसंगत व रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें वैज्ञानिक, जीवविज्ञानी, परिस्थिति विज्ञानी, सरकार, निजी क्षेत्र, वन क्षेत्र, सिविल सोसाइटी व लोग शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से जीव-भौगोलिक सर्वेक्षण संरक्षा के लिए प्रयोग किए जाते रहे हैं जिनमें पेशेवर शोधकर्ता, रेंजर, आदि घंटों का फील्ड वर्क कर नतीजे निकालते हैं, लेकिन यह वर्तमान संरक्षण लक्ष्यों के लिए काफी नहीं है। खासकर ट्रापिकल व दुर्गम क्षेत्रों में सर्वेक्षण बहुत जटिल व चुनौतीपूर्ण है। लेकिन स्थानीय स्तर पर एकत्र डेटा से मानव गतिविधियों के वैश्विक परिणामों का अनुमान लगाना बहुत कठिन है। लेकिन हालिया तकनीकों ने अनेक मोर्चों पर फील्ड डेटा एकत्र करना तथा बड़े डेटाबेस का विश्लेषण आसान बना दिया है। इससे परिस्थितिकी तंत्रों के बारे में मनुष्यों की समझदारी बढ़ रही है। उदाहरणार्थ, सेटेलाइट छवियों की बढ़ती उपलब्धता से परिस्थितिकी सर्वेक्षण व निगरानी के डेटा संग्रह में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। इसी प्रकार आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस-एआई के प्रयोग से संकटग्रस्त प्रजातियों के बारे में गत्यात्मकताओं का पता लगाया जा सकता है। निगरानी, चित्रों के संग्रह, सुरक्षा, जानवरों की गिनती, शिकार के प्रबंधन, शोध, आदि के बारे में अनेक गणितीय माडलों का विकास किया जा सकता है। वर्तमान समय में दुनिया भर में सेटेलाइटों का प्रयोग तापमान, स्थिति, नमी, आदि के डेटा एकत्र करने में हो रहा है। इन परिस्थितिकी सूचनाओं तथा भू-स्थैतिक डेटा के साथ प्रजातियों को खतरे का आंकलन किया जा सकता है। हैबीटैट मैप या भूमि आच्छादन डेटा का प्रयोग आमतौर से सेटेलाइट छवियों के विश्लेषण में किया जाता है। इसका प्रयोग प्रजातियों की उपस्थिति या अनुपस्थिति, वनस्पतियों के प्रकार तथा परिस्थितिकी के अन्य तत्वों को दर्ज करने में होता है। इन तरीकों से तेजी से बदलते क्षेत्रों का गहन सर्वेक्षण किया जा सकता है। रिमोट सेंसिंग से धरती तथा जलीय परिदृश्यों का तेजी से व बार-बार विश्लेषण हो सकता है जिनमें रासायनिक विश्लेषण के साथ भूगर्भीय आयाम तथा जैव-वैज्ञानिक प्रक्रियायें शामिल हैं। ये समय पर कार्रवाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इनसे संरक्षण जीव-वैज्ञानिकों को जैवविविधता के महत्वपूर्ण बिंदुओं का आंकलन करने, स्वस्थ पर्यावास बनाए रखने तथा खाद्य संजाल व अत्यधिक मानव हस्तक्षेप का पता कर प्रजातियों के संरक्षण में सहायता मिलती है।

परंपरागत तरीकों से इस प्रकार की निगरानी संभव नहीं थी, थकाने वाली थी तथा रेंजरों द्वारा निगरानी के लिए ज्यादा संख्या में रेंजरों की जरूरत थी। सौभाग्य से आज वन्यजीवों की निगरानी की अनेक तकनीकें उपलब्ध हैं जो हमें प्राथमिकता क्षेत्रों का पता लगाने, जानवरों के आवागमन पर नजर रखने, अत्यधिक संकटग्रस्त प्रजातियों का पता लगाने तथा प्राकृतिक विभीषिकाओं व अवैध गतिविधियों से बचाव में सहायक होती हैं। इन निगरानी व्यवस्थाओं से एकत्र डेटा ऐसे व्यापक हाई-रिज़ोल्यूशन डेटासेट तैयार करने में सहायक होते हैं जिनके माध्यम से जानवर अपना परिवेश देखते, परस्पर व्यवहार करते तथा अपने परिवेश के प्रति प्रतिक्रिया करते हैं। एआई सक्षम रोबोट या ड्रोन छवियों से तैयार डेटासेटों का प्रयोग प्रजातियों की पहचान, जानवरों के सामाजिक समूहों की पहचान तथा उनकी संख्या, स्थिति, विस्थापन पैटर्न, दैनिक गतिविधियों, पर्यावास तथा बार-बार किए जाने वाले व्यवहारों का पता लगाने में होता है। इनमें प्रजनन के पैटर्न, चारे के लिए आवागमन के रास्ते, शिकार वाले स्थान, आदि शामिल हैं। शोधकर्ता इमेज क्लासीफिकेशन गणितीय माडलों से लैसे उड़ने वाले रोबोटों का प्रयोग कर समुद्री एल्गी की घुसपैठ करने वाली प्रजातियों का पता उनके द्वारा जड़ें जमाने के पहले ही कर लेते हैं। इसके साथ ही ड्रोनों के प्रयोग से मृदा के प्रकार, ढलान व प्रतियोगी वनस्पतियों का पता लगा कर आदर्श सीडिंग स्थलों का पता लगाया जा सकता है। ए-आई सक्षम समुद्री सेंसरों के प्रयोग से संरक्षणवादी समुद्री जल के नीचे का परिस्थितिकी तंत्र समझने में सफल रहे हैं। इनके प्रयोग से प्रजातियों के व्यवहार तथा किसी खास द्वीप के आसपास उनकी उपस्थिति का पता लगाया जा सकता है। इसमें ध्वनि तरंगों का व्यापक प्रयोग होता है। इन सेंसरों के प्रयोग से चेनसा, वाहनों तथा बंदूकें चलने का पता लगा कर अधिकारियों को फौरन शिकारियों, अवैध खनन या पेड़ काटने के बारे में जानकारी दी जा सकती है। इसी प्रकार कैमरा ट्रैप से संरक्षणवादी बिना कोई हस्तक्षेप किए निगरानी कर संकटग्रस्त प्रजातियों तथा अत्यधिक दुर्गम क्षेत्रों में मनुष्यों की उपस्थिति का पता लगा सकते हैं। इस प्रकार विकृतियां या खतरे के संकेत फौरन सामने आ जाते हैं। पर्यावरणीय डीएनए के प्रयोग से संरक्षणवादी जल्दी से व आसानी से जल व मृदा नमूनों की जांच कर जानवरों के डीएनए का पता लगा सकते हैं। इससे अज्ञात प्रजातियों का पता लगा कर किसी क्षेत्र में उनके बेहतर संरक्षण के प्रयास हो सकते हैं।

ये संरक्षण तकनीकें विज्ञान का तेजी से क्षेत्र विस्तार कर रही हैं, संरक्षण के अवसर मजबूत कर रही हैं तथा वैज्ञानिकों, परिस्थितिकीविदों, फारेस्टरों, नीति निर्माताओं व अन्य लोगों की सहायता कर रही हैं। इनसे राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व प्रजातियों के स्तर पर जटिल प्राकृतिक परिवेश समझने में सहायता मिलती है। लेकिन मानव तकनीक पूरी तरह प्राकृतिक तकनीक का स्थान नहीं ले सकती है जो लाखों सालों से विकसित हो रही है और जिसने धरती पर जीवन बनाए रखने की आवश्यक सेवायें उपलब्ध कराई हैं। ऐसे मानक आर्थिक व्यवहारों से प्रकृति का संरक्षण चुनौतीपूर्ण है जो संसाधनों के संबंध में टिकाऊ मुद्दों की अनदेखी करते हैं या पर्यावरण पर अत्यधिक दबाव डालते हैं। हमारी सभ्यता की सफलता ज्यादातर विविधतापूर्ण, उत्पादक प्राकृतिक दुनिया तथा स्थिर जलवायु पर निर्भर है। इसलिए राष्ट्रीय व क्षेत्र संबंधी नीतियों के साथ ज्यादा टिकाऊ उत्पादन व उपभोग व्यवहार जलवायु व जैव-विविधता चुनौतियों को एकसाथ संबोधित करने के लिए जरूरी हैं।

# पश्चिम में सफल बहु-सांस्कृतिक प्रयोग

**गुईन डायर**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



इंग्लैंड और वेल्स में केवल 14 प्रतिशत लोग अश्वेत हैं, फिर भी प्रधानमंत्री के रूप में बोरिस जॉनसन की जगह लेने के लिए आए प्रतिस्पर्धारत आधे उम्मीदवार अश्वेत हैं। यहां एक दिलचस्प तथ्य है। इंग्लैंड और वेल्स में केवल 14 प्रतिशत लोग काले, एशियन, मिश्रित या अन्य (अर्थात अश्वेत) हैं। फिर भी कंजरवेटिव पार्टी के नेता के रूप में बदनाम ब्रिटिश प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन की जगह लेने की होड़ में आधे उम्मीदवार-और इसलिए संभावित नए प्रधान मंत्री अश्वेत हैं। प्रधानमंत्री पद के वर्तमान समय में आठ उम्मीदवारों में से चार अश्वेत हैं।

यदि आप ब्रिटेन की वर्तमान स्थिति के बारे में चिंतित हैं, तो प्रसन्न हो जाएं क्योंकि यह लेख ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी में आंतरिक संघर्ष के बारे में नहीं है। न केवल मैं नहीं जानता कि कौन रेस जीतेगा, बल्कि मैं खुद को इसके बारे में ज्यादा परवाह करने के लिए कोई तर्क पेश नहीं कर सकता। रूढ़िवादी 2024 में संभवत: राजनीतिक रूप से परिवर्तनशील महत्वपूर्ण लोग हैं, चाहे वे किसी को भी चुनें।

मंगलवार शाम तक केवल आठ उम्मीदवार मैदान में रह गए थे, क्योंकि अन्य उम्मीदवारों में से तीन पहला चरण पार करने के लिए पर्याप्त कंजर्वेटिव सदस्यों (सांसदों) का समर्थन हासिल करने में विफल रहे। लेकिन बीच राह गिरने वाले बाकी तीनों भी तकनीकी रूप से 'दृश्यमान अल्पसंख्यक' थे: साजिद जाविद, रहमान चिश्ती और प्रीति पटेल।

जो आठ बच गए थे, वे थे: केमी बैडेनोच (इंग्लैंड में जन्मे, नाइजीरियाई मूल), सुएला ब्रेवरमैन (भारतीय मूल, इंग्लैंड में पैदा हुए), जेरेमी हंट (इंग्लैंड में पैदा हुए अंग्रेजी मूल), पेनी मॉर्डेंट (इंग्लैंड में पैदा हुए अंग्रेजी मूल), ऋषि सुनक (भारतीय मूल के, इंग्लैंड में पैदा हुए), लिज ट्रस (इंग्लिश मूल, इंग्लैंड में पैदा हुआ), टॉम तुगेंदहत (इंग्लिश मूल, इंग्लैंड में जन्मे), और नादिम जहावी (कुर्द वंश, इराक में जन्मे)।

अधिकांश उम्मीदवार शायद धार्मिक रूप से अविश्वासी हैं, लेकिन ब्रिटेन में भी सार्वजनिक रूप से ऐसा कहने के लिए एक मामूली राजनीतिक कीमत चुकानी पड़ती है। तो तीन उम्मीदवार कम से कम नाममात्र के प्रोटेस्टेंट हैं, दो कैथोलिक हैं, दो हिंदू हैं और एक मुस्लिम है। और उनमें से आधी महिलाएं हैं। विविधता को सलाम, लेकिन इससे हमें यूनाइटेड किंगडम या ब्रिटेन, पश्चिम दुनिया और बाकी दुनिया के धार्मिक विश्वासों और उनके बारे में आम लोगों की धारणा के बारे में क्या पता चलता है? यह विवरण ब्रिटिश राजनीति में विविधता के बारे में जितना लगता है उससे कम बताता है, क्योंकि वास्तव में संसद के 65 सदस्य जो अश्वेत हैं, वे ठीक 10 प्रतिशत सांसद हैं, हालांकि सामान्य आबादी में अश्वेतों की संख्या 14 प्रतिशत है। लेकिन 1988 के बाद से हर आम चुनाव में अश्वेतों का अनुपात बढ़ रहा है, और शायद जल्द ही वे ब्रिटेन में जनसंख्या के जातीय स्वरूप को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करने लगेंगे।

लेकिन अगले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के लिए पूर्णतया आधे दावेदार अश्वेत हैं? सचमुच? इसे कोई कैसे समझा सकता है, खासकर जब कंजरवेटिव की संसद में आधी से अधिक सीटें होने के बावजूद अश्वेत सांसदों में उनका केवल एक तिहाई हिस्सा है?

यह शायद हाल के अप्रवासियों की पुरानी कहानी है जो न केवल फिट होने के लिए बल्कि उभरने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं, क्योंकि कुछ मूल-निवासियों की शत्रुता उन्हें असुरक्षित महसूस कराती है। और जो लोग किसी भी समाज में आर्थिक और पेशेवर रूप से सफल होने वाले अधिकांश लोगों की तरह उभरने में कामयाब हैं, वे मानते हैं कि उनकी सफलता मुख्य रूप से उनके अपने प्रयासों के कारण है। यह एक ऐसा विश्वास है जो स्वाभाविक रूप से उन्हें रूढ़िवादी राजनीतिक दलों की ओर आकर्षित करेगा, और उनके बीच उभरने का कठिन प्रयास करेगा, इसलिए इसमें कोई रहस्य नहीं है, कोई चमत्कार भी नहीं है।

उल्लेखनीय बात यह है कि श्वेत ब्रिटिश बहुमत, जो अभी भी एक पीढ़ी पहले स्पष्ट रूप से नस्लवादी था, अब प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवारों की सूची से काफी संतुष्ट है, जिसमें से आधे अश्वेत हैं। उनमें से कोई भी केवल प्रतीकात्मक उम्मीदवार नहीं है, कोई भी, और संभावित विजेता ऋषि सुनक हैं। किसी ने खासतौर से इस बात पर गौर भी नहीं किया है कि उनमें से आधी महिलाएं हैं।

क्या यह परिवर्तन शेष 'पश्चिम' में भी हो रहा है? हां, लेकिन अलग-अलग गति से। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड सभी लगभग एक-चौथाई 'दृश्यमान अल्पसंख्यक' (क्रमश: 24 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 30 प्रतिशत) बनते हैं, मगर केवल न्यूजीलैंड में सांसदों का समान अनुपात है। कनाडा संसद में दिखाई देने वाले 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों पर लगाम लगाता है, और ऑस्ट्रेलिया केवल 7 प्रतिशत के साथ पिट जाता है। वे महिला सांसदों के साथ बेहतर करते हैं : कनाडा में 30 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 39 प्रतिशत, न्यूजीलैंड में 49 प्रतिशत। जर्मनी लगभग ब्रिटेन जैसा ही है : देश में 14 प्रतिशत अल्पसंख्यक दिखाई देते हैं, लेकिन बुंडेस्टाग में केवल 11 प्रतिशत सीटें हैं। फ्रांस ज्यादा बदतर हालत में है: नेशनल असेंबली में 577 डिप्टी में से केवल नौ सदस्य अश्वेत हैं, हालांकि वे आबादी का 15 प्रतिशत हिस्सा हैं। वे संसद में भी महिलाओं के साथ अच्छा नहीं कर रहे हैं : जर्मनी में केवल 25 प्रतिशत और फ्रांस में 27 प्रतिशत। अब तक संयुक्त राज्य अमेरिका ही एकमात्र 'पश्चिमी' देश है जिसके पास सरकार का एक अश्वेत प्रमुख (बराक ओबामा) था, हालांकि ब्रिटेन में भी जल्द ही एक अश्वेत प्रधानमंत्री हो सकता है। हालांकि, अन्य मामलों में, अमेरिका पिछड़ा हुआ है: अमेरिकी कांग्रेस में केवल 23 प्रतिशत अश्वेत हैं, हालांकि वे आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हैं-और कांग्रेस की 27 प्रतिशत सदस्य महिलाएं ही हैं।

और शो वहीं रुक जाता है। पश्चिमी यूरोप एवं विदेशों में इसके संरक्षित देशों के अलावा, शायद ही कोई इस तरह का प्रयोग बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक प्रवास द्वारा संचालित वास्तव में बहु-सांस्कृतिक लोकतंत्र बनाने के लिए कर रहा हो। हम पहले ही यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ये उभरते हुए बहु-सांस्कृतिक समाज निराशावादियों की तुलना में बहुत कम अशांत और असमान हैं (संयुक्त राज्य के संभावित अपवाद के साथ)। मगर यह देखा जाना बाकी है कि वे लंबे समय में बहु-सांस्कृतिक समाज को विस्तार देने से क्या लाभ प्रदान कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से इस स्थिति को बहुत अच्छा कहा जा सकता है।

## आप की बात

### विपक्ष की स्थिति

**विपक्ष** यही समझता है कि उसका मतलब सरकार की हर बात, हर काम और हर नीति की आलोचना करना और सरकार का किसी भी कार्य में सहयोग नहीं देना है? जो काम पिछली सरकारें करती चली आई हैं उन्हीं के अनुरूप परिपत्र निकालने की प्रक्रिया भी उन्हें क्यों नहीं ठीक लग रही है? संसद परिसर लोकतंत्र का मंदिर है न कि धरना, प्रदर्शन, अव्यवहारिकता और हंगामे मचाने का स्थल। उसके लिए संसद के बाहर देश-भर की सड़कें स्वतन्त्र हैं अहिंसक तरीके से धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस निकालकर अपनी बात जनता में और जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए। पहले के विपक्ष ने 70 साल में भी अपना आपा नहीं खोया और अब विपक्ष 7-8 साल में ही समझ-संतुलन खोता जा रहा है और न तो खुद को परिपक्व बना पा रहा है, न ही सरकार को समझ पा रहा है, न ही जनता के मूल मुद्दों को सुलझाने के लिए संसद के पटल पर ठीक से रख पा रहा है। यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर कब होगा परिपक्व विपक्ष और कब सूझबूझ व समझ से तर्कसंगत विचार अथवा बहस संसद के पटल पर रखकर देश के विकास में सहभागी हो पायेगा?

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### जलवायु परिवर्तन की विभीषिका

**कहते** हैं न, जान है तो जहान है। जलवायु परिवर्तन के बारे में जब भी चर्चा होती है, समाचार पत्रों में कुछ पढ़ने को मिलता है, टीवी डिबेट होते हैं। तब हमें प्रतीत होता था, ना जाने क्यों मीडिया वाले इस विषय को तिल का ताड़ बना रहे हैं। मगर अब जब मौसम का उलटफेर की मार समूची धरती झेलना शुरू कर चूकी है। तब लग रहा है कि जलवायु परिवर्तन की विभीषिका अब हमारे दरवाजे पर भी, किसी भी समय दस्तक दे सकती है। रूस के साइबेरिया को धरती के सबसे ठण्डे क्षेत्रों में से एक माना जाता था। मगर दो वर्ष पूर्व जब वहां के लोगों को 35 से 40 डिग्री का तापमान झेलना पड़ा। इधर इस पूरे सप्ताह समूचे यूरोप का तापमान 30 डिग्री से लेकर 45 डिग्री तक पहुंच गया है। पुर्तगाल तो पिछले सप्ताह 47 डिग्री तापमान को झेलने को मजबूर हुआ जहां गर्मी के कारण 238 लोगों की मृत्यु हुई है। स्पेन में गर्म हवाओं और अधिक तापमान के चलते 360 लोग मारे गए हैं। फ्रांस, ग्रीस, ब्रिटेन, मोरक्को, क्रोएशिया, तुर्की अदि में लू चल रही है। ठंडेपन व बर्फबारी वाले यूरोप में इस तरह की भीषण गर्मी पड़ना जलवायु परिवर्तन की विभीषिका स्पष्ट करता है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### एसएसपी की समझ

**बिहार** के फुलवारी शरीफमें पकड़े गए दो संदिग्ध आतंकवादियों का खुलासा करते हुए पटना के एसएसपी डा मानवजीत सिंह ढिल्लो ने पॉपुलर फ्रंट ऑफइंडिया की आरएसएस से तुलना कर दी। शायद उनको यह नहीं मालूम कि आज देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, स्वयं प्रधानमंत्री एवं कई राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री तथा केंद्र सरकार के ज्यादातर मंत्री आरएसएस के स्वयंसेवक रहे हैं। मानवजीत को आरएसएस के बारे में क्या जानकारी है? क्या उन्हें आरएसएस का एबीसीडी भी मालूम है? आरएसएस एक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है जो देश की एकता, अखंडता और सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए काम करता है। निश्चित रूप से एसएसपी ढिल्लो को अपने इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। एसएसपी जैसे जिम्मेदार पद पर रहते हुए उनको ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार की टिप्पणी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को शोभा नहीं देती है। सरकार को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

-**अतिवीर जैन पराग,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**जगदीप** धनखड़ किसान पुत्र हैं जिन्होंने स्वयं को जनता के राज्यपाल के रूप में स्थापित किया।

- **जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



**भाजपा** का इरादा बंगाल में धनखड़ के माध्यम से पूरी अराजकता पैदा करना था।

- **मदन मित्रा**
टीएमसी विधायक



**गुजरात** भारत में खासकर सरकारी व सहायता-प्राप्त स्कूलों के मामले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में उभरा है।

- **अनुराग ठाकुर**
केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री

# जनवरी में होगा देशी-विदेशी निवेशकों का जमावड़ा

## ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का सीएम ने तय किया रोडमैप, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

● यूके, यूएसए, कनाडा, यूएई, स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, साउथ कोरिया, मॉरीशस, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में होंगे रोड शो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का समय तय कर दिया है। यूपी में होने वाली पहली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट अगले साल जनवरी माह में होगी। तीन दिनों तक चलने वाली इस समिट में पचास से ज्यादा देशों के दिग्गज निवेशकों का यहां जमावड़ा होगा। जिसमें इसमें दस लाख करोड़ के पूंजी निवेश का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समिट की तैयारियों में जुटे अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री कहा है कि अगले वर्ष जनवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यह हमारी कार्ययोजना का हिस्सा है। इस बार हमें 10 लाख करोड़ के निवेश के लक्ष्य के साथ काम करना होगा। यह ग्लोबल इन्वेस्टर समिट नए उत्तर प्रदेश की आकांक्षाओं को उड़ान देने वाली होगी। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों से विचार-विमर्श कर शीघ्र आयोजन की तिथि तय किया जाए। जनवरी 2023 में प्रवासी भारतीय दिवस हमारे लिए अनुकूल अवसर हो सकता है। आयोजन न्यूनतम तीन दिनी हो। इसमें एक दिन एमएसएमई के लिए नियत किया जाए। सीएम ने कहा कि यूके, यूएसए, कनाडा, यूएई, स्वीडन, सिंगापुर, नीदरलैंड, इजरायल, फ्रांस, जर्मनी, साउथ कोरिया, मॉरीशस, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में रोड शो आयोजित कर यूपी के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। इन देशों में हमें अपनी टीम भेज देनी चाहिए, ताकि वहां के औद्योगिक जगत में उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो सके। सीएम ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए सिंगापुर ने स्वत: स्फूर्त भाव से फर्स्ट कंट्री पार्टनर बनने की इच्छा जताई है। इस पर विचार किया जाना चाहिए। वर्ष 2018 के इन्वेस्टर समिट में नीदरलैंड, जापान, स्लोवाकिया, फिनलैंड, चेक रिपब्लिक, मॉरीशस, थाईलैंड, नेपाल, बेल्जियम हमारे कंट्री पार्टनर रहे हैं। इस वर्ष इन देशों के साथ-साथ स्वीडन, बेल्जियम से भी संवाद किया जाए। इन देशों के राजदूत हाईकमिश्नर से संपर्क करें। औद्योगिक क्षेत्र में विकास की अपार संभावना है। यह सेक्टर रोजगार का सबसे बड़ा साधन है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश के माहौल को और बेहतर करने के लिए नियमों में समयानुकूल बदलाव किए जाने जरूरी हैं। उन्होने नई औद्योगिक नीति तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। फूड प्रोसेसिंग, हैण्डलूम, पॉवरलूम, आईटी, बायो फ्यूल, फ़िल्म एंड मीडिया, टूरिज्म, सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक इंडस्ट्री, खिलौना निर्माण, सिविल एविएशन, हाउसिंग एंड रियल एस्टेट आदि क्षेत्रों में औद्योगिक जगत की जरूरतों के नयी इंडस्ट्रियल पॉलिसी तैयार करने के भी सीएम ने निर्देश दिये। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता के साथ अगस्त के आखिर तक पूर्ण कर लिया जाना चाहिए। नीति व्यवहारिक हो, इसका ध्यान रखें। सीएम ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के लिए भूमि प्राथमिक आवश्यकता है। प्रदेश में लगभग 1 लाख हेक्टेयर की भूमि है। प्रयास यह रहे कि समिट से पहले हम लैंड बैंक को और विस्तार दें। इसके लिए राजस्व विभाग की एक टीम गठित करें, जो निवेश के लिए उपयुक्त लैंड का चिन्हाकन कर लें। जिससे जो भी निवेशक यहां आएं तो उन्हें निवेश के लिए जमीन की कोई समस्या न हो।

# राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का खोखलापन हुआ उजागर

● एनडीए का कुनबा एकजुट रहा, विपक्ष में हुआ बिखराव

अभिषेक रंजन। लखनऊ

**राष्ट्रपति** चुनाव को लेकर यूपी में हुए मतदान ने विपक्ष के खोखलेपन को उजागर कर दिया है। अब बीजेपी की यही रणनीति लोकसभा चुनाव के लिए राह आसान बनाएगी। प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल सपा मुखिया अखिलेश यादव की अगुवाई जो विपक्षी खेमा विधान सभा चुनाव में एक जुट हुआ था वह राष्ट्रपति चुनाव में बिखर गया। बीते विधान सभा चुनाव में बीजेपी को हराने के लिए अखिलेश के नेतृत्व में प्रसपा, महान दल और सुभासपा ने एक जुटहोकर काम किया लेकिन अब राष्ट्रपति चुनाव में हुए मतदान के बाद जहां क्रास वोटिंग हुई तो वहीं कई विपक्षी खेमे खुलकर सामने आए गए। जाहिर है कि लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्ष में हुई इस फूट का लाभ बीजेपी उठाएगी।

महत्वपूर्ण बात यह रही कि यूपी में एनडीए ने एक तरफअपना कुनबा इस चुनाव में मजबूत करके दिखाया है तो वहीं विपक्षी खेमे को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव अपना कुनबा और सहयोगी दलों को संभाल नहीं सके परिणाम स्वरूप अखिलेश यादव के चाचा और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने खुलेआम द्रौपदी मुर्मू को वोट दिया है। सपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने भी द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया। शिवपाल सिंह यादव ने भी सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के खिलाफ विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के के बयान का मुद्दा उठाकर सपा को बैकफुट पर ला दिया। राष्ट्रपति चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति ने विपक्ष को पटखनी दे दी है। सीएम योगी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के आगमन पर विपक्षी नेताओं को डिनर पर आमंत्रित कर बड़ी पहल कर दी थी जबकि इससे पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की हुई प्रेस वार्ता में अपने ही गठबंधन के साथी सुभासपा को नहीं बुलाया था। मतदान से पहले सीएम आवास पर राजग प्रत्याशी द्रौपदी मूर्मू के स्वागत में हुए डिनर में इस बात के संकेत मिल गए थे कि विपक्ष में फोड़ होना तय है। विपक्षी दलों के नेताओं में ओम प्रकाश राजभर और शिवपाल सिंह यादव भी योगी के रात्रि भोज में शामिल हुए थे। इसके अलावा भाजपा ने अपने संगठन के साथ-साथ सरकार के मंत्रियों को भी विपक्ष के अन्य दलों के वोटों को सहेजने के लिए लगा रखा था। यही कारण है कि बसपा के उमाशंकर सिंह और रघुराज प्रताप सिंह ने भी राजग का समर्थन किया। दूसरी तरफ राष्ट्रपति चुनाव में सपा अपने गठबंधन के साथी को एकजुट करने में भी नाकाम साबित हुई। इसके लिए सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर ने सपा को ही जिम्मेदार ठहराया है। इसी तरह बैठक में नहीं बुलाने के कारण विधायक शिवपाल सिंह यादव ने भी सपा मुखिया को ही जिम्मेदार ठहराया। इतना ही नहीं उन्होंने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को आईएसआई एजेंट बताने वाले विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार के समर्थन पर भी पुनर्विचार की मांग की और इसी आधार पर एनडीए प्रत्याशी को वोट दिया।

सपा मुखिया ने जबसे पार्टी की बागडोर संभाली है। उन्होंने एक-एक कर लगभग सभी दलों से गठबंधन कर लिया है। सबसे पहले उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन किया। इसके बाद उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा से गठबंधन किया। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने महान दल, सुभासपा और रालोद के साथ चुनाव लड़े लेकिन चुनाव बाद ही सबसे पहले महान दल ने नाता तोड़ा और अब इसके बाद सुभासपा भी गठबंधन से बाहर जाने का संकेत दे रही है।

# भूजल संरक्षण में जनता को निभानी होगी जिम्मेदारी

● व्यापक नीति तैयार करने की आवश्यकता है: जल शक्ति मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जल** शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 'आज जल है तो कल है' की भावना को आत्मसात करते हुए प्रत्येक नागरिक को जल संरक्षण के अभियान के साथ जुड़ना पड़ेगा, उसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना पड़ेगा। जल संकट से निपटने की दिशा में 'अटल भू-जल योजना' मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के हर क्षेत्र में भूजल का संवर्धन करने व भू-जल स्तर को बनाए रखने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह बात सोमवार को तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन स्थित सभागार में भूगर्भ जल विभाग, ग्राउंड वाटर एक्शन ग्रुप एवं वाटर एड संस्था द्वारा संयुक्त रूप से यूपी में भूगर्भ जल प्रबन्धन एवं विनियमन वर्तमान चुनौतियों एवं भविष्य की रणनीति विषय पर आयोजित गोष्ठी एवं भूजल पर चर्चा कार्यक्रम में कही। जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर 'जल पुस्तिका' का विमोचन किया और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वाटर चैम्पियन्स को सम्मानित भी किया। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि हम सभी को एक व्यापक नीति तैयार करने की आवश्यकता है जिससे हम भूजल संसाधनों का प्रबंधन और प्रभावी संरक्षण कर सके और अपने आने वाले कल को इस गंभीर संकट से बचा सकें।

## शहीद जवान के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद फर्रुखाबाद निवासी सीआरपीएफ के जवान विनोद कुमार की वीरता को नमन किया। उन्होंने ट्वीट कर शहीद विनोद कुमार के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। इसके साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने और जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद विनोद कुमार के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है। शहीद के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा।

# हर घर लहराएगा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा: योगी

● हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में साढ़े 4 करोड़ राष्ट्रध्वज फहराये जाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमारा लक्ष्य हो कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश में साढ़े 4 करोड़ राष्ट्रध्वज फहराया जाए। सभी आवासों, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों और वाणिज्यिक-औद्योगिक इकाइयों अन्य प्रतिष्ठानों कार्यालयों पर ध्वजारोहण हो। सभी अमृत सरोवरों पर झंडा फहराया जाए। अधिकारियों की बैठक में सीएम ने कहा कि हर घर तिरंगा राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है। हर भारतवासी को इससे जुड़ना चाहिए। लोग अपने फहराए तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सकते हैं। भारत सरकार ने इसके लिए पोर्टल तैयार किया है। उन्होंने कहा कि हर तिरंगा अभियान के के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए एनसीसी-एनएसएस व अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जाए। स्कूलों में स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता कराई जाए। स्वतंत्रता सप्ताह में हर दिन स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी निकाल कर आयोजन के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। स्वतंत्रता दिवस के दिन शहीदों स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मनित किया जाए। सीएम ने कहा कि लोगों को झंडा आसानी से उपलब्ध कराने के लिए राशन की दुकानों, ग्राम पंचायत भवनों, जनसेवा केंद्रों, तहसील ब्लॉक मुख्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पेट्रोल पंप एलपीजी सेंटरों, जिलों के विकास भवनध्नगर निगम, नगर पालिका, अर्बन लोकल बॉडी, विकास प्राधिकरणए सिविल डिफेंस आदि से वितरण कराया जाए।

## राष्ट्रपति चुनाव में दिल्ली से चिट्ठी पॉलिटिक्स की गई: अखिलेश



**लखनऊ।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए सोमवार को हुए मतदान में सपा विधायकों की क्रास वोटिंग की चर्चाओं और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया प्रमुख शिवपाल सिंह यादव व सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के द्रौपदी मुर्मू को वोट देने को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में साजिश रची गई है। इसी के तहत पहले दो डिप्टी सीएम ने ट्वीट किया और चाचा शिवपाल ने चिट्ठी लिखी है। दिल्ली से चिट्ठी पॉलिटिक्स की गई। चाचा से चिट्ठी लिखवाई गई। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर के गठबंधन तोड़ने पर अखिलेश ने कहा कि ओपी राजभर जो फैसला लेना है वो ले सकते हैं। जाने वाले को कौन रोक सकता है। वहीं शिवपाल ने कहा कि नेताजी (मुलायम यादव) को आईएसआई एजेंट कहने वाले विपक्ष के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का कभी समर्थन नहीं कर सकते।

## रेवड़ी कल्चर बोलकर गरीब व मध्यम वर्ग को किया जा रहा बदनाम: प्रियंका

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने महंगाई के मुद्दे पर एक बार फिर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए अंधाधुंध कमाई का इंतजाम हो रहा है लेकिन रेवड़ी कल्चर बोलकर बदनाम गरीब व मध्यमवर्ग को किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि पहले पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस महंगी की। आज से आटा, अनाज, दही भी महंगा हो गया। मोदी जी के खरबपति दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए आने वाले समय में बिजली भी महंगी होगी।

## अब गरीब की रोटी पर भी पड़ गई है डबल इंजन सरकार की नजर: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार की नज़र अब गरीब की रोटी पर भी पड़ गयी है। देश की सारी सम्पत्तियां बेच रही सरकार की नजर से गरीब की रोटी भी नहीं बच पायेगी। किसानों, नौजवानों, छोटे व मंझले व्यापारियों, कमजोर वर्गों को तबाह करने के बाद अब दो जून की रोटी भी संकट के घेरे में है। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि यह देश किसान प्रधान है। आज की मौजूदा सरकार जो 'हम दो हमारे दो' के फार्मूले पर चल रही है उसने वह कर दिखाया है जो पिछले 75 वर्षों में दूसरी सरकारो नें नहीं किया। गरीब के शरीर से कपड़ा, पैर से चप्पल तो पहले ही उतर चुका थी, बची थी तो पेट की रोटी उस पर भी आज से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाकर स्वंय इस सरकार ने साबित कर दिया कि गरीबों, किसानों, मजदूरों, तुम्हें जीने का कोई हक नहीं है। प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने आगे बताया कि आटा, चावल का आटा, गुड़, खांडसारी चीनी, चावल, राई, जौ, जई, शहद, पनीर, नारियल पानी के साथ ही दही, लस्सी, छाछ अब पूरी तरह से जीएसटी के दायरें में होंगे। पहली बार इन आवश्यक वस्तुओं जिसका उपयोग गरीब के घरों में जरूर होता है उसे कर के दायरे में लाया गया है। अति तो तब हो गयी जब अस्पताल के कमरें भी जीएसटी के दायरें में आ गए तथा श्मसान घाट का काम करवाना भी महंगा हो गया।

## लखनऊ से वाराणसी तक सीधी हवाई सेवा शीघ्र शुरू होगी: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिंया ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुरोध पर लखनऊ से वाराणसी तक सीधी हवाई सुविधा के लिए सभी अनुसूचित घरेलू एयरलाईनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है। शीघ्र ही इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। ज्योतिरादित्य सिधिंया ने अपने पत्र में ये भी अवगत कराया है कि वाराणसी हवाई अड्डे से प्रति सप्ताह 414 विमानों का आवागमन होता है और 5 एयरलाइन कम्पनियों क्रमश: इंडिगों, एयरइंडिया, गो फर्स्ट एअर, स्पाइस जेट, विस्तारा विमानो का संचालन कर रही है। इसके अलावा वाराणसी से अहमदाबाद, बैंगलोर, भुवनेश्वर, चेन्नई, दिल्ली, देहरादून, गोरखपुर, गुवाहटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, मुम्बई, पटना तथा लखनऊ के लिए उड़ाने उपलब्ध है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से वाराणसी तक सीधी हवाई सेवा की सुविधा यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने केन्द्रीय विमानन मंत्री से अनुरोध किया था। लखनऊ से वाराणसी तक सीधी उड़ान की सुविधा प्राप्त हो जाने से प्रदेश में पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा देश-विदेश के सैलानी लखनऊ के धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इससे प्रदेश में रोजगार के साथ ही राजस्व अर्जन प्राप्त होगा। इसके अलावा वाराणसी विश्व विख्यात धार्मिक नगरी है।

# काउंसिलिंग देगी कोविड पीड़ित बच्चों को नयी जिन्दगी

● मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत चिन्हित किए गए 11000 से अधिक बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** संकटकाल में अपने माता-पिता को गंवाने वाले बच्चों की जिन्दगी में फिर खुशहाली लाने के लिये योगी सरकार ने इनकी काउंसिलिंग का काम शुरू किया है ताकि ये बच्चें मानसिक आघात से ऊबर सकें। सीएम योगी की निगरानी में महिला एवं बाल विकास विभाग घर घर जाकर न केवल ऐसे बच्चों की पहचान कर रहा है बल्कि मानसिक विशेषज्ञों की मदद से उन्हें दुख और आघात से उबरने हेतु काउंसिलिंग भी कराई जा रही। पूरे देश में किसी सरकार द्वारा उठाई गई यह अपने तरह की अनूठी पहल है।

कोविड काल में अपने अभिभावकों के खोकर मानसिक आघात झेल रहे बच्चों के लिए यूपी सरकार ने खास मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक परामर्श कार्यक्रम शुरू किया है। निदेशक महिला एवं बाल विकास, मनोज राय ने बताया कि कोविड के दौरान बहुत बच्चों ने अपने माता-पिता दोनों या उनमें से किसी एक को खो दिया है। ऐसे बच्चों के साथ जीवन भर खड़े रहने के लिए अब पहले से कहीं अधिक गंभीर आवश्यकता है ताकि वे इस दुख से उबर सकें। इसी भावना के साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत जून 2021 में हुई थी। अब कोविड-19 के कारण जिन बच्चों ने अपने माता-पिता या उनमें से किसी एक को खोया है, सरकार ने उन तक पहुंचने और उन्हें काउंसिलिंग प्रदान करने का फैसला किया है। योजना के तहत 11000 से अधिक कोविड प्रभावित की पहचान की गई है।

यूनिसेफ और माइंड पाइपर के सहयोग से डीसीपीयू और वन स्टॉप केंद्रों के हर जिले में 4 काउंसलर को प्रशिक्षित किया गया है। ये काउंसलर इन बच्चों को दुख से उबरने में मदद कर रहे हैं । सभी 75 जिलों में इस उद्देश्य के लिए 300 से अधिक परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित किया गया था। प्रशिक्षण के बाद ये काउंसलर इन कोविड प्रभावित बच्चों के घर-घर जाकर उन्हें ट्रॉमा काउंसिलिंग दे रहे हैं। मई 2022 में एक विश्लेषण के दौरान पाया गया कि कुछ बच्चे अत्यधिक आघातित हैं। इन अत्यधिक पीड़ित बच्चों को डीप ट्रॉमा परामर्श प्रदान करने के लिए 40 परामर्शदाताओं को एक विशेष प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया है, जो असामान्य दु:ख से उबरने में कोविड प्रभावित की मदद कर रहे हैं।

# किसी भी व्यक्ति को मौखिक सूचना देकर थाने न बुलाया जाए: डीजीपी

● निर्धारित प्रक्रिया का हो अक्षरश: पालन, शिथिलता बरतने वालों पर हो कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** देवेंद्र सिंह चौहान ने निर्देशत किया है कि किसी भी अभियुक्त अथवा साक्षी को पूछताछ के लिए थाने बुलाते समय दंड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत दी गई व्यवस्थाओं का अक्षरश: पालन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को मौखिक सूचना देकर थाने न बुलाया जाए।

डीजीपी ने इस संबंध में राज्य के सभी पुलिस अधिकारियों को जारी किए गए परिपत्र में लखनऊ के महिला थाने की एक घटना का उल्लेख किया है। जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ के संज्ञान में यह तथ्य आया कि यात्रीगण सावित्री और राम विलास को 8 अप्रैल 2022 को महिला थाना, लखनऊ बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बुलाया गया जबकि इन दोनों के खिलाफ कोई भी मामला पंजीकृत नहीं था। उच्च न्यायालय ने याचीगणों के खिलाफ कोई भी प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत न होने के बावजूद भी उन्हें मौखिक रूप से महिला थाना, लखनऊ बुलाए जाने को संविधान के अनुच्छेद-14, 19, 21 तथा 22 का उल्लंघन माना है। इस मामले में उच्च न्यायालय की ओर से 11 अप्रैल 2022 को पारित किए गए आदेश का हवाला देते हुए डीजीपी ने निर्देशित किया है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 ( । ) तथा धारा 160 में दिए गए प्राविधानों के दृष्टिगत अभियुक्त अथवा साक्षी को थाने बुलाने के संबंध में कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन किया जाए। अभियुक्तगण व साक्षी को बुलाने के लिए लिखित नोटिस जारी की जाए। किसी भी व्यक्ति को मौखिक सूचना दे कर थाने पर न बुलाया जाए। यदि थाने पर पंजीकृत किसी प्रथम सूचना रिपोर्ट की विवेचना के लिए विवेचक नामित न किया गया हो और पूछताछ के लिए किसी व्यक्ति को बुलाया जाना अपरिहार्य हो तो थाना प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक की अनुमति से लिखित नोटिस निर्गत किया जाए। डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा की है कि इन निर्देशों का स्वयं अध्ययन कर लें और एक कार्यशाला आयोजित कर जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं विवेचनाधिकारियों को इस सम्बन्ध में अवगत कराते हुए इसका कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

## शहीद स्मारकों के सामने बजेगी राष्ट्रीय गीतों की धुन

**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर इस बार मनाए जा रहे स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान पुलिस, पीएसी और होमगार्ड विभाग के बैंड रोजाना किसी न किसी शहीद स्मारक के सामने आधा घंटे राष्ट्रीय गीतों की धुन बजाएंगे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद प्रदेश के गृह विभाग ने इस संबंध में पुलिस, पीएसी और होमगार्ड महकमे को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार इन विभागों ने बैंड दलों ने अभ्यास भी प्रारंभ कर दिया है। मालूम हो कि योगी सरकार के निर्देश इस बार उत्तर प्रदेश में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना जाग्रत करने का प्रयास किया जाएगा। सरकार के निर्देश हैं कि 2.28 करोड़ घरों और 50 लाख सरकारी कार्यालयों, औद्योगिक व वाणिज्यिक इकाइयों आदि में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसी कड़ी में सीएम योगी ने प्रदेश के पुलिस, पीएसी और होमगार्ड महकमे को भी स्वतंत्रता सप्ताह में बढ़ चढ़कर

# कमरों से बाहर निकलकर फील्ड में जाएं अधिकारी: दयाशंकर

● एक मुश्त पेनाल्टी समाधान योजना की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं: परिवहन मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**परिवहन** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अधिकारी कमरे से बाहर निकलें और फील्ड में जाएं। मंत्री दयाशंकर ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की योजनाओं/कार्यक्रमों से लोगों को अवगत कराएं जिससे आम जनता इसका लाभ उठा सकें। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह यह बात सोमवार को प्रशासनिक प्रशिक्षण अकादमी में विभागीय अधिकारियों से वेबिनार के दौरान कही। उन्होंने कहा कि एकमुश्त पेनाल्टी समाधान योजना परिवहन विभाग की ओर से एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके बारे में वाहन स्वामियों को विभागीय अधिकारी विस्तार पूर्वक होर्डिंग्स, बैनर्स एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बतायें और प्रयास करें कि अंतिम तिथि 26 जुलाई तक अधिक से अधिक आवेदन विभाग को प्राप्त हो जाएं। दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। अधिकारी बिना हेलमेट दोपहिया वाहन एवं बिना सीटबेल्ट लगाये फोरव्हीलर चलाते हुए पाये जाने पर नियमानुसार चालान की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा अभियान बीच-बीच में अधिकारी चलाकर जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। इसी प्रकार ओवरलोडिंग, अनधिकृत बसों का संचालन एवं स्कूली वाहनों की चेकिंग करते रहें, जिससे इस प्रकार की संचालनों पर पूर्णविराम लगाया जा सके। श्री सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश के लोगों को सरल, सहज, सुविधाजनक, आरामदायक यात्रा सुविधा मुहैया हो। परिवहन निगम खराब बसों की उचित व्यवस्था हेतु प्राइवेट बस मालिकों से अनुबन्ध करते हुए यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हेतु प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सरकारी बसों को संचालन हेतु तभी अनुमति दें जब वह पूरी तरह से फिट हों। अनफिट बसें किसी भी परिस्थिति में संचालन हेतु उपलब्ध न करायें। उन्होंने कहा कि शिकायतें आ रही हैं कि कुछ बसें अनुबन्धित ढ़ाबों पर न रूककर गैर अनुबंधित ढ़ाबों पर रुक रही हैं। उन्होंने कहा कि फूड इन्सपेक्टर को अनुबंधित ढ़ाबों की लिस्ट दी जाए और उनसे नियमित अंतराल पर ढ़ाबों पर मिलने वाले भोजन एवं पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए।

प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया और सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे दो मिनट का मौन रखकर पुण्यात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें। वेबिनार के दौरान एमडी परिवहन निगम आरपी सिंह, अपर प्रबंध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में रेशम का उत्पादन बढ़ाना मुख्य लक्ष्य: सचान

● किसानों की आय दोगुना बढ़ाने में रेशम व्यवसाय सबसे अच्छा माध्यम: डा. नवनीत सहगल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रेशम** उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि राज्य में रेशम का उत्पादन बढ़ाना मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आने वाले पांच वर्षों में रेशम का उत्पादन दो गुना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि देश में रेशम का उत्पादन आठ हजार मी. टन है, जबकि खपत 10 हजार मी. टन। इस गैप को पूरा करने में अन्य राज्यों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश की बड़ी हिस्सेदारी होगी। मंत्री श्री सचान ने यह बात सोमवार को खादी बोर्ड सभागार में रेशम निदेशालय एवं केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित 'केन्द्र पोषित सिल्क समग्र-2' कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पोषित इस योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को रेशम व्यवसाय से जोड़ा जाय। रेशम उत्पादन के अनुकूल वातावरण वाले जनपदों का लक्ष्य बढ़ाया जायेगा। प्रदेश में रेशम उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा, परंतु जिन जनपदों की प्रगति अच्छी नहीं पायी जायेगी, वहां के कार्मिकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई भी होगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव रेशम डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि किसानों की आय को दोगुना बढ़ाने में रेशम व्यवसाय सबसे अच्छा माध्यम है। उत्तर प्रदेश में रेशम की खपत तीन हजार मी. टन है, जबकि उत्पादन केवल 350 मी. टन है। अगले पांच वर्षों में रेशम उत्पादन दो गुना बढ़ाने का लक्ष्य है। यह तभी संभव होगा, जब विभागीय नीतियां धरातल पर पहुंचेंगी। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में रेशम उत्पादन बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे है।

खैराबाद हंगामा, जमकर हुआ विरोध-प्रदर्शन

# ग्रामीणों की पुलिस पिटाई के बाद सीतापुर में मुर्दाबाद के लगे नारे!

संवाददाता। सीतापुर

**योगी सरकार** की पुलिस इन दिनों लोगो को न्याय दिलाने में भले ही पीछे हो, लेकिन उनको लाठी-डंडो से पीटने में आगे निकल गई है, जी हां ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि सोमवार को खैराबाद ब्लाक के भगौतीपुर से आए आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार को खैराबाद पुलिस भगौतीपुर गांव जाती है और लोगो के ऊपर लाठियां बरसाती है साथ ही महिलाओं को अभद्र भाषा से नवाजती है। आपको बताते है कि पूरा मामला क्या है- भगौतीपुर गांव में पंचायत भवन का निर्माण चल रहा है, यह निर्माण प्रधान व सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित करके बीडीओ तथा एडीओ पंचायत द्वारा अनुमोदित होकर कार्य चल रहा है, ऐसे में कुछ ग्रामसभा के ही गांव रफतपुर के कुछ दबंगो द्वारा प्रधान को फोन से धमकाया जाता है कि निर्माण कार्य भगौतीपुर में न होकर रफतपुर में कराया जाए, जबकि कार्य भगौतीपुर में पास हुआ है, निर्माण कार्य चलने के दौरान ही खैराबाद पुलिस की गाड़ियां पहुंचती है, साथ ही 112 नम्बर भी गाड़ियां पहुंचती है और ग्रामीण सहित प्रधान पति, पंचायत सचिव, गांव की महिलाओं को मारने-पीटने का सिलसिला चलने लगता है, साथ में अभद्र भाषा का भी पुलिस प्रयोग करते हुए सरकार की मंशा पर पानी फेरने का काम करती है। जिससे नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को भीम आर्मी संगठन पदाधिकारियों के साथ सीतापुर अम्बेडकर पार्क पहुंचकर वहां पर पुलिस के विरोध में मुर्दाबाद का नारा लगाकर विरोध दर्ज कराया व जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भीम आर्मी के प्रदेश सचिव कुलदीप भार्गव, अर्जुन, रामू, माया देवी, राकेश राजवंशी, सूरज चौधरी, बाबू सिंह, मूलचंद, छोटकन्न, निर्मल देवी, विद्या देवी, माधुरी, प्रेमा, इन्दूरानी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।



## प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर हीला-हवाली करती लहरपुर पुलिस

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**छिटपुट अपराधों** को दर्ज ना करने में माहिर हो चुकी लहरपुर कोतवाली पुलिस अब इतनी बेखौफ हो चुकी है कि हत्या जैसे अपराधों में भी पीड़ित पक्ष को कई-कई दिन तक दौड़ाने के बाद भी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में हीला-हवाली करती नजर आने लगी है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसेपा का है जहां के निवासी प्रमोद उर्फ कल्लू की पत्नी प्रेमा देवी उर्फ रेखा देवी का शव बीती 14 जुलाई को अपने घर पर कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मौके पर मौजूद लोगों की माने तो मृतका प्रेमा देवी के शव के पैर जमीन से लगे हुए थे जबकि मृतका का पति काम के सिलसिले से बाहर होने की वजह से घर पर नहीं था। इन हालातों में मृतका के मायके पक्ष के लोगों को जब सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे और सारे हालातों को देखने के बाद मृतका के जेठ जेठानी और सास के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। गौरतलब है कि मृतका प्रेमा देवी ने इससे पूर्व भी कई बार घरेलू कला और घर पर कब्जा कर लेने की नियत से मारपीट करने के आरोप में अपने जेठ और जेठानी के विरुद्ध कई बार शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था, किंतु स्थानीय पुलिस की लापरवाही से उसके साथ वही घट गया जिसकी उसे पहले से आशंका थी, और अंततः पति की गैर मौजूदगी में उसके घर से संदिग्ध परिस्थितियों में मिला हुआ उसका शव कई सवाल खड़े करता है। मृतका के भाई जयप्रकाश यादव ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में सास और जेठ -जेठानी के विरुद्ध हत्या का शव लटका देने का आरोप लगाया है किंतु कोतवाली लहरपुर की पुलिस की कार्यशैली देखिए कि घटना के 3 दिन बाद भी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करना तो दूर रहा मामले की प्राथमिकी दर्ज करना तक उचित नहीं समझा है। मृतका के भाई ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब मैं कोतवाल साहब से मिला तो उन्होंने कहा कि पीएम रिपोर्ट आ जाने दीजिए उसके बाद एफआईआर लिख देंगे किंतु पीएम रिपोर्ट आ जाने के बाद भी आज तक उस की प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है जिसने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि कोतवाली से उसे न्याय नहीं मिलता है तो वह न्याय पाने के लिए उच्चाधिकारियों का दरवाजा जरूर खटखटाएगा।

## आखिरकार तीर्थकुंड की फिर मरीं बेजुमान मछलियां, प्रशासन नाकाम!

**मिश्रिख सीतापुर।** सीतापुर के मिश्रिख में दधीचि की तपोस्थली पर स्थित तीर्थकुंड में गंदगी की वजह से फिर से कुन्तलों मछलियां अपना जीवन गंवा दी है, लेकिन सीतापुर व मिश्रिख प्रशासन तनिक भी इधर ध्यान नहीं दे रहा है, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है यहां अक्सर गदें जल की वजह से मछलियों को आक्सीजन न मिल पाने के कारण उन्हें दम तोड़ना पर रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। आपको बता दें कि मछलियों के मरने का कारण या तो मौसम में परिवर्तन या गंदे जल के कारण मछलियों को ऑक्सीजन न मिलना बताया जा रहा है जिससे हजारों मछलियां दम तोड़ती दिख रही हैं। मिश्रिख तीर्थ का जल गंदा होने के कारण आचमन के लिए भी नहीं रह गया है। मत्स्य विभाग ने बताया कि वर्षा होने पर गंदे जल के कारण पानी पर काली परत जम जाती हैं जिससे मछलियों को अक्सीजन नहीं मिल पाती और मछलियां दम तोड़ने लगती हैं। एसडीएम मिश्रिख गौरव रंजन श्रीवास्तव से जब इस संबंध में आई इंडिया ने पूछा तो उन्होंने बताया चूना व दवाई का छिड़काव किया गया है मछलियों के मरने का सिलसिला रुक गया है।

### मिश्रिख दधीचि कुंड में दूषित जल से मरीज कुंतलो मछलियां

## डायल 112 पर तैनात होमगार्ड के घर को चोरों ने बनाया निशाना

संवाददाता। अटरिया सीतापुर

**इमलिया सुल्तानपुर** थाना क्षेत्र में 112 पर तैनात होमगार्ड के घर को चोरों ने बनाया निशाना। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात अज्ञात चोरों ने डायल 112 पर तैनात होमगार्ड अजय कुमार पुत्र लखपति निवासी अटरिया कीरतपुर के घर को अपना निशाना बनाया। घर के पीछे से घुसे चोरों ने घर मे रखी 10 हजार की नगदी सहित करीब डेढ़ लाख के जेवर पर हाँथ किया साफ। सुबह जगे परिजनों ने घर के दरवाजे खुले देखे तो दंग रह गए। कमरे में जाकर देखा तो बक्सा खुला पड़ा हुआ था। उसमें से 10 हजार की नगदी,एक मांग बेंदी,जेवरी 2 जोड़ी,कंगन दो जोड़ी,पायल 3 जोड़ी,नाक की नथुनी,कान के झाला,मंगल सूत्र आदि सामान गायब था। वहीं घर से कुछ दूरी पर एक खेत में पर्स,कपड़े पड़े मिले। जिसके बाद पीड़ित ने डायल 112 व स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अभी लिखित तहरीर नहीं मिली है।

### ...जब समस्याएं सुनने अपने गृह जनपद पहुंची राज्य सूचना आयुक्त!

संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**सोमवार को** भ्रमण के दौरान राज्य सूचना आयुक्त ने अपने गृहजनपद में जनता की समस्याएं सुनी, हरगांव विधानसभा में भ्रमण कर क्षेत्र की जनता से मुलाकात की व कोई समस्या तो नहीं है पूंछकर हालचाल भी जाना। आपको बता दें कि राज्य सूचना आयुक्त किरण बाला चौधरी हरगांव की ही रहने वाली है। जो सोमवार को पूर्व सांसद जनार्दन मिश्रा के भतीजे पंकज मिश्रा की मृत्यु पर उनके बस्ती स्थित आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की साथ ही भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे कल्याणपुर निवासी उमेश शर्मा की मृत्यु पर उनके निज निवास जाकर शोक संवेदना व्यक्त की व कल्याणपुर के निवासी गया सिंह सुमित्रा सिंह महाविद्यालय के प्रबंधक रहे ओपी सिंह की मार्ग दुर्घटना में हुई दुखद मौत के बाद उनके आवास जाकर परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। इसके बाद श्रावण मास में कांवरियों के लिए बनाए गए विश्राम स्थल का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल, विपिन वर्मा, आई पी सिंह, अभिषेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पीएम की किस योजना में सीतापुर का चयन किए जाने की उठी मांग!

संवाददाता। सीतापुर

**पीएम मित्र** योजना में 'मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, कपड़ा उद्योग में सीतापुर का चयन किए जाने को लेकर सीतापुर के व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने एक मांगपत्र जिलाधिकारी अनुज सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई कि सीतापुर में भी एक हैंडलूम से सम्बन्धित तमाम निर्माण इकाईयां सक्रीय है, 80 के दशक तक सीतापुर के हरगांव कोरैया उदनापुर में साड़ी निर्माण घर-घर संचालित था जिससे हरगांव की साड़ियां प्रसिद्धि थी इसी तरह सीतापुर में कई बड़े ऐसे उद्योग है जहां पर हजारों लोग रोजगार पाते थे, कपड़ा उद्योग भी सीतापुर में बहुत था। पीएम योजना के तहत देशभर में सात मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना होनी है जिसमें उत्तर प्रदेश का चयन हुआ, ज्ञापन में मांग की गई है कि सीतापुर का चयन किया जाए तो तो यहां के लोगो को आराम मिले और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। आपको बता दें कि इस योजना में प्रदेश के मलिहाबाद क्षेत्र का नाम प्रस्तावित किया गया है, इसीलिए मांग की गई है कि सीतापुर का इस योजना में चयन हो। ज्ञापन के दौरान पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा, भगवती गुप्ता, प्रदीप जैन, प्रमोद जैन, तुषार साहनी, कयूम अंसारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है सीतापुर में सरकारी जमीन भी बहुत है जिसपर यह उद्योग लग सकेगा।

### हज से आने वाले हाजियों का किया गया इस्तकबाल

**बरेली।** फैजान-ए-नियाजिया वेलफेयर सोसायटी की तरफसे हज से आने वाले हाजियों का इस्तकबाल फैजान-ए-नियाजिया वेलफेयर सोसायटी के बानी डॉ0 कमाल मियां नियाजी की सरपरस्ती में इत्र व फूलों का हार पहनाकर किया गया। वहीं खानकाह-ए-नियाजिया के साहबजादे व अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के स्कूल के प्रधानाचार्य हाजी डॉ0 अब्बास मियाँ नियाजी की हज से वापसी पर फैजान-ए-नियाजिया वैलफेयर सोसायटी के बानी डॉ0 कमाल मियाँ नियाजी ने जिला पंचायत पर इस्तकबाल किया। वहीं इसी मौके पर नाअ़तो-मनकबत व सलातों सलाम पढ़ा गया और जुलूस की शक्ल में तमाम साहबजादगान व मुरीदीनों के साथ बिहारीपुर ढाल होता हुआ ख़ानकाह-ए-नियाजिया पहुँचा। जहाँ पर ख़ानकाह-ए-नियाजिया के सज्जादानशीन अल्हाज शाह महेंदी मियाँ नियाजी किबला, प्रबन्धक शब्बू मियाँ नियाजी साहब, क़ासिम मियाँ नियाजी, जाहिद मियाँ नियाजी, जामी मियाँ नियाजी, राजी मियाँ नियाजी, हमजा मियाँ नियाजी ने हार व फूल पहनाकर जोरदार इस्तकबाल किया। वहीं मुरीदीन को तबर्रुक में शरबत व फल बांटे गये और मुल्क व कौम के लिए अमन की दुआ की गई।

## सीतापुर के नैमिष थानेदार ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर

### ●सावन मास के महीने में जल भरकर गोला जाते है कावंडिए

**प्रदेश की** योगी सरकार सावन मास में कावंडियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तो निर्देश दिए ही है साथ ही उन्हें रास्ते में भी कोई दिक्कत न हो इसके लिए भी जिम्मेदारों को निर्देश दिए हुए है। नैमिषारण्य में जल भरकर जल रहे कावंडियों पर पुष्प वर्षा देखने को मिली, जिससे कावंडिया काफी खुश नजर आए और बम-भोले के जयकारों से शिवालय गूंज उठा। आपको बता दें कि प्रदेश के कई जिलो से हजारों की संख्या में आये शिवभक्तों ने सीतापुर, हरदोई मार्ग पर स्थित देवदेवेश्वर धाम में कावारियो की भीड़ जुटी, जलाभिषेक करने के लिए भक्तो की लंबी-लंबी कतारें लगी रही, वहीं गोमती नदी में स्नान कर देवदेवेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया। उसके बाद गोमती नदी का जल भरकर बाबा श्यामनाथ, गोला गोकर्ण नाथ गोला के लिए रवाना हुए कावंडियों पर नैमिष पुलिस चौकी प्रभारी दिग्विजय पांडेय द्वारा पुष्प वर्षा की गई जिसकी प्रशसा हर ओर हो रही है। इस मौके पर चौकी प्रभारी जय किशन तिवारी, उपनिरीक्षक अशोक तिवारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने फूलों की वर्षा की।

## पेज एक का शेष

### नए राष्ट्रपति को चुनने...

नतीजा पहले से ही स्पष्ट प्रतीत होता है लेकिन असम, गुजरात और महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में विपक्षी दलों के कुछ विधायकों ने मुर्मू के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की। वोटों की गिनती होने पर कितने सांसदों और विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, इसका पता चलेगा। असम में, ऑल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक करीमुद्दीन बरभुइयां ने दावा किया कि राज्य के लगभग 20 कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोट किया। उत्तर प्रदेश में, शिवपाल सिंह यादव ने भी दावा किया कि वह कभी भी यशवंत सिन्हा का समर्थन नहीं करेंगे, क्योंकि उन्होंने एक बार उनके भाई और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर आईएसआई एजेंट होने का आरोप लगाया था। पिछले महीने संपन्न राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले हरियाणा के कांग्रेस विधायक कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में भी अपने विवेक के हिसाब से मतदान किया। सिन्हा के बजाय मुर्मू का समर्थन करने का संकेत देते हुए बिश्नोई ने संवाददाताओं से कहा, राज्यसभा चुनाव की तरह ही मैंने इस चुनाव में भी अपने विवेक के हिसाब से मतदान किया है। ओडिशा में कांग्रेस विधायक मोहम्मद मोकीम ने सोमवार को यह घोषणा कर हलचल पैदा कर दी कि उन्होंने राजग उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया। विधानसभा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद, कटक-बाराबती विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोकीम ने कहा कि उन्होंने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। झारखंड में राकांपा विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि उन्होंने मुर्मू को वोट दिया है। गुजरात में, राकांपा के विधायक कांधल जडेजा ने भी कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में मुर्मू को वोट दिया। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार के विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहे कांग्रेस के कुछ विधायक अपने विवेक के अनुसार मुर्मू के पक्ष में मतदान करेंगे। पाटिल ने मुंबई में कहा, मुझे भरोसा है कि विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहे कांग्रेस के कुछ विधायक इस बार भी अपने विवेक का इस्तेमाल करेंगे। शिरोमणि अकाली दल के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने राष्ट्रपति चुनाव का बहिष्कार करते हुए कहा कि पंजाब से जुड़े कई मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं और पार्टी नेतृत्व ने राजग उम्मीदवार मुर्मू को समर्थन देने का फैसला करने से पहले उनसे सलाह नहीं ली थी। दाखा से विधायक अयाली ने एक वीडियो संदेश में कहा कि वह अपनी इच्छा के मुताबिक ही राष्ट्रपति चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं और मुर्मू को समर्थन देने का फैसला करने से पहले पार्टी नेतृत्व ने उनसे या सिख समुदाय से सलाह नहीं ली थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह (89) और समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव (82) राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के लिए व्हीलचेयर से संसद भवन पहुंचे। मनमोहन सिंह पिछले साल कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद से अस्वस्थ हैं। वह महामारी की दूसरी लहर के चरम पर होने के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आ गए थे। मुलायम भी काफी समय से बीमार हैं। पिछले साल उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के चलते कई बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप्त कुमार नाइक राष्ट्रपति चुनाव में वोट डालने के लिए अस्पताल से सीधे संसद परिसर पहुंचे। वह व्हीलचेयर पर बैठकर ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ संसद भवन में दाखिल हुए। नाइक ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्हें कोविड-19 संक्रमण के बाद की स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पटना में, करीब एक महीने पहले सड़क हादसे का शिकार हुए भाजपा विधायक मिथिलेश कुमार स्ट्रेचर पर वोट डालने पहुंचे। चेन्नई में, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, सचिवालय परिसर में मतदान करने आए। कोविड-19 से उबरने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने पर वह सीधे मतदान केंद्र पहुंचे। विभिन्न शहरों के अन्य शुरुआती मतदाताओं में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ-साथ दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शामिल थे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हो रहा है और हर चुनाव देश के लोगों के लिए उत्सव के समान होता है। उन्होंने सदस्यों से कहा, हम सभी को राष्ट्रपति चुनाव उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को अपराह्न 2 बजे तक के लिए स्थगित करते हुए कहा कि सदस्यों को इस उत्सव में भाग लेना चाहिए। राज्यसभा की कार्यवाही भी स्थगित कर दी गई ताकि सदस्य चुनाव में मतदान कर सकें। राष्ट्रपति चुनाव में गुप्त मतदान की प्रणाली का पालन किया जाता है और पार्टियां अपने सांसदों और विधायकों को मतदान के संबंध में व्हिप जारी नहीं कर सकती हैं। जम्मू कश्मीर में विधानसभा न होने के कारण इस राष्ट्रपति चुनाव में एक सांसद के वोट का मूल्य 708 से घटकर 700 हो गया है। एक विधायक के वोट का मूल्य अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग होता है। उत्तर प्रदेश में यह मूल्य 208 है, इसके बाद झारखंड और तमिलनाडु में 176 है। महाराष्ट्र में यह 175 है। सिक्किम में, प्रति विधायक वोट का मूल्य सात है, जबकि नगालैंड में यह नौ और मिजोरम में आठ है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, सांसदों को हरे रंग का मतपत्र मिलता है, वहीं विधायकों को गुलाबी रंग का मतपत्र मिलता है। अलग-अलग रंग से निर्वाचन अधिकारियों को प्रत्एक विधायक और सांसद के वोट के मूल्य का पता लगाने में मदद मिलती है। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने का आह्वान करते हुए, निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को अपने मतपत्रों को चिह्नित करने के लिए बैंगनी स्याही के साथ विशेष रूप से डिजाइन की गई कलम जारी की। मुर्मू 64 साल की उम्र में भारत की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति बन सकती हैं। उन्होंने सोमवार को कोई बात नहीं की, लेकिन रविवार को कहा था कि उनकी उम्मीदवारी से आदिवासी समुदाय के लोग और महिलाएं खुश हैं।

### उपराष्ट्रपति चुनाव के ...

उन्होंने कहा, और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने एक किसान परिवार से आने वाले मुझ जैसे सामान्य व्यक्ति को ऐतिहासिक मौका दिया, जिसे अगर छात्रवृत्ति ना मिलती तो वह शिक्षा भी हासिल नहीं करता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में धनखड़ ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद धनखड़ ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैं देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का हमेशा प्रयास करूंगा। धनखड़ द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट कर उम्मीद जताई कि वह एक शानदार और प्रेरक उपराष्ट्रपति साबित होंगे। मोदी ने कहा, नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान मंत्री, सांसद और विभिन्न दलों के नेता जगदीप धनखड़ के साथ थे। मुझे पूरा भरोसा है कि वह एक शानदार और प्रेरक उपराष्ट्रपति होंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसान परिवार व ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले धनखड़ के जमीनी स्तर पर जनता से जुड़ाव व समस्याओं के समाधान के लिए उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव से देश के विकास व संसदीय प्रक्रिया को गति मिलेगी। नड्डा ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद के लिए जगदीप धनखड़ का नामांकन पत्र दाखिल करना देश के हर नागरिक के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद के लिए धनखड़ को उपयुक्त उम्मीदवार बताया। उन्होंने कहा, विभिन्न भूमिकाओं और हैसियतों में देश की सेवा करने का उनका दशकों का अनुभव और इसके साथ ही उनकी विद्वता यह सुनिश्चित करती है कि वह हमारे देश के उपराष्ट्रपति बनने के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हैं। उनका जीवन और उनकी प्रतिबद्धता देश के हर नागरिक के लिए प्रेरणा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि एक किसान पुत्र द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करना देश के हर नागरिक के लिए गर्व का विषय है और यह सबका साथ, सबका विश्वास की भाजपा की विचारधारा का प्रतिनिधित्व भी है।नामांकन पत्र दाखिल करने के समय जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह, बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा, ऑल इंडिया अन्नाद्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के एम थंबीदुरई, तमिल मनीला कांग्रेस के जी के वासन, असम गण परिषद के बीरेंद्र प्रसाद वैश्य, लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस, अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी मौजूद थे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले धनखड़ ने उनका समर्थन कर रहे विभिन्न दलों के सांसदों के साथ संसद भवन परिसर में एक बैठक भी की। प्रधानमंत्री मोदी भी इस बैठक में मौजूद थे। उनके अलावा बीजू जनता दल और लोक जनशक्ति पार्टी के सांसद भी इस अवसर पर मौजूद थे।

### अब रक्षा निर्यातक बन...

वैसे ही राष्ट्र रक्षा के लिए भी होल ऑफ द नेशन अप्रोच समय की मांग है। भारत के कोटि-कोटि जनों की यही सामूहिक राष्ट्र चेतना ही सुरक्षा और समृद्धि का सशक्त आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे भी व्यापक हो गए हैं और युद्ध के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ भूमि, समुद्र और आकाश तक ही रक्षा की कल्पना की जाती थी, लेकिन अब इसका दायरा अंतरिक्ष, साइबर स्पेस और आर्थिक व सामाजिक स्पेस की तरफ बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 8 वर्षों में केंद्र सरकार ने न सिर्फ रक्षा का बजट बढ़ाया है बल्कि ये बजट देश में ही रक्षा निर्माण इकोसिस्टम के विकास में भी काम आए, यह भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि रक्षा उपकरणों की खरीद के लिए तय बजट का बहुत बड़ा हिस्सा आज भारतीय कंपनियों से खरीद में ही लग रहा है। उन्होंने कहा, बीते चार-पांच सालों में हमारा रक्षा आयात लगभग 21 प्रतिशत कम हुआ है। आज हम सबसे बड़े रक्षा आयातक के बजाय एक बड़े निर्यातक की तरफ तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए भारतीय उद्योग और शिक्षा जगत को जोड़ना है।

### मंकीपॉक्स का देश में...

इस बीच, तिरुवनंतपुरम से प्राप्त खबर के अनुसार केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि दुबई से पिछले हफ्ते राज्य पहुंचा 31 वर्षीय एक व्यक्ति जांच में मंकीपॉक्स से संक्रमित पाया गया है। यह राज्य के साथ-साथ देश में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला है। मंत्री ने यह भी कहा कि जो लोग मरीज के निकट संपर्क में थे, उन सभी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोसिस (जानवरों से मनुष्य में फैलने वाला वायरस) है, जिसमें चेचक के रोगियों में अतीत में देखे गए लक्षणों के समान लक्षण होते हैं। हालांकि, यह चिकित्सकीय रूप से कम गंभीर है।

### जुबैर के खिलाफ जल्दबाजी...

सुनवाई के दौरान, जुबैर की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि अब तक उत्तर प्रदेश में जुबैर के खिलाफ छह प्राथमिकी दो हाथरस में, एक-एक सीतापुर, लखीमपुर खीरी, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में दर्ज की गई हैं। याचिका में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में दर्ज सभी प्राथमिकी, जिन्हें जांच के लिए एसआईटी को हस्तांतरित किया गया है, वे उस प्राथमिकी का विषय हैं, जिसकी जांच दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा कर रही है। पीठ ने सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि श्रीमान सॉलिसिटर जो हो रहा है, वह यह कि इन सभी प्राथमिकी की सामग्री एक जैसी लगती है। मेहता ने कहा कि उन्होंने ये सभी प्राथमिकी नहीं देखी हैं। पीठ ने कहा कि हम इस पर परसों सुनवाई कर सकते हैं, ताकि आप भी निर्देश ले सकें और प्राथमिकी देख सकें। जुबैर के खिलाफ कथित तौर पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने, न्यूज एंकर पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करने, हिंदू देवताओं का अपमान करने तथा भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप हैं।

### सरकार ने एमएसपी के लिए...

अख्तियार नहीं किया है, लेकिन समिति गठन की अवधि और समिति की संरचना पर सवालिया निशान लगा दिया है।यह समिति व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाकर देश के किसानों को एमएसपी उपलब्ध कराने पर अपनी रिपोर्ट देगी। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) को अधिक स्वायत्तता देने और इसे और अधिक वैज्ञानिक बनाने के उपायों का भी सुझाव देगी। कृषि मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि देश की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार कृषि विपणन प्रणाली को मजबूत करना होगा, ताकि घरेलू और निर्यात अवसरों का लाभ उठाकर किसानों को उनकी उपज के लाभकारी मूल्य के माध्यम से फसल का अधिक मूल्य उपलब्ध कराया जा सके। समिति के अन्य सदस्यों में नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद, कृषि अर्थशास्त्री डॉ. सी.एस.सी. शेखर (भारतीय आर्थिक विकास संस्थान) और डॉ सुखपाल सिंह (आईआईएम, अहमदाबाद) शामिल हैं। इनके अलावा अन्य संगठन के किसान - गुणवंत पाटिल - कृष्णवीर चौधरी, प्रमोद कुमार चौधरी, गुनी प्रकाश और सैय्यद पाशा पटेल, पुरस्कार विजेता किसान भारत भूषण त्यागी, इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी, सीएनआरआई के महासचिव बिनोद आनंद भी समिति का हिस्सा हैं। समिति कृषि सलाहकार निकाय कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) को स्वतंत्र बनाने और शून्य बजट खेती पर अपने सुझाव देगी। जीरो-बजट प्राकृतिक खेती की एक ऐसी विधि है, जहां पौधों को उगाने और कटाई की लागत शून्य होती है। यह किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों के निर्यात पर भी रिपोर्ट देगी। शून्य बजट प्राकृतिक खेती पर समिति उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों के मौजूदा फसल पैटर्न का नक्शा तैयार करेगी और देश की बदलती जरूरतों के अनुसार फसल पैटर्न को बदलने के लिए विविधीकरण नीति की रणनीति तैयार करेगी। समिति कृषि विविधीकरण की व्यवस्था और नई फसलों की बिक्री के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने की व्यवस्था भी करेगी। समिति प्राकृतिक खेती के मूल्य श्रृंखला विकास और प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित उत्पादों के जैविक प्रमाणीकरण के लिए प्रयोगशालाओं की श्रृंखला को मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समन्वय के तरीकों और साधनों का भी सुझाव देगी। पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसपी प्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के साथ-साथ शून्य बजट आधारित कृषि को बढ़ावा देने के तरीके सुझाने के लिए एक समिति गठित करने का वादा किया था।

### श्रीलंका में आपातकाल...

विक्रमसिंघे ने अब तक उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि आईएमएफ के साथ बातचीत निष्कर्ष के करीब है और सहायता के लिए विदेशों के साथ भी चर्चा आगे बढ़ रही है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के मालदीव भाग जाने और फिर सिंगापुर चले जाने के बाद शुक्रवार को विक्रमसिंघे ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। राजपक्षे ने देश से भागने के बाद राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। विक्रमसिंघे ने कहा कि संविधान के 19वें संशोधन को फिर से पेश किया जाएगा जो जनता की कई चिंताओं को दूर करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के भीतर ऐसे तत्व हैं जो देश में शांति भंग करने का प्रयास कर रहे हैं और इन तत्वों को देश की प्रगति को बाधित करने से रोका जाएगा। विक्रमसिंघे ने कहा कि सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करेगी, जिनकी वैध चिंताएं हैं और समाधान निकाला जाएगा। इससे पहले, विक्रमसिंघे ने देश में आज आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी, जिससे उन्हें बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव से पहले व्यापक अधिकार मिल गए हैं। उनके इस्तीफे की बढ़ती मांग के बीच इस कदम को विपक्षी नेताओं ने एक अलोकतांत्रिक कठोर कृत्य करार दिया।

## शिव के जयघोषों से गुंजायमान हुई छोटी काशी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सावन माह के प्रथम सोमवार को भगवान शिव की नगरी गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी शिव भक्तों के उदघोसो से गुंजायमान हो उठी। लंबी.लंबी कतारों में शिव भक्तों ने लगकर भगवान शिव के दर्शन किए। भगवान शिव की नगरी छोटी काशी में प्रथम सोमवार को सुबह मंदिर के कपाट खुलने से पहले लंबी लाइन लग गईए शिव भक्तों ने हरिद्वार फर्रुखाबाद शारदा जी आदि स्थानों से पवित्र गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया तथा फूल बेलपत्र भांग धतूरा प्रसाद अर्पित किया। दूरदराज से पैदल आने वाले कांवरियो ने बम भोले बम भोले के उच्चारण के साथ भगवान शिव के दर्शन किए। इसके कांवरियों का जत्था भगवान बाबा भूतनाथ के मंदिर पहुंचा जहां शिव भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की।शिव भक्तों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने चप्पे.चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं 140 आरक्षी 40 महिला आरक्षी 40 उपनिरीक्षक पीएसी बटालियनएचार निरीक्षक सहित यातायात पुलिस भी तैनात की गई है। सीसीटीवी कैमरे से भी मेले पर नजर रखी जा रही है शहर में चौपहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। उप जिलाधिकारी सीओ कोतवाल ने बराबर घूम घूम कर व्यवस्थाएं देखी। छोटी काशी में श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर नगर पालिका परिषद द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षाए सहायता व्यवस्था हेतु नगर पालिका सहायता केंद्र स्थापित किया गया। जिसमें डॉक्टरों की टीम पालिका कर्मियोंए पुलिस मजिस्ट्रेट के साथ मुस्तैद है। नगर पालिका द्वारा प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई है। जिसमें लाइट न होने पर जनरेटर व्यवस्थाए सोलर लाइट की भी व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से की गई है। श्रावण मास में पौराणिक शिव मंदिर पर 18 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेला कार्यालय के निकट कन्ट्रोल रूम बनाकर 18 सीसीटीवी कैमरों के जरिए शिव मंदिर परिसर, गोकर्ण तीर्थ परिसर सहित प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

# आर्थिक सीमाओं से ही नहीं, कूटनीतिक दबावों पर भी जीत हासिल करना है

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने सोमवार को कहा कि आत्मनिर्भरता की ओर भारत के सफर का लक्ष्य न केवल अपनी आर्थिक सीमाओं, बल्कि कूटनीतिक दबावों पर भी जीत हासिल करना है ताकि देश निर्णायक स्वायत्तता हासिल करने में समर्थ हो पाए। उन्होंने कहा, कुछ दशक पहले आजादी का मतलब विदेशी शासकों एवं औपनिवेशक शासन से मुक्ति पाना था। (अब) आजादी का मतलब राजनीतिक ताकत हासिल करना है। रक्षा मंत्री ने यहां नौसेना के नवल इनोवेशन एंड इंडिजेनाइजेशन ऑर्गेनाइजेशन में संगोष्ठी में अपने भाषण में कहा, लेकिन आज आत्मनिर्भरता का आयाम आजादी की परिभाषा में जुड़ गया है। सिंह ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष यान अन्य देशों के उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले जा रहे हैं और देश कई क्षेत्रों न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि वह अन्य देशों की जरूरतें भी पूरी कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी आत्मनिर्भरता का मतलब न केवल अपनी आर्थिक सीमाओं , बल्कि कूटनीतिक दबावों पर भी जीत हासिल करना है ताकि देश निर्णायक स्वायत्तता हासिल करने में समर्थ हो पाए।

इस संगोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा सचिव अजय कुमार, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार भी मौजूद थे। सिंह ने कहा कि भारतीय रक्षा क्षेत्र बहुत तीव्र गति से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है तथा कई साल पहले ही भारतीय नौसेना अपना जहाज डिजायन संगठन स्थापित कर इस मार्ग पर अग्रणी की भूमिका निभाने लगी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना अपनी कई स्वदेशीकरण परियोजनाओं के मार्फत खरीददारी करने वाली नौसेना से विनिर्माण करने वाली नौसेना बनने के अहम सफर पर चल पड़ी है तथा भारतीय जंगी जहाजों में स्वदेशी सामग्री की नियमित बढ़ोत्तरी उसका एक उदाहरण है। सिंह ने कहा, भारत ने एक नई छवि हासिल की है क्योंकि वह कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने के लिए काम कर रहा है। दुनिया भारत को सुन रही है और हमारे देश की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है।

# सीबीआई ने मुंबई के दो पूर्व पुलिस प्रमुखों से की पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्तों-संजय पांडेय और परमबीर सिंह से पूछताछ की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह मामला देशमुख पर 100 करोड़ रुपए की वसूली के लिए कहे जाने के आरोपों से जुड़ा है। तीस जून को सेवानिवृत्त हुए पांडेय सीबीआई द्वारा दर्ज की गईं दो प्राथमिकियों का सामना कर रहे हैं। ये प्राथमिकी उनके द्वारा स्थापित कंपनी आईसेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मचारियों के फोन अवैध रूप से टैप किए जाने और एनएसई का सिस्टम ऑडिट करने में सेबी के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किए जाने से जुड़ी हैं। एजेंसी ने उन्हें महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया था, जो कथित तौर पर मुंबई में बार और रेस्तराओं से हर महीने 100 करोड़ रुपए की मांग करने के मामले में न्यायिक हिरासत में हैं।

एजेंसी ने देशमुख और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से हटाए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे अपने पत्र में सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने मुंबई के पुलिस अधिकारी सचिन वाजे से मुंबई के बार और रेस्तराओं से हर महीने 100 करोड़ रुपए से अधिक की उगाही करने को कहा था। उन्होंने कहा कि मामले में वाजे को भी गिरफ्तार किया गया जिसे सरकारी गवाह बनने के बाद अदालत ने माफी दे दी है।



हरिद्वार में सावन के पहले सोमवार को हर की पौड़ी में नहाते हुए कांवरिया।

# संसद के मानसून सत्र की हंगामेदार शुरुआत

**भाषा।** नई दिल्ली

**● प्रधानमंत्री ने सार्थक व उपयोगी चर्चा का आह्वान किया**

**संसद के** मानसून सत्र की सोमवार को हंगामेदार शुरुआत हुई तथा कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने महंगाई, दूध और दही सहित कुछ खाद्य पदार्थों पर वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) लगाए जाने, अग्निपथ योजना और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया। हंगामे की वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही में व्यवधान हुआ। लिहाजा, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। यह हंगामा तब हुआ जब सुबह ही सत्र की शुरुआत के मौके पर प्रधानमंत्री ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे संसद में गहन चिंतन और उत्तम चर्चा करें ताकि सदन को अधिक से अधिक सार्थक और उपयोगी बनाया जा सके। सभापति के रूप में अपने आखिरी सत्र का संचालन कर रहे एम वेंकैया नायडू ने उच्च सदन के सदस्यों से अपील की कि वे पिछले पांच वर्ष की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने सदस्यों को आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव की याद दिलाते हुए कहा कि उन्हें इस सत्र को सार्थक बनाने का पूरा प्रयास करना चाहिए। लोकसभा में कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना और महंगाई समेत अन्य विषयों को लेकर सदन में हंगामा किया जिस कारण कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। एक बार के स्थगन के बाद जब अपराह्न दो बजे निचले सदन की कार्यवाही पुन: आरंभ हुई तो कांग्रेस और अन्य दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए।

# शिवसेना ने एकनाथ शिंदे-फड़णवीस सरकार पर मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर निशाना साधा

**मुंबई।** शिवसेना ने सोमवार को महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिना मंत्रिमंडल के संवैधानिक दुविधा की स्थिति में होने के बावजूद सरकार मनमाने फैसले ले रही है। शिंदे ने मुख्यमंत्री के रूप में 30 जून को शपथ ली थी और उनके साथ देवेंद्र फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन उसके बाद से मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं किया गया है। हालांकि, नई सरकार ने आरे में मेट्रो रेल कारशेड, औरंगाबाद और उस्मानाबाद शहरों तथा प्रस्तावित नवी मुंबई हवाई अड्डे के नाम बदलने संबंधी फैसले लेने शुरू कर दिए हैं।

शिवसेना के उद्धव ठाकरे नीत धड़े ने जोर देते हुए कहा है कि शिंदे-फडणवीस सरकार अवैध है, क्योंकि बागी विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने की याचिका उच्चतम न्यायालय में लंबित है। ठाकरे नीत खेमे ने इस महीने की शुरुआत में राज्यपाल से भी कहा था कि किसी मंत्री को शपथ नहीं दिलाई जाए, क्योंकि शीर्ष अदालत ने अयोग्य करार देने की याचिका पर अभी तक फैसला नहीं लिया है।

उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र के हालिया राजनीतिक संकट से जुड़ी याचिकाओं पर 20 जुलाई को सुनवाई कर सकता है। इसी राजनीतिक उथल-पुथल के चलते महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। शिवसेना ने सोमवार को अपने मुखपत्र सामना में छपे एक संपादकीय में शिंदे और फडणवीस की तुलना फिल्म एक दूजे के लिए के प्रमुख पात्रों वासु और सपना से करते हुए कहा कि दो सदस्ईय सरकार असामान्य प्रयोग और राजनीतिक परिवार नियोजन है। संपादकीय में लिखा है, लेकिन उच्चतम न्यायालय के जबरन नसबंदी कराए जाने से उन्हें इस हालात का सामना करना पड़ा है।

कमल हासन और रति अग्निहोत्री अभिनीत 1981 की फिल्म एक दूजे के लिए में उनके किरदार वासु और सपना एक दूसरे से बेहद प्यार करते थे, लेकिन उनकी कहानी का दुखद अंत हुआ। शिवसेना ने कहा, महाराष्ट्र में पिछले 15 दिन से अधिक समय से एक मुख्यमंत्री और एक उप मुख्यमंत्री हैं, लेकिन इसे सरकार नहीं कहा जा सकता। पार्टी ने कहा कि 40 से अधिक विधायकों को बगावत के बीच सूरत, गुवाहाटी और गोवा घुमाया गया, लेकिन जब वे मुंबई लौटे तो केवल दो लोगों (शिंदे और फडणवीस) ने ही शपथ ली। शिवसेना ने पूछा कि यह सरकार औरंगाबाद का नाम संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम धाराशिव करने तथा नवी मुंबई हवाई अड्डे का नाम डी बी पाटिल के नाम पर करने के उद्धव ठाकरे नीत पूर्ववर्ती सरकार के फैसले को असंवैधानिक कैसे कह सकती है।

# नुपुर ने याचिका को बहाल करने के लिए न्यायालय का रुख किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया और अपनी वापस ली गई याचिका को बहाल करने का आग्रह किया। नुपुर शर्मा ने टीवी पर प्रसारित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद पर की गई उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में दर्ज अलग-अलग प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने के आग्रह वाली याचिका को शीर्ष अदालत से पुन: बहाल करने का अनुरोध किया है। शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद पर की गई उनकी टिप्पणी के संबंध दर्ज अलग-अलग प्राथमिकियों को एक साथ जोड़ने के आग्रह वाली याचिका पर एक जुलाई को सुनवाई के दौरान अवकाशकालीन पीठ की ओर से की गई प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने की भी गुजारिश की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने पैगंबर मोहम्मद खिलाफ टिप्पणी को लेकर कई राज्यों में दर्ज प्राथमिकियों को एक साथ मिलाने की शर्मा की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार वही पीठ नुपुर शर्मा की नई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई कार्यालय रिपोर्ट की जानकारी के मुताबिक इस संबंध में नुपुर शर्मा की रिट याचिका न्यायालय की ओर से एक जुलाई 2022 को खारिज कर दी गई थी। याचिकाकर्ता नुपुर शर्मा की ओर से अधिवक्ता रचिता राय ने नौ जुलाई को एक याचिका दायर कर आदेश के स्पष्टीकरण की मांग की है। इसके अलावा नोटरीकृत हलफनामा दाखिल करने से छूट के लिए आवेदन के साथ उचित निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है। शीर्ष अदालत ने पैगंबर के खिलाफ शर्मा की विवादित टिप्पणियों के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया था ।

# काजोल वेब सीरीज की दुनिया में रखने जा रहीं कदम

**भाषा।** मुंबई

**बॉलीवुड** अभिनेत्री काजोल वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। वह, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंच डिज्नीहॉटस्टार की एक वेब सीरीज में नजर आएंगी। इससे पहले, काजोल ने नेटफ्लिक्स की फिल्म त्रिभंगा के साथ 2021 में ओटीटी मंच पर अपनी नई पारी की शुरुआत की थी। डिज्नीहॉटस्टार की ओर से जारी बयान के अनुसार, अभिनेत्री (47) ने कहा कि एक नए स्वरूप में काम करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन मुझे चुनौतियों का सामना करना पसंद है। काजोल ने पीटीआई-भाषा को हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में जल्द किसी सीरीज में नजर आने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, मैं जल्द किसी ओटीटी शो पर काम शुरू क-रूंगी। यह एक महिला और उसके सफर की कहानी है।



राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान।

# केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षक संकाय के 6,549 पद रिक्त

**नई दिल्ली।** देश में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षक संकाय के 6,549 पद रिक्त हैं जिनमें से अनुसूचित जाति श्रेणी में 988 पद, अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 576 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में ।,761 पद रिक्त हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार द्वारा लोकसभा में पेश आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। लोकसभा में राजीव प्रताप रूडी के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने सोमवार को ब्यौरा रखा। रूडी ने पूछा था कि क्या संपूर्ण देश के विभिन्न कॉलेजों में कई स्थाई संकाय पद रिक्त हैं और अगर हैं तो इसका ब्यौरा दिया जाए। मंत्री ने बताया कि 4,807 पदों को भरने के लिए विज्ञापन दिया गया है और चयन प्रक्रिया चल रही है।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा लिखित जवाब में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार,1 अप्रैल 2022 की स्थिति के अनुसार, देश में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की संख्या 6,549 है जिसमें अनुसूचित जाति श्रेणी में 988 पद, अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 576 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 1,761 पद, सामान्य श्रेणी में 2,252 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में 628 पद और निशक्त जनों की श्रेणी में 344 पद रिक्त हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में शिक्षक संकाय के 900 पद रिक्त हैं जिनमें से अनुसूचित जाति श्रेणी में 138 पद, अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 70 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 244 पद, सामान्य श्रेणी में 311 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में 93 पद और निशक्त जनों की श्रेणी में 44 पद रिक्त हैं।

वहीं, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शिक्षक संकाय के 326 पद रिक्त हैं जिनमें से अनुसूचित जाति श्रेणी में 61 पद, अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 43 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 105 पद, सामान्य श्रेणी में 64 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में 32 पद और निशक्त जनों की श्रेणी में 21 पद रिक्त हैं। जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में शिक्षक संकाय के 223 पद रिक्त हैं। शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि रिक्तियों का होना और उन्हें भरा जाना एक सतत प्रक्रिया है। सेवानिवृति, त्यागपत्र और छात्रों की बढ़ी हुई संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यक्ताओं के परिणामस्वरूप रिक्तियां उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान शिक्षक संकाय की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न उपाय अपना रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों का अध्ययन प्रभावित नहीं हो। सुभाष सरकार ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों से 5 सितंबर 2021 से शुरू होकर एक वर्ष की अवधि में मिशन के रूप में रिक्तियों को भरने का अनुरोध किया है।

## क्विक न्यूज

### बिना समय गंवाए कोविड-19 मृतकों के परिजनों को मुआवजा दें राज्य : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सभी राज्यो और केंद्र-शासित प्रदेशो को बिना समय गंवाए कोविड-19 मृतकों के परिजनों को मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्न की पीठ ने कहा कि अगर किसी दावेदार को मुआवजा राशि का भुगतान न किए जाने या फिर उनका दावा ठुकराए जाने के संबंध में कोई शिकायत है तो वे संबंधित शिकायत निवारण समिति का रुख कर सकते है। पीठ ने शिकायत निवारण समिति को दावेदारो के आवेदन पर चार सप्ताह के भीतर फैसला लेने का निर्देश भी जारी किया। आंध्र प्रदेश सरकार पर राज्य आपदा मोचन बल के खाते से व्यक्तिगत जमा खातो में धन हस्तांतरित करने का आरोप लगाने वाली याचिका पर पीठ ने संबंधित धनराशि को दो दिनो के भीतर एसडीआरएफ खाते मे स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, हम सभी राज्यो को हमारे पूर्व के आदेश के तहत पात्र लोगो को बिना देरी किए मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए याचिका पर सुनवाई पूरी करते है। अगर किसी दावेदार को कोई शिकायत है तो वह संबंधित शिकायत निवारण समिति का रुख कर सकता है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले आंध्र सरकार को राज्य आपदा मोचन बल से व्यक्तिगत जमा खातो मे धन हस्तांतरित करने का आरोप लगाने वाली याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने केलिए आखिरी मौका दिया था। न्यायालय ने राज्य सरकार पर धन स्थानांतरित करने पर रोकलगाते हुए उसे इस संबंध मे एकनोटिस भी जारी किया था। याचिकाकर्ता पल्ला श्रीनिवास राव की तरफसे पेश अधिवक्ता गौरव बंसल ने तर्कदिया था किआंध्र सरकार ने एसडीआरएफखाते से व्यक्तिगत जमा खातों मे धन स्थानांतरित किया है, जो आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत वैध नही है। बंसल ने आरोप लगाया था किराज्य सरकार आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 46(2) केतहत निर्धारित कार्यो से अलग कामो केलिए एसडीआरएफकेधन का अवैध रूप से इस्तेमाल कर रही है।

### सरकार ने आयातित कोयले का मिश्रण अनिवार्य बनाकर अपने मित्रों को फायदा पहुंचाया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया किकेंद्र सरकार ने बिजली उत्पादन कंपनियो केलिए आयातित कोयले का मिश्रण अनिवार्य बनाकर अपने कुछ उद्योगपति मित्रो को फायदा पहुंचाया है। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यह दावा भी किया किमोदी सरकार ने अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने का नया तरीका विकसित कर लिया है और इससे आम उपभोक्ताओ को बिजली की अधिककीमत चुकानी होगी। कांग्रेस नेता ने कहा, देश मे 75 प्रतिशत बिजली का उत्पादन कोयला आधारित बिजली घरो द्वारा किया जाता है। मोदी सरकार ने इन बिजली घरो से कहा कि आपको 10 प्रतिशत आयातित कोयला खरीदना पड़ेगा क्योकिइसकेमिश्रण केबिना अच्छी बिजली पैदा नही होगी। पहले तो सरकार ने आयातित कोयले केमिश्रण को अनिवार्य बनाया और फिर कोयला आयात करने का ठेका अपने मित्रो को दे दिया। अब ये मित्र आयातित कोयला बिजली उत्पादकइकाइयो को घरेलू कोयले केमुकाबले सात से 10 गुना दाम पर बेच रहे है। इससे वे लोग बहुत मुनाफा कमा रहे है। वल्लभ ने दावा किया किया कि 4,035 करोड़ रुपए की लागत करीब 25 लाख टन कोयला आयात करने का ठेका अडाणी एंटरप्राइजेज को दिया गया। उनके इस आरोप पर सरकार या अडाणी एंटरप्राइजेज की तरफसे कोई प्रतिक्रिया नही आई है।

### तीन चीनी नागरिकों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**भुवनेश्वर।** आप्रवासन ब्यूरो ने भारत में अवैध डिजिटल ऋण ऐप संचालित करने के आरोप में तीन चीनी नागरिको के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। ओडिशा की आर्थिक अपराध शाखा से इस संबंध मे अनुरोध मिलने के बाद यह नोटिस जारी किया गया। इस महीने की शुरुआत में ऐसे ही एक आरोप मे एक अन्य चीनी नागरिक के खिलाफ भी लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। वे गिरोह से संबद्ध है और मुख्य आरोपी है... आरोपी व्यक्ति अवैध रूप से डिजिटल ऋण ऐप संचालित कर रहे थे। इसमे कहा गया है कि देश भर मे ऐप के पीड़ितो की संख्या एक लाख से अधिक है। इसमे कहा गया है कि सबूतों के अनुसार वे लोग इंडोनेशिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशो मे इसी तरह के घोटालो में शामिल रहे हैं। अधिकारियो ने बताया कि इस मामले मे आगे जांच की जा रही है।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस में अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर पुलिस मे अग्निवीरो के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। मनोज सिन्हा ने अवाम की आवाज नामक रेडियो चर्चा के 16वें संस्करण के दौरान रविवार को कहा कि उनका फैसला जम्मू के दो युवाओ-संकर्षण शर्मा और आकर्षित शर्मा के सुझाव पर आधारित है। उपराज्यपाल ने कहा, संकर्षण और आकर्षित, मै आपके सुझाव के लिए आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। मै आपको बताना चाहता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर पुलिस मे अग्निवीरो के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू करेंगे।

# आधुनिक नगर नियोजकों को बहुत कुछ सिखाते हैं भारत के पुराने शहर

**मंगलुरु।** भारत में इक्कीसवीं शताब्दी के नगर नियोजकों ने सदियों पुरानी संस्कृति को फिर से खोजा है। धोलावीर 4670 साल पुराना शहर है जिसमें ओर्थोगोनल गलियां हैं, नियोजित शहरी स्थान है और भूमिगत जल एवं सीवेज की व्यवस्था है। यूनेस्को ने 2021 में इसे विश्व विरासत स्थल के तौर पर मान्यता दी है। भारतीय उपमहाद्वीप में ऐसे सैड़कों नियोजित शहर हैं। भारत के प्रचीन विरासती शहर जलवायु परिवर्तन की बदतर होती स्थिति के दौर में कई सबक सिखाते हैं। स्वदेशी शहरीकरण का विचार नगरों और बस्तियों का है जो स्थानीय मौसम और जलवायु पैटर्न के हिसाब से होता है और इसे शिक्षाविदों एवं भवन उद्योग ने स्वीकार किया है। भारत के पुराने शहर, 21वीं सदी के नगर नियोजकों को बहुत कुछ सिखा सकते हैं।

बीसवीं सदी के नगरीकरण की विशेषता शहरों का फैलाव और उंच्च-उंची इमारतें हैं। पैट्रिक गेडेस से लेकर लुई ममफोर्ड, जैन जैकब्स जैसे नगर विशेषज्ञों ने माना है कि उपनगर और उंची-उंची इमारतों वाले शहरी केंद्र टिकाऊ नहीं हैं। उनके व्यापाक पारिस्थितिक प्रभाव होने के साथ-साथ जल प्रबंधन में परेशानी है और समस्याग्रस्त परिवहन व्यवस्था है। इसके साथ ही वे अधिकतर नागरिकों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण जिंदगी भी नहीं दे पाते हैं। संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्य, 21वीं सदी की कल्पना हैं और इसमें जिन चीज़ों को रेखांकित किया गया है कि उन्हें औद्योगिकरण के पूर्व के शहर में पहले ही साकार किया जा चुका है। भारत में पारंपरिक शहर की बुनियादी विशेषता सघन नगर प्रारूप है जिसमें गैर-मोटर चालित पारगमन प्रणाली होती है। ए संसाधनों की बेकार खपत और उच्च प्रदूषण भार को कम करते हैं जो जलवायु परिवर्तन में योगदान देते हैं।

शाहजहानाबाद (मौजूदा पुरानी दिल्ली) जैसा भारतीय शहर नियोजित तरीके से 17वीं सदी में बसाया गया था। इसके अलावा विकासशील देशों में कई पारपंरिक शहर हैं जिनमें वही विशेषताएं हैं जिनकी कल्पना संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्य में की गई हैं। पुराने सघन नगर, आधुनिक महानगरों की तुलना में कम भूमि पर बसे हैं और उनमें से ज्यादातर भौगोलिक रूप से उंचाई वाले हिस्सों में हैं जहां अधिक घनत्व होता है लेकिन उंची इमारतें नहीं होती हैं। सार्वजनिक परिवहन का अच्छा नेटवर्क होता है और मिश्रित इलाके होते हैं जहां कार्यस्थल, घर और खेलने का स्थान एक ही इलाके में होता है। इनमें आधुनिक नगरों की तुलना में बिजली और इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली की भी कम जरूरत पड़ती है। इससे जीवाश्म ईंधन की खपत कम होती है और जलवायु को भी कम नुकसान होता है।

# सुप्रीम कोर्ट भ्रष्टाचार मामले में झारखंड सरकार और सोरेन की याचिका पर सुनवाई को तैयार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड सरकार और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल दो अलग-अलग याचिकाओं को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सोमवार को सहमत हो गया। ये याचिकाएं उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देते हुए दाखिल की गई हैं, जिसमें खनन पट्टे जारी करने में कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया था। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल व मीनाक्षी अरोड़ा के उस प्रतिवेदन पर गौर किया, जिसमें मामले में जल्द सुनवाई करने का अनुरोध किया गया था। दोनों अधिवक्ता क्रमश: झारखंड सरकार और मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।

# केवीएस में विवेकाधीन कोटा को वापस लिया कोटा स्वीकृत कक्षा संख्या से अधिक था : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने शिक्षा मंत्री, संसद सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आदि के कुछ विवेकाधीन प्रावधानों को वापस लिया है। लोकसभा में तेजस्वी सूर्या के प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने यह जानकारी दी। सूर्या ने पूछा था कि वर्ष 2022 में सांसद कोटा एवं अन्य कोटे रद्द किए जाने से केन्द्रीय विद्यालयों में कितनी सीटें निर्मुक्त हो गई हैं।

प्रधान ने कहा कि प्रत्एक संस्थान अपनी प्रणाली में गुणवत्तापरक परिवर्तन लाने के लिए अपनी प्रक्रियाओं एवं नीतियों की समीक्षा करता रहता है। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने उन कुछ प्रावधानों को वापस लिया है जो विवेकाधीन थे। उन्होंने बताया कि इन विवेकाधीन प्रावधानों में शिक्षा मंत्री, संसद सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, प्रायोजक प्राधिकरण आदि का कोटा शाामिल है।

शिक्षा मंत्री ने कहा, यह कोटा स्वीकृत कक्षा संख्या से अधिक था और इस प्रकार से कोई भी सीट निर्मुक्त नहीं की गई है। यह कदम बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखने तथा वांछित पठन पाठन परिणाम प्राप्त करने में सहायक होगा। प्रधान ने बताया कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत केंद्रीय विद्यालयों में 220 बच्चों का दाखिला किया गया है। ज्ञात हो कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना में कोविड महामारी में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों की व्यापक निरंतर देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने और शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने आदि का प्रावधान किया गया है।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शीर्ष सुरक्षा प्रमुख और महाभियोजक को पद से हटाया

● रूस के पूर्वी यूक्रेन पर हमले तेज किए जाने बाद जेलेंस्की ने लिया फैसाल, दोनों प्रमुखों पर लगाया देशद्रोह का आरोप



एपी। विनित्सिया (यूक्रेन)

**रूस** की ओर से पूर्वी यूक्रेन में हमले तेज किए जाने के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सुरक्षा प्रमुख और महाभियोजक को रविवार को बर्खास्त कर दिया। राष्ट्रपति ने दोनों को बर्खास्त करने के पीछे देशद्रोह और विभाग के लोगों तथा कानून प्रवर्तन अन्य एजेंसियों के लोगों के साथ सांठगांठ करने के आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा, अभियोजन कार्यालय के और एसबीयू (राज्य सुरक्षा सेवा) के 60 से अधिक कर्मचारी कब्जे वाले क्षेत्र में हैं और उन्होंने देश के खिलाफ काम किया।



रूस के रक्षा मंत्रालय ने जारी की मिसाइल परीक्षण की तस्वीर परंतु जगह का खुलासा नहीं

जेलेंस्की ने रात के वक्त देश के नाम संबोधन में जारी एक वीडियो में कहा, देश के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिष्ठानों के खिलाफ इस प्रकार के अपराध तथा यूक्रेनी सुरक्षा बलों और रूसी विशेष सेवा के बीच संबंध बेहद गंभीर सवाल पैदा करते हैं। उन्होंने एसबीयू के प्रमुख इवान बकानोव को पद से बर्खास्त कर दिया। बाकानोव जेलेंस्की के बचपन के मित्र हैं और पूर्व कारोबारी साझेदार भी। युद्ध शुरू होने के बाद से ही बाकानोव के खिलाफ गंभीर आरोप लग रहे थे। पिछले महीने से अज्ञात सूत्रों के हवाले से खबरें आ रही थींकि जेलेंस्की उनका विकल्प तलाश रहे हैं। राष्ट्रपति ने इरयाना वेनेदिकतोवा को भी महाभियोजक पद से बर्खास्त कर दिया है। उनकी जगह उनकी सहायक ओलेक्सीय साइमोनेन्को को महाभियोजक बनाया गया है।

# पंजाब उपचुनाव में जीत के बाद इमरान खान ने की आम चुनाव कराने की मांग

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पंजाब एसेंबली उपचुनाव में उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) को मिली भारी जीत के बाद देश में नए आम चुनाव कराने की मांग की। इमरान खान को अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किए जाने के बाद उनकी पार्टी पीटीआई और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के बीच यह पहला प्रमुख चुनावी मुकाबला था। शहबाज़ के बेटे मुख्यमंत्री हमज़ा शहबाज़ अपना पद खोने वाले हैं। मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव 22 जुलाई को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर होगा और पीटीआई-पीएमएलक्यू के संयुक्त उम्मीदवार चौधरी परवेज़ इलाही के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रांत पंजाब के नए मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। पीटीआई के अध्यक्ष खान ने रविवार को ट्वीट करके पार्टी कार्यकर्ताओं और पंजाब के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने केवल पीएमएल-एन के उम्मीदवारों को नहीं हराया बल्कि पूरे राज्य के तंत्र के,खास तौर पर पुलिस की प्रताड़ना को तथा पूरी तरह पक्षपाती पाकिस्तान के चुनाव आयोग को हराया है। खान ने कहा, यहां से आगे का रास्ता केवल एक विश्वस्नीय चुनाव आयोग की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना है। कोई भी अन्य रास्ता राजनीतिक अनिश्चितिता और आर्थिक उथल पुथल को बढ़ाएगा।

### कठिन निर्णयों के चलते पार्टी पंजाब उपचुनाव में हारीः शरीफ

**लंदनालाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से समझौता करने के लिए सरकार ने जो मुश्किल निर्णय किए है उसी के चलते सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पंजाब विधानसभा उप चुनाव मे हारी है। मीडिया मे सोमवार को जारी एक खबर मे यह जानकारी दी गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने रविवार को पंजाब के एसेंबली उपचुनावो मे वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ को करारा झटका देते हुए क्लीन स्वीप कर दिया। तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को अप्रैल मे अपदस्थ किए जाने के बाद से उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के बीच यह पहला प्रमुख चुनावी मुकाबला था। शहबाज़ के बेटे मुख्यमंत्री हमज़ा शहबाज़ अपना पद खोने वाले है। मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव 22 जुलाई को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर होगा और पीटीआई-पीएमएलक्यू के संयुक्त उम्मीदवार चौधरी परवेज़ इलाही के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रांत पंजाब के नए मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके शरीफ फिलहाल लंदन मे है। समाचारपत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुतबिक उन्होने अपने छोटे भाई एवं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुख्यमंत्री हमजा शरीफ से बात की और उनसे पार्टी की एक आपात बैठक बुलाने को कहा। पार्टी के सूत्रो के अनुसार पार्टी प्रमुख ने कहा कि आईएमएफ से समझौता करने के लिए सरकार ने जो मुश्किल निर्णय लिए है उसी से पीएमएल-एन पंजाब विधानसभा उप चुनाव मे हारी है।

# गोटबाया राजपक्षे के सिंगापुर में प्रवेश के विरोध में मौन प्रदर्शन

भाषा। सिंगापुर

**श्रीलंका** के अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के पिछले बृहस्पतिवार को यहां पहुंचने पर सिंगापुर के कुछ लोगों ने मौन प्रदर्शन किया। गोटबाया के बृहस्पतिवार को सिंगापुर पहुंचने के तुरंत बाद पुलिस ने संभावित प्रदर्शनकारियों को कानून तोड़ने के परिणामों को लेकर आगाह किया। पुलिस ने कहा कि जनता, सिंगापुर के नागरिक, निवासी, वर्क पास धारक और सामाजिक आगंतुक समान रूप से स्थानीय कानूनों का पालन करें। द स्ट्रेट्स टाइम्स ने रविवार को पुलिस का हवाला देते हुए कहा, सार्वजनिक सभा, जो अवैध है उसमें भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। बृहस्पतिवार को बनाई गई चेंज डॉट ओआरजी नामक याचिका में व्यवसाई रेमंड एनजी ने लिखा कि सिंगापुर गणराज्य के प्रति निष्ठा के चलते उन्होंने, धन शोधन के आरोप में राजपक्षे के खिलाफ सिंगापुर में एक पुलिस रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार तक, 2,000 से अधिक लोगों ने याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि यह ज्ञात नहीं है कि इनमें से कितने विशिष्ट थे या सिंगापुर से थे। सिंगापुर के फैसले पर नाराजगी जाहिर करने के लिए कई श्रीलंकाई लोग ट्विटर पर सिंगापुर सरकार के ट्विटर अकाउंट को टैग भी कर रहे हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिनका मानना है कि सिंगापुर को राजपक्षे को प्रवेश की अनुमति देने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जब वह बृहस्पतिवार को चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचे, तब भी वे श्रीलंका के राष्ट्रपति थे। राजपक्षे ने औपचारिक रूप से शुक्रवार को इस्तीफा दिया था। द स्ट्रेट्स टाइम्स के अनुसार, इस बीच राजपक्षे को देश में आने देने के सिंगापुर के फैसले के खिलाफ शनिवार को हांग लिम पार्क में स्पीकर्स कॉर्नर पर एक मौन प्रदर्शन किया गया। सिंगापुर सरकार के अनुसार, राजपक्षे को निजी यात्रा पर देश में प्रवेश की अनुमति दी गई है।



श्रीलंका में समाजिक कार्यकर्ता रनिल विक्रमासिंघे के विरोध में प्रदर्शन करते हुए

## जेनिफर लोपेज, बेन एफ्लेक ने शादी की

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिकी अभिनेत्री, गायिका जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने शादी कर ली है। दोनों ने इससे पूर्व 20 साल पहले 2002 में सगाई की थी। लोपेज ने अपनी वेबसाइट ऑन द जेएलओ पर यह जानकारी दी। लोपेज ने बताया कि उनके और एफ्लेक के बच्चों की मौजूदगी में लास वेगास के लिटिल व्हाइट वेडिंग चैपल में दोनों ने शादी की। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक ने अप्रैल में दोबारा सगाई करने की घोषणा की थी। पहली बार दोनों ने नवंबर 2002 में सगाई की थी, लेकिन 2004 की शुरुआत में दोनों अलग हो गए थे। लोपेज ने 2004 में ही जून में मार्क एंथोनी से शादी कर ली थी, दोनों 2008 में जुड़वा बच्चों के माता-पिता बने थे। अमेरिकी अभिनेता एफ्लेक ने 2005 में जेनिफर गार्नर से शादी की और दोनों के तीन बच्चे हैं। लोपेज ने लिखा कि पांच बेहतरीन बच्चों का परिवार पाकर वे दोनों बेहद खुश हैं।

# इंडियाना मॉल में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

● चश्मदीद ने हमलावर को मार गिराया

एपी। ग्रीनवुड (अमेरिका)

**इंडियाना** मॉल में रविवार शाम को फूड कोर्ट में एक व्यक्ति ने राइफल से गोलीबारी की जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ग्रीनवुड पुलिस विभाग के प्रमुख जिम इसन ने कहा कि एक व्यक्ति राइफल के साथ ग्रीनवुड पार्क मॉल में घुसा और उसने फूड कोर्ट में गोलीबारी शुरू कर दी। इसन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक हथियारबंद नागरिक ने संदिग्ध को मार डाला। उन्होंने बताया कि कुल चार लोग मारे गए और दो घायल हो गए। गोलीबारी की सूचना मिलने पर अधिकारी शाम करीब छह बजे मॉल पहुंचे। अधिकारी मॉल में अन्य पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं, हालांकि उनका मानना है कि गोलीबारी फूड कोर्ट तक ही सीमित रही। इसन ने कहा कि पुलिस ने फूड कोर्ट के पास शौचालय में एक संदिग्ध बैग बरामद किया है। इंडियानापोलिस, मेट्रोपॉलिटन पुलिस और कई अन्य एजेंसियां जांच में सहायता कर रही हैं। इंडियानापोलिस के सहायक पुलिस प्रमुख क्रिस बेली ने कहा, हम देश में इस तरह की एक और घटना से आहत हैं। ग्रीनवुड की आबादी लगभग 60,000 है और यह इंडियानापोलिस का एक दक्षिणी उपनगर है।

**PUBLIC NOTICE**

Our Client Sanjeev Khanna S/o Prem Khanna R/o F-17/11, UG, Floor, Krishna Nagar, Delhi have severed all relations, disowned his son namely Chetan Khanna and debarred him from all movable-immovable properties due to misconduct. Our Client shall not be responsible for any act of Chetan Khanna in future.

Gaurav Dubey (Advocate)
Enr. No. D-4064/2012
Ch.No. D-614, KKD Courts, Delhi

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती जगपति पत्नी श्री राम नाथ पाल, ने मीनाक्षी गार्डन, नई दिल्ली में स्थित बिना छत अधिकार के एरिया परिमाप 60 वर्ग गज का संपूर्ण भूतल और एरिया परिमाप 30 वर्ग गज का प्रथम तल का छत, संपति सं. 181पर निर्मित, खसरा सं. 316, नोटरीकृत जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 10.09.2002, के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री तरनजीत सिंह, श्रीमती जगपति पत्नी श्री राम नाथ पाल से नोटरीकृत जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 10.09.2002 के माध्यम से उपरोक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ खरीद रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**CAUTION NOTICE**

जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कुछ अज्ञात धोखेबाज व्यक्तियों ने फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (www.fip.org.in) का एक जाली लेटरहेड बनाया है और उस पर अध्यक्ष श्री रमेश के. मित्तल के जाली हस्ताक्षर किए हैं। आपको ऐसे किसी भी पत्र या पत्राचार पर भरोसा करने के प्रति सावधान किया जाता है। कोई भी आधिकारिक संचार या पत्र केवल अधिकारिक चैनलों जैसे कि FIP का ईमेल पता: fippresident@gmail.com; federationofindianpublishers1@gmail.com; federationofindianpublishers2@gmail.com; FIP की वेबसाइट: www.fiponline.org अथवा FIP के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से साझा किया जाता है। एफआईपी ने मामले की सूचना पुलिस को दी है और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। किसी भी प्रश्न हेतु कृपया निम्नलिखत ईमेल पर संपर्क करें:

The Federation of Indian Publishers
18/1C, Institutional Area, Aruna Asaf Ali Marg (Near JNU) New Delhi - 110067
fippresident@gmail.com

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी बरकरार

● सेंसेक्स और निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक हुए मजबूत

संवाददाता। मुंबई

**शेयर** बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच आईटी, तेल और गैस तथा बैंक शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 760.37 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 54,521.15 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 229.30 अंक यानी 1.43 प्रतिशत मजबूत होकर 16,278.50 अंक पर बंद हुआ। आनंद राठी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज के बुनियादी शोध प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा, एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच घरेलू बाजार बढ़त के साथ खुला।

दोपहर के कारोबार में आईटी, प्रौद्योगिकी और पूंजीगत सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में और मजबूती आई। इन्फोसिस, टेक महिंद्रा जैसे बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से भी बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक सबसे अधिक 4.36 प्रतिशत लाभ में रहा। आईटी कंपनियों में गिरावट के दौर पर विराम लगा और इन्फोसिस 4.16 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 3.67 प्रतिशत, विप्रो 2.77 प्रतिशत, और टीसीएस 2.23 प्रतिशत मजबूत हुए।कच्चे तेल के दाम में तेजी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज में करीब एक प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा बजाज फिनसर्व 3.46 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 3.31 प्रतिशत, कोटक बैंक 3.25 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 2.78 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक 2.35 प्रतिशत के लाभ में रहा। दूसरी तरफ, सबसे ज्यादा नुकसान में डॉ. रेड्डीज लैब (1.7 प्रतिशत) रही। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी गिरावट रही।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में खुदरा बिक्री बढ़ने से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में 0.75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की संभावना को लेकर चिंता कुछ दूर हुई है। इससे वैश्विक शेयर बाजारों में एक उम्मीद बंधी है। यूरोपीय केंद्रीय बैंक इस सप्ताह होने वाली बैठक में महंगाई को काबू में लाने के लिए नीतिगत दर में वृद्धि कर सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि किसानों की आय बढ़ने की रिपोर्ट से भी धारणा मजबूत हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 के मुकाबले किसानों की आय औसतन 2021-22 में 1.3 से 1.7 गुना बढ़ी है। वहीं अनाज निर्यात बढ़कर 50 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग उल्लेखनीय रूप से लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.18 प्रतिशत उछलकर 103.4 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है। उन्होंने शुक्रवार को।,649.36 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

### थ्री-व्हीलर्स के लिए इंजन ऑयल किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** शेल फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स में ग्लोबल मार्केट में अग्रणी कंपनी ने विशेष रूप से थ्री-व्हीलर्स के लिए डिजाइन और कस्टमाइज़ किए गए शेल इंजन ऑयल के लॉन्च की घोषणा की। थ्री व्हीलर्स का सेगमेंट साल दर साल बढ़ रहा है और यह लास्ट.माइल कनेक्टिविटी देकर देश में मोबिलिटी की जरूरतों को पूरी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कंट्रीहेड देबांजलि सेन गुप्ता ने कहा कि शेल में हम वैश्विक दृष्टिकोण में विश्वास करते हैं।

# ईपीएफओ शेयरों में निवेश सीमा बढ़ाकर कर सकता है 20 प्रतिशत

● 29 और 30 जुलाई को होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव को मिल सकती है हरी झंडी

भाषा। नई दिल्ली

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) शेयर और उससे संबंधित निवेश उत्पादों में निवेश की मौजूदा सीमा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे सकता है। एक सूत्र के अनुसार, 29 और 30 जुलाई को होने वाली ईपीएफओ न्यासियों की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने की संभावना है।

फिलहाल ईपीएफओ निवेश योग्य जमा का पांच प्रतिशत से 15 प्रतिशत इक्विटी या इक्विटी संबंधित योजनाओं में निवेश कर सकता है। इस सीमा को बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर ईपीएफओ के परामर्श निकाय वित्तीय लेखा और निवेश समिति (एफएआईसी) ने विचार किया और मंजूरी दी है। एफएआईसी की सिफारिश को विचार और मंजूरी के लिए ईपीएफओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) के समक्ष रखा जाएगा।

सूत्र ने कहा, केंद्रीय श्रम मंत्री की अध्यक्षता वाला केंद्रीय न्यासी बोर्ड एफएआईसी की इक्विटी और इक्विटी संबंधित योजना में मौजूदा पांच से 15 प्रतिशत तक निवेश सीमा को बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने को मंजूरी दे सकता है। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने सोमवार को कहा, सीबीटी की उप-समिति एफआईएसी ने इक्विटी और इक्विटी संबंधित निवेश सीमा 5-15 प्रतिशत से बढ़ाकर 5-20 प्रतिशत करने पर विचार करने की सिफारिश की है...। ईपीएफओ ने अगस्त, 2015 में एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश को मंजूरी दी थी। उस समय निवेश योग्य जमा का पांच प्रतिशत शेयर से जुड़े उत्पादों में निवेश किया गया था। चालू वित्त वर्ष के लिए इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। तेली ने यह भी कहा कि ईपीएफओ के इक्विटी संबंधित निवेश पर रिटर्न 2021 में बढ़कर 16.27 प्रतिशत हो गया जो 2020-21 में 14.67 प्रतिशत था। हालांकि, श्रमिक संगठन ईपीएफओ के शेयर बाजार में निवेश का विरोध करते रहे हैं। इसका कारण इस निवेश पर सरकार की गारंटी का नहीं होना है।

## पांच शहरों में पट्टे पर गोदाम, औद्योगिक स्थल की मांग जून तिमाही में 7 प्रतिशत बढ़ी: कोलियर्स

**नई दिल्ली।** देश के पांच प्रमुख शहरों में जनवरी-जून 2022 तिमाही के दौरान पट्टे पर गोदाम तथा औद्योगिक स्थल की मांग सात फीसदी बढ़कर 1.08 करोड़ वर्गफुट हो गई। रियल एस्टेट क्षेत्र में पेशेवर सेवा देने वाली और निवेश प्रबंधन कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी। पिछले वर्ष पहली छमाही में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में पट्टे पर इन स्थल की मांग 1.01 करोड़ वर्गफुट थी। इसमें बताया गया कि मुंबई और पुणे में पट्टे पर स्थल की मांग बढ़ी है लेकिन बेंगलुरु और चेन्नई में इसमें गिरावट आई है। वहीं दिल्ली-एनसीआर में पट्टे पर गोदाम एवं औद्योगिक स्थल की मांग 30 लाख वर्गफुट पर स्थिर और सपाट बनी हुई है। कोलियर्स इंडिया ने एक बयान में कहा, करीब 55 फीसदी सकल मांग तीसरे पक्ष की लॉजिस्टिक्स कंपनियों की ओर से आई, इसके बाद इंजीनियरिंग एवं ऑटोमोबाइल क्षेत्र से 12-12 फीसदी मांग आई। आंकड़ों के मुताबिक बेंगलुरु में जनवरी से जून के दौरान पट्टे पर स्थल लेने की गतिविधियों में 29 फीसदी की गिरावट और चेन्नई में 16 फीसदी गिरावट आई। वहीं मुंबई में ऐसी गतिविधियां 7 लाख वर्ग फुट से तीन गुना बढ़कर 21 लाख वर्गफुट हो गईं। पुणे में यह पिछले वर्ष के 24 लाख वर्गफुट से सात फीसदी बढ़कर जनवरी से जून 2022 के बीच 26 लाख वर्गफुट हो गईं। कोलियर्स इंडिया में प्रबंध निदेशक (औद्योगिकी एवं लॉजिस्टिक्स सेवा) श्याम अरुमुगम ने कहा, इस साल की पहली छमाही में सबसे ज्यादा मांग तीसरे पक्ष की लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनियों की ओर से आई।

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, SHRI PARMA NAND S/O SHRI KALLU RAM R/O FLAT NO.VII-D-12/36/1, FIRST FLOOR, LIG FLATS, SECTOR-7, ROHINI, DELHI-110085, is the allottee/owner of DDA LIG FLAT NO.36/1, FIRST FLOOR, BLOCK-VII-D-12, SECTOR-7, SITUATED AT ROHINI, DELHI110085, VIDE DDA FILE NO.L015(1586)86/HBM/NP, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original DEMAND CUM ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER, NOC FOR WATER & ELECTRICY CONNECTION, SITE POSSESSION SLIP and BANK CHALLANS of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.595282/2022 dated 15.07.2022. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.8368854876 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LIG (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

I Mohan jha. S/O Late Sh. Sahab Jha R/O K/1 extension 92 ,Mohan garden,Uttam nagar-110059 have purchased a property bearing No. Nova east/1003 Project Supernova address Plot no.3,Sector-94 Noida and sell/transfer the above property to Mrs.Yashoda sharma W/O Manoj Kumar R/O c-2/25A Yamuna vihar Delhi-110053 and M/S Supertech realtors Pvt Ltd had issued Allotment letter in her favour,due to some financial reason Mrs Yashoda sharma got to cancelled sell/transfer deal and hand over me all original documents, I have lost the original allotment letter of the above property ,I have request to M/S Supertech realtors Pvt Ltd to restore above property in my name without original allotment letter and Receipt ,if anybody or financial institutions have objection,he/she may contact to M/S Supertech realtors Pvt Ltd office plot no. C-2,Sector 96,Noida-201303 UP. Within fifteen days.

Tushar Sharma-Advocate # B-1/103
St No.4 Sant Nagar Burari New Delhi-84
Ph.: 9999592027

# जून में खुदरा कारोबार की बिक्री कोविड-पूर्व की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**महामारी** के बाद देश में खुदरा कारोबार पटरी पर लौटता दिख रहा है। जून में खुदरा कारोबार की बिक्री में 13 प्रतिशत का उछाल आया है। रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरएआई ने कहा कि देशभर में खुदरा कारोबार की बिक्री जून में महामारी-पूर्व की समान अवधि या जून, 2019 की तुलना में 13 प्रतिशत बढ़ी है। आरएआई ने बयान में कहा कि जून में बिक्री महामारी-पूर्व के स्तर से अधिक रही है, लेकिन महीने का दूसरा पखवाड़ा संतोषजनक नहीं रहा है। मुद्रास्फीति की वजह से उपभोक्ता खर्च पर असर पड़ा है। आगामी त्योहारी सीजन की बिक्री पर भी महंगाई का असर देखने को मिल सकता है।आरएआई के ताजा कारोबार सर्वे के मुताबिक, पिछले महीने पूर्वी क्षेत्र में खुदरा कारोबार ने सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। इस क्षेत्र की बिक्री में जून, 2019 की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उसके बाद उत्तर क्षेत्र में 16 प्रतिशत, पश्चिम में 11 प्रतिशत और दक्षिण में नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई है।सर्वे के मुताबिक, जून, 2022 में महामारी से पहले की समान अवधि की तुलना में वृद्धि देखी गई है, हालांकि वृद्धि की दर निश्चित रूप से धीमी पड़ी है। कई खुदरा विक्रेताओं का कहना है कि जून का दूसरा पखवाड़ा उत्साहजनक नहीं रहा। इस दौरान शादी-ब्याज का सीजन भी नहीं था। सर्वे के अनुसार, जून, 2019 के मुकाबले पिछले महीने खेल के सामान की बिक्री 29 प्रतिशत बढ़ी। इसके बाद आभूषणों में 27 प्रतिशत, टिकाऊ उपभोक्ता सामान तथा इलेक्ट्रॉनिक्स, और त्वरित सेवा रेस्तरां की बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।आरएआई ने कहा कि परिधान, कपड़े और जूते-चप्पल क्षेत्र की बिक्री जून में 2019 के समान महीने की तुलना में 14-14 प्रतिशत बढ़ी है।

### टीसीएस ब्रिटेन की शीर्ष सॉफ्टवेयर और आईटी सेवा कंपनी : रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) राजस्व के मामले में ब्रिटेन के बाजार में शीर्ष 30 सॉफ्टवेयर और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आपूर्तिकर्ता कंपनियों की सूची में एक बार फिर अव्वल रही है। उद्योग विश्लेषक कंपनी टेकमार्केटव्यू ने यह सूची जारी की है। टीसीएस ने सोमवार को जारी बयान में विश्लेषक कंपनी टेकमार्केटव्यू की तरफ से जारी रिपोर्ट के आधार पर ब्रिटेन की शीर्ष सॉफ्टवेयर और आईटी सेवा कंपनी होने का दावा किया।

## रिलायंस जियो ने 5जी की नीलामी के लिए 14,000 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि जमा कराई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 5जी नीलामी शुरू होने से पहले 14,000 करोड़ रुपए की अग्रिम राशि (ईएमडी) जमा कराई है। वहीं भारती एयरटेल ने भी अग्रिम के रूप में 5,500 करोड़ रुपए जमा कराए हैं। दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर पात्रता-पूर्व बोलीदाताओं की सूची प्रकाशित की गई है।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Home Finance

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051

गुरूग्राम शाखा के स्थानांतरण का निरसन

दि पायनियर (अंग्रेजी) और दि पायनियर (हिन्दी) संस्करण में दिनांक 15 जून, 2022 को प्रकाशित आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, गुरूग्राम शाखा के स्थानांतरण के संबंध में सूचना के संदर्भ में, कम्पनी एतद्द्वारा स्थानांतरण का निर्णय वापस लेती है और परिचालन उसी परिसर से जारी रहेगा, जिसके लिए पता है : द्वितीय तल, एससीओ-319, सेक्टर-29, गुरूग्राम, हरियाणा-122001. इस प्रकार, 15 जून को किया गया प्रकाशन रद्द हो गया है।

वास्ते आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड
प्रियंका शेट्टी
कम्पनी सचिव

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that Late Shri ShyamLal Maheshwari s/o Late Shri Pooran Chand Maheshwari was the absolute owner of 1/3 (One-third) undivided share in the Apartment No. CGN122 with two parking nos. PN1009A and PN1023 in DLF Capital Greens, 15, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-110015 having purchased the same from M/s DLF Home Developers Ltd., DLF Centre, Sansad Marg, New Delhi-110001, by an agreement no. 1274 dated 7.9.2010. That the said Shri ShyamLal Maheshwari left behind with him one daughter Smt. Archana and one son Shri Manoj as his class I legal heirs. That there is no legal heir(s) except those mentioned above. Any person having any sort of right, title, interest or claim of any nature in respect of the aforesaid Apartment, may put forth their claim with DLF Home Developers Ltd., DLF Centre, Sansad Marg, New Delhi-110001 with supportive documentary evidence within 21 days from the publication of this notice, failing which it shall be deemed that there are no claims against the said Apartment.

Abhindra Maheshwari, Advocate
A-24, LGF, East of Kailash,New Delhi- 110065
9891856886, abhindram@gmail.com

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,**
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम डीडीहाट, पिथौरागढ़**

निविदा सूचना संख्या: 1245/निविदा/122 दिनांक : 18.07.2022

**ई-निविदा सूचना**

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : 1. सौगांव पे.यो., 2. गुंजी पे.यो., 3. खेला पे.यो.।
2. ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथि : 19.07.2022 अपराह्न 5.00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि : 02.08.2022 अपराह्न 5.00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता

Public Notice


This is to inform the General Public at large that our client's customer Smt. Harmeet Kaur is Intending to purchase 1st floor, admeasuring 100 sq.yds, on property no. 11-G, Khasra No.606 at Sudarshan Park Extn.,Village Bassai Darapur, Delhi-15 from Avtar Singh who acquired the entire property vide relinquishment deed Dt 24.02.11 as doc no.4762. The said property is being mortgage with M/s Aavas Financiers Ltd"(formerly known as AU Housing Finance Ltd) at Vikram Tower, Rajendra Place,New Delhi after execution of sale deed in favour of client's customer. Hence this notice is hereby given that any person or legal heirs of Late Sardul Singh Solanki,bank's or financial institution/s,or any party/ies,having any claim,charge,interest, title,demand,rights,of whatsoever nature in respect of or against the said property by way of inheritance, share, transfer, mortgage, possession, howsoever nature, are hereby required to make the same known in writing with documentary support to the undersigned within 7 days from the date of publication, failing which the said claim of such person/s, if any will be considered as waived and settled.

Samir Kumar/Lalit Kumar (Advocate), M/s. Excel Law Group
87-D, On 3rd Floor, Pocket-2, Sector-6, Dwarka, New Delhi

# 1993 तक की जा रही थी श्रृंगार गौरी की पूजा

## हिंदू पक्ष की दलील, मुक्दमे में लागू नही होता उपासना स्थल अधिनियम

**भाषा।** वाराणसी



**ज्ञानवापी**-शृंगार गौरी मंदिर परिसर मामले में हिंदू पक्ष के एक वादी की दलीलों पर यहां सोमवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई हुई जो मंगलवार को भी जारी रहेगी।
शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि हिन्दू पक्ष की वादी संख्या एक राखी सिंह के अधिवक्ता शिवम गौड़ ने आज जिला जज ए के विश्वेश की अदालत के समक्ष अपनी दलील रखी, हिन्दू पक्ष की दलील मंगलवार को भी जारी रहेगी। अधिवक्ता शिवम गौड़ ने बताया कि मुस्लिम पक्ष मेरे मुकदमें को पोषणीयता योग्य नहीं बता रहा, यह पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पक्ष बार बार जिस उपासना स्थल अधिनियम, वक्फ अधिनियम और काशी विश्वनाथ अधिनियम की दलील दे रहा है वह मेरे मुकदमे में लागू ही नहीं होता। गौड़ ने बताया कि उन्होंने अदालत के समक्ष अपनी दलील में कहा कि हिन्दू पक्ष 1993 तक मां श्रृंगार गौरी की पूजा करता रहा है और बाद में सरकार ने बैरिकेडिंग कर हिंदुओं को मां श्रृंगार गौरी के पूजा करने पर रोक लगा दी। श्रृंगार गौरी 1993 तक हिंदुओं का पूजा का स्थल था, इसलिए उपासना स्थल अधिनियम मेरे मुकदमें में लागू नहीं होता। गौड़ ने बताया कि मेरा मुकदमा मां श्रृंगार गौरी के नियमित पूजा तक सीमित है। ज्ञानवापी के जमीन का अधिकार राखी सिंह या किसी भी वादी के दायरे में नहीं आता, जमीन के मालिक भगवान आदि विश्वेश्वर हैं और कोई भी भक्त भगवान की जमीन पर अपना दावा नहीं कर सकता। गौरतलब है कि हिंदू पक्ष के चार अन्य वादियों के वकीलों ने शुक्रवार को दलील दी कि ज्ञानवापी क्षेत्र में आदिविश्वेश्वर (भगवान शिव) स्वयं प्रकट हुए और सदियों से उनकी पूजा की जाती रही है, लेकिन बाद में उनकी मूर्ति को छिपा दिया गया। इन चारों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। राखी सिंह तथा अन्य ने ज्ञानवापी परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी में विग्रहों की सुरक्षा और नियमित पूजा पाठ के आदेश देने के आग्रह के संबंध में वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर पिछले मई माह में ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराया गया था। इस दौरान हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया था। सर्वे की रिपोर्ट पिछली 19 मई को अदालत में पेश की गई थी। मुस्लिम पक्ष ने वीडियोग्राफी सर्वे पर यह कहते हुए आपत्ति की थी कि निचली अदालत का यह फैसला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के प्रावधानों के खिलाफ है और इसी दलील के साथ उसने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। न्यायालय ने वीडियोग्राफी सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, लेकिन मामले को जिला अदालत में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। इसके बाद से इस मामले की सुनवाई जिला अदालत में चल रही है। इस मामले की पोषणीयता पर जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश की अदालत में दलील पेश की जा रही है और इसी क्रम में मुस्लिम पक्ष ने पहले दलीलें रखीं, जो मंगलवार को पूरी हो गईं।

# हादसों में चार कांवड़ियों की मौत, हंगामा



**अमरोहा।** अमरोहा जिले के डिंडोली इलाके में सोमवार को परिवहन विभाग की बस की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित कांवड़ियों ने बस को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमरोहा के पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे ने बताया कि डिंडौली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक सवार कांवड़ यात्रियों को एक बस ने टक्कर मार दी जिससे राहुल (17) और पास के मुरादाबाद जिले के गौरव (23) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद कुछ कांवड़ियों ने बस पर हमला बोल दिया। कांवड़ियों के समूह ने हाईवे पर जाम लगाकर यातायात भी रोक दिया। स्थानीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गुस्साए कांवड़ियों को कार्वाई का आश्वासन दिया जिसके बाद उन्होंने रास्ता खाली किया। पुलिस ने मामले को लेकर बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया और स्थानीय पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर कहा, मुख्यमंत्री ने अमरोहा में सड़क दुर्घटना से हुई जनहानि पर गहरा शोक प्रकट किया है और दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### सड़क दुर्घटना में दो शिवभक्तों की जान गई

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक मिनी ट्रक की चपेट में आने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई। थाना प्रभारी (एसएचओ) आशुतोष कुमार ने बताया, दिल्ली-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामपुर चौराहे के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार फरीदाबाद निवासी सौरभ (40) और योगेश (30) की मौत हो गई। दोनों गंगा जल लाने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। पुलिस ने मिनी ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जो वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मिनी ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## आरएसएस और कांवड़ियों पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर प्राथमिकी दर्ज

**बदायूं।** जिले के उघैती थाना क्षेत्र में एक युवक ने कांवड़ियों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट की, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उघैती थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने सोमवार को बताया कि उघैती थाने के स्वयंसेवी समूह में एक मैसेज एक स्वयंसेवी ने फ्लैश किया, जिसमें सत्यवीर नाम से बनी फेसबुक आईडी का स्क्रीनशॉट था। इस स्क्रीनशॉट में सत्यवीर ने कांवड़ियों और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। फेसबुक पोस्ट में कांवड़ यात्रा का विरोध किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. ओपी सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

## स्वीमिंग पूल बने जानलेवा, दस वर्षीय छात्र की डूबने से हुई मौत

**बरेली ।** थाना नवाबगंज से सटे गांव रिछोला किफायतुल्ला में चल रहे स्वीमिंग पूल में डूबकर एक छात्र की मौत हो गई। जब तक अस्पताल पहुंचाया गया देर हो चुकी थी। हॉस्पिटल पहुंचने पर चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर स्वीमिंग पूल पहुंचे छात्र के परिजनों ने संचालक पर हत्या करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मौके पर पहुंचे अन्य स्वीमिंग पूलों के संचालक मामले को सुलटाने के प्रयास में जुटे दिखाई दिए। नवाबगंज के बिजौरिया रोड स्थिति हनुमान मंदिर के पास रहने बाले राजेश कुमार का 10 वर्षिय पुत्र आदित्य अपने एक सहपाठी के साथ रविवार को दोपहर करीब तीन बजे के बाद रिछोला माइनर पर पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर बने कैलाश मानसरोवर स्वीमिंग पूल पर नहाने गया था।

# चिकित्सकों के स्थानांतरण से प्रभावित हो गई व्यवस्था

**उन्नाव।** जिला अस्पताल उन्नाव से वरिष्ठ चिकित्सको के स्थानांतरण के बाद उनके स्थान पर तैनाती न होने से जहां एक ओर व्यवस्था प्रभावित हो रही हैए वहीं पर अस्पताल आने वाले मरीजों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जिला अस्पताल से वरिष्ठ आर्थोपेडिक चिकित्सक डाक्टर पवन कुमार और डाक्टर अजीत सिंह सहित कई अन्य चिकित्सकों का तबादला हो गैर जनपद हो चुका है। स्थानांतरित चिकित्सकों को रिलीव कर दिया गया है। स्थानांतरित चिकित्सकों के स्थान पर वरिष्ठ चिकित्सकों की तैनाती न होने से मरीजों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मरीजों की जांच और आपरेशन का संकट खड़ा हो गया है। ओपीडी में बढ़ने वाली भीड़ समस्या को और विकराल कर रही है। समय पर इलाज न मिलने और घंटो इंतजार करने से कई बार मरीज अक्रोसित भी हो जाते है। यह हाल तब है जब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पोर्टल पर डाक्टरों व कर्मियों से संबंधित आनलाइन जानकारी बीते दिसंबर 2021 से अपडेट करने में जुटा हुआ था।

## आईसीएससी का 10 वीं का रिजल्ट घोषित, शिक्षक पुत्री ने पाया छठा स्थान



**उन्नाव।** आईसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम रविवार शाम को घोषित हुआ। जिसमे सेंट लारेंस स्कूल की छात्रा सूर्यांशी त्रिपाठी ने 97: अंक प्राप्त कर स्कूल में छठा स्थान प्राप्त किया है। शिक्षक पुत्री सूर्यांशी का सपना आईएएस बनने का है। सूर्यांशी की सफलता पर परिजनों और गुरुओं ने खुशी जताई है। पिता आदित्य त्रिपाठी और माता नीतू त्रिपाठी पेशे से शिक्षक है। जिले में आईसीएसई बोर्ड के सभी चार स्कूलों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सेंट लारेंस में 139ए सर सैय्यद में 120ए जेएन शाह के 88 और सेंट ज्यूड्स कॉलेज के 56 छात्र.छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा दी थी। सभी उत्तीर्ण हुए हैं।

## एलपीजी सुरक्षा संगोष्ठी में गृहणियों को किया जागरूक

**रामपुरा ( जालौन )।** राजा चित्तर सिंह इण्डेन गैस सर्विस के द्वारा सोमवार को एलपीजी सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गृहणियों को गैस के रखरखाव व उपयोग करने के तरीकों पर चर्चा कर सुरक्षा के लिहाज से जानकारी उपलब्ध कराई गई। सुरक्षा गोष्ठी में नगर व ग्रामीण क्षेत्र की गृहणियों को गैस चूल्हे के उपयोग करने के तरीकों की जानकारी देते हुए बताया गया कि रसोई घर मे गैस के सिलेंडर को खुली जगह में रखा जाये। सिलेंडर की पाइपलाइन को चूहों से सुरक्षित रखा जाये। गैस चूल्हा इस्तेमाल करने में लाइटर का प्रयोग किया जाये। एलपीजी सिलेंडर को हमेशा सीधा खड़ा रखा जाये।

# मांस की दुकाने जलाने के आरोप में गिरफ्तारी का विरोध

## दक्षिणपंथी संगठनों ने की रिहाई की मांग

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज में दक्षिणपंथी संगठनों के करीब दो दर्जन लोगों ने मांस की दुकानों को जलाने के आरोप में कुछ लोगों की गलत गिरफ्तारी के खिलाफ सोमवार को यहां विरोध-प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों की तुरंत रिहाई की मांग की। एक पुजारी को शनिवार तड़के मंदिर के अंदर मांस के टुकड़े मिले थे। पुलिस ने बताया कि घटना से आक्रोशित भीड़ ने पास स्थित मांस की बिक्री करने वाली तीन दुकानों में आग लगा दी थी। यह घटना तालग्राम थाना क्षेत्र के रसूलाबाद गांव की है। जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में दक्षिणपंथी संगठनों के करीब दो दर्जन लोगों ने सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया और हनुमान चालीसा का पाठ किया। गलत तरीके से गिरफ्तार किए गए लोगों को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए लोगो ने भगवा परिधान पहनकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। विरोध प्रदर्शन करने वाले लोग विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्य बताए जा रहे हैं। इस घटना पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए राज्य सरकार ने रविवार को कन्नौज के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को हटा दिया, जबकि तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि सरकार ने रविवार को जिलाधिकारी (डीएम) राजेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव को हटा दिया।राज्य सरकार ने शुभ्रांत सिंह को जिले का नया जिला अधिकारी बनाया है, जबकि कुंवर अनुपम सिंह को नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। दोनों अधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज प्रशांत कुमार-द्वितीय ने कहा, तालग्राम थाने के थाना प्रभारी हरिश्याम सिंह और दो उप निरीक्षक विनय कुमार और राम प्रकाश को निलंबित कर दिया गया और उन्हें काम में लापरवाही पर पुलिस लाइन भेज दिया गया। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर तालग्राम इलाके में शनिवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब मंदिर के एक पुजारी को सुबह मंदिर परिसर में मांस के कुछ टुकड़े मिले। पुलिस ने घटना के संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मामले में पुलिस ने करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है।

## डीएम ने की अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंहए एएसपी अरुण कुमार सिंह के साथ अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की। डीएम ने निर्देश दिया कि गम्भीर प्राकृति के वादों में प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जाय। यह भी निर्देश दिया कि न्यायालय में साक्ष्य के लिए आने वाले गवाहों से शत प्रतिशत परिक्षित कराया जाय तथा दोषमुक्त मामलों में नियमानुसार अपील की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय। समीक्षा बैठक के दौरान में ई.प्रासी क्यूशन डाटा फिडिंगए सम्मन तामिला इत्यादि कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा.निर्देश दिये गए।डीएम ने मौजूद शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन के अधिकारियों से न्यायालयों में साक्षियों की उपस्थिति और उनके पक्षद्रोही होने के कारणों की समीक्षा की। डीएम ने पुलिस विभाग व अभियोजन विभाग से कहा कि समन तामीली समयबद्ध होनी चाहिए। अधिकतम साक्षियों को न्यायालयों के समक्ष परीक्षित कराया जाय।

# मां ने एक साल के बच्चे की हत्या कर दी, पुलिस ने हिरासत में लिया

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के चांदा कोतवाली क्षेत्र में मां ने कथित तौर पर अपने एक साल के बच्चे की हत्या कर दी। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि उसकी मां खुशबू को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के चांदा कोतवाली अंतर्गत फरमापुर गांव की है। गांव निवासी रोहित शर्मा का एक ही पुत्र शिवम (एक वर्ष) था। बताया जा रहा है कि रोहित मुंबई में रहकर काम करता था और वह गत चार जुलाई को पत्नी खुशबू और बच्चे शिवम को लेकर मुंबई से घर आया था। रोहित ने बताया कि रविवार को मुंबई जाने के लिए घर से प्रयागराज स्टेशन के लिए निकल रहा था, तो पत्नी ने भी साथ चलने की बात कही। इस पर उसने उससे कहा कि अगले महीने 10 अगस्त को तुम्हारा भाई जब मुंबई आएगा, तो उसके साथ आ जाना। लेकिन खुशबू रोहित की यह बात मानने के लिए राजी नहीं हुई। रोहित ने बताया कि शनिवार रात को पत्नी ने उसे खाना देने से मना कर दिया और इसके बाद रात में बेटे शिवम का मुंह दबाने का प्रयास किया। रोहित के मुताबिक जब वह रविवार को घर से निकला, तो उसकी पत्नी ने बेटे को मार डाला। रोहित को जब इस घटना की जानकारी हुई, तो वह आधे रास्ते से ही घर वापस आ गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी लम्भुआ सतीश शुक्ला ने बताया कि रविवार को चांदा कोतवाली क्षेत्र के फरमापुर गांव निवासी खुशबू पत्नी रोहित शर्मा ने पति से कुछ कहासुनी होने पर अपने एक वर्षीय पुत्र की कथित तौर पर हत्या कर दी।

**सेटेलाइट पर बस में लगी आग:** बरेली ।सेटेलाइट चौराहे के पास सीएनजी पम्प पर गैस डलवाने आई एक बस में अचानक से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया ।जिसमें गार्ड पम्प पर काम कर रहे लोगों की मदद से बस में लगी आग को काफी बुझाने का प्रयास किया गया। बस में लगी आग की जानकारी क्षेत्रवासियों ने पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने है फायर ब्रिगेड को जानकारी दी ।मौके पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग को काबू में किया वही सीएनजी पम्प पर बड़ा हादसा होने से टला।सेटेलाइट चौराहा के पास सीएनजी पेट्रोल पम्प पर एक बस सोमवार की सुबह तड़के गैस डलवा कर जा रही थी। बस में पम्प पर ही अचानक गेर बक्शे में आग लग गई ।आग की लपटे उठने लगी । आग की लेफ्टे देखते ही बस चालक फरार हो गया।

# सूखे को लेकर प्रशासन सतर्क



**बांदा।** सूखे एवं बाढ को दृष्टिगत रखते हुए सूखे एवं बाढ से सम्बन्धित सभी तैयारियां पूर्व से सुनिश्चित किये जाने सम्बन्धी बैठक कलेक्टेªट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि आगामी एक सप्ताह के अन्दर अगर वर्षा नही होती हैए तो जनपद को सूखा ग्रस्त घोषित कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सूखे की स्थिति में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि संक्रामक रोंगो एवं महामारियों से बचाव हेतु प्रतिरोधात्मक टीकाकरण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखी जायें। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं जनपद वासियों से अपेक्षा किया कि 18 वर्ष से 45 आयु वर्ष के बीच जिन्होंने बूस्टर डोज नही लिया है वे शीघ्र बूस्टर डोज लगवा लें। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सूखे की कार्ययोजना की तैयारी शासनादेशों के अनुरूप कर ली जाए। लेखपालों द्वारा सूखे से प्रभावित क्षेत्र का आकलन सूखे से बचने के लिए कृषि प्रधान क्षेत्रों में चारागाह तथा दुग्ध उद्योग का विकास करने के लिए कृषकों को लेखपालों द्वारा प्रोत्साहित करना तथा सूखे से निपटने के लिए ऐसे फसलों को उपजाया जाना चाहिए जो शुष्क इलाकों में पैदा की जा सकें जिनमें पानी की आवश्यकता कम हो। जिलाधिकारी ने कहा कि कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 उमाकान्त त्रिपाठी को निर्देश दिये कि सम्भावित बाढ को देखते हुए सारी व्यवस्थायें पूरी कर ली जायें तथा प्राइवेट नाविकों को पत्राचार कर अपनी.अपनी नावें सही कराने के निर्देश दिये जायें ताकि बाढ के समय किसी प्रकार की आने.जाने की समस्या न रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक में गैरहाजिर पाए जाने पर वेतन रोका, दी वार्निंग

**बांदा।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक में जिलाधिकारी के समीक्षा के दौरान आधा दर्जन एएमओआईसी0 अनुपस्थित पाये जाने पर माह जुलाई का वेतन रोकने तथा शौचालय निर्माण कार्य में प्रगति खराब पाये जाने पर 04 एडी0ओ0 पंचायत को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश तथा बडोखर खुर्दए नरैनीए कमासिन के खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा शत.प्रतिशत प्रगति के सापेक्ष्य सिर्फ 27 प्रतिशत प्रगति खराब पाये जाने पर स्पष्टीकरण मांगने तथा कोविड वैक्सीनेशन में बिसण्डा कमासिनए तिन्दवारीए जसपुरा द्वारा कार्य में लापरवाही पाये जाने पर चारों को चेतावनी जारी किये जाने के निर्देश दिये गये।

# सावन के पहले सोमवार पर नाथ मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बरेली ।** सावन का महीना शुरू हो चुका है और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिये शिवभक्त गंगाजल लाकर मंदिरों में जलाभिषेक किया। नाथनगरी के नाम से पहचान रखने वाली बरेली आज प्रथम सोमवार को शिवभक्तों की भीड़ उमड़ रही है। अलखनाथ, त्रिवटी नाथ, धोपेश्वर नाथ, मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ, बनखंडी नाथ सहित सभी शिव मंदिरो में शिवभक्त गंगाजल से शिव जी को जलाभिषेक किया।किला क्षेत्र में स्थित अलखनाथ मंदिर में सावन के पहले सोमवार के मौके पर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए

### कोरोना से लड़ने के लिए मांगा बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद

श्रद्धालुओं की भीड़ बड़ी संख्या में पहुँची। सुबह 3 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना की । श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से बाबा भोलेनाथ को खुश करने की कोशिश में है ताकि उनका जीवन खुशमय रहे। मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालओं ने बताया कि वह भीड़ से बचने के लिए सुबह ही मंदिर पहुंचे थे। यहां पहले से भीड़ पहुंच चुकी थी इसके बावजूद उन्हें बाबा भोलेनाथ के दर्शन हुए और हजारों भक्तों ने उनका आशीर्वाद लिया।मंदिर पहुंचे श्रद्धालु रेनू सक्सेना कुल्हाड़ा पीर निवासी ने बताया बाबा भोलेनाथ का अलखनाथ मंदिर बहुत ही प्राचीन मंदिर है अलखनाथ मंदिर में जो भी भक्त आता जो भोलेनाथ से मांगता है उसकी मुराद पूरी होती है में बहुत खुश हूं आज बाबा के दर्शन करने आई हूं। बड़ा बाजार निवासी मानसी ने बताया अलखनाथ मंदिर प्राचीन मंदिर है इस मंदिर पर दूर-दूर से भक्त भोलेनाथ के दर्शन करने आते हैं और जलाभिषेक करते हैं ।

## ये है कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विक्रमजोत की कहानी, खान-पान में भी चल रहा लंबा खेल

# यहां न गड़बड़झाला रुकेगा और न छात्राएं!

**बस्ती।** बीएसए डॉ इंद्रजीत प्रजापति ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विक्रमजोत में चूहों का आतंक मिला है। 85 लड़कियों के सापेक्ष मात्र 7 लड़कियां ही विद्यालय में मिली हैए उन्होंने बताया कि चूहों के आतंक के चलते लड़कियां विद्यालय नहीं आ रही हैं। निरीक्षण में अवकाश पंजिकाए स्टाफ पंजिका व खारिज पंजिका सहित अन्य अभिलेख अलमारी में बंद पाए गए। इसके पहले जब 7 जून को निरीक्षण किया गया था तो 85 में से मात्र 7 लड़कियां ही उपस्थित मिली थी।जबकि सत्र शुरू हुए 3 माह बीत गया था। चूहों का आतंक भी मिला था। निर्देश के बावजूद भी चूहे की दवा का छिड़काव नहीं किया गया। मात्र 2 लीटर दूध ही




स्टॉक में दिखाया गयाए जो मानक से बहुत ही कम है। रसोइयों ने बताया कि वार्डेन द्वारा खाना बनाने के लिए बहुत कम खाद्य सामग्री दिया जाता है। गुणवत्ता विहीन खाना के चलते बच्चे विद्यालय में नहीं रुक रहे हैं। विद्यालय में फर्स्ट ऐड बॉक्स तक नहीं मिला। रसोईया सुषमा पांडेय की आदत में भी कोई सुधार नहीं हो रहा हैए जबकि रसोईया और लेखाकार को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। बावजूद इसके आदत में कोई परिवर्तन नहीं है। विद्यालय में कभी भी 20. 30 से अधिक लड़कियां नहीं मिलीए सभी स्टाफका बयान वीडियो में रिकॉर्ड किया गया। वार्डन के प्रशासनिक क्षमता पर भी सवाल उठाया गया। बयान में सामान की चोरी की बातें भी सामने आईं। बीएसए द्वारा आदेश दिया गया है कि वार्डन का प्रभार कार्यरत नीलम कुमारी फुल टाइम टीचर अंग्रेजी तथा रसोईया का प्रभार शारदा देवी को दिया जाता है।

# बत्रा ने एफआईएच अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया

भाषा। नई दिल्ली

**अनुभवी खेल** प्रशासक नरिंदर बत्रा ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और साथ ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्यता भी छोड़ दी। नई दिल्ली और जम्मू में बत्रा के कई आवास और कार्यालयों पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के छापे के घंटों बाद उन्होंने अपने पद छोड़े। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार बत्रा से जुड़े दिल्ली और जम्मू के पांच परिसरों पर छापा मारा गया। उनके खिलाफ कथित तौर पर भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अप्रैल में सीबीआई ने हॉकी इंडिया के 35 लाख रुपए के कोष में कथित अनियमितता के मामले में बत्रा के खिलाफ आरंभिक जांच शुरू की थी। बत्रा को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा था जब 25 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्य के पद को खत्म कर दिया था। बत्रा ने 2017 में हॉकी इंडिया के आजीवन सदस्य के रूप में ही आईओए का चुनाव लड़ा और जीता था। बत्रा ने उच्च न्यायालय की बड़ी

## ● आईओसी की सदस्यता भी छोड़ी

## ● बत्रा के कई आवास और कार्यालयों पर सीबीआई के छापे

पीठ के समक्ष इस फैसले के खिलाफ अपील की थी लेकिन अदालत ने पूर्व के फैसले पर स्टे देने से इनकार कर दिया और मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को तय की। बत्रा ने आईओए अध्यक्ष पद से भी आधिकारिक रूप से इस्तीफा दिया। तीन अलग अलग पत्रों के जरिए बत्रा ने आधिकारिक रूप से आईओए, आईओसी और एफआईएच में अपने पदों से इस्तीफा दिया। उन्होंने तीनों पत्रों में इस्तीफे के लिए निजी कारणों का हवाला दिया है। बत्रा ने एआईएच के कार्यकारी बोर्ड को लिखा, निजी कारणों से मैं एफआईएच के अध्यक्ष पद से इस्तीफा सौंपता हूं। एफआईएच ने बयान में कहा, जैसा कि एफआईएच कानून (नियम 7.4 ए) में निर्धारित है, कार्यकारी बोर्ड एक कार्यवाहक अध्यक्ष को पद पर नियुक्त करेगा जब तक कि



एफआईएच कांग्रेस रिक्त पद को भरने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त नहीं करती है। इसलिए कार्यकारी बोर्ड की एक बैठक जल्द से जल्द आयोजित की जाएगी। बयान में कहा गया, उसी नियम के अनुसार अगला अध्यक्ष चुनाव आगामी एफआईएच कांग्रेस के दौरान होगा जो इस साल 4 और 5 नवंबर को आनलाइन आयोजित होने की योजना है। बत्रा की आईओसी सदस्यता उनकी आईओए अध्यक्षता से जुड़ी थी लेकिन एफआईएच से उनका इस्तीफा हैरानी भरा है क्योंकि उन्होंने मई में कहा था कि वह अब विश्व हॉकी संस्था में अपने काम पर ध्यान लगाना चाहते हैं। उच्च न्यायालय द्वारा हटाए जाने के बाद बत्रा ने बयान जारी करके कहा था कि वह आईओए के आगामी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे लेकिन उन्होंने कहा था कि अब उनका पूरा ध्यान विश्व हॉकी के प्रबंधन पर रहेगा। पैंसठ साल के बत्रा पहली बार 2017 में आईओए अध्यक्ष बने थे और दोबारा अध्यक्ष पद के लिए चुनौती पेश करने के पात्र थे। आईओए के चुनाव पिछले साल दिसंबर में होने थे लेकिन चुनाव प्रक्रिया में संशोधन के कारण ए निर्धारित समय पर नहीं हो पाए। बत्रा 2019 में आईओसी के सदस्य बने और बाद में उन्हें ओलंपिक चैनल आयोग का भी सदस्य बनाया गया। बत्रा 2016 में एफआईएच अध्यक्ष बने और पिछले साले उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए इस पद पर चुना गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ओलंपियन और हॉकी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे असलम शेर खान की अवमानना याचिका पर बत्रा को आईओए अध्यक्ष के रूप में काम करने से रोका था। अदालत ने इसके बाद आईओए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल खन्ना को आईओए का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया था। बत्रा के कार्यकाल के दौरान कई विवाद हुए थे। आईओए उपाध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने 2020 में आईओसी को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि शीर्ष पद पर चुनाव के दौरान अनियमितताएं बरती गईं और बत्रा ने घोषणा पत्र में झूठी जानकारी दी। हाल में बत्रा ने भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश आरएम लोढा के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए माफी मांगी थी। इस पोस्ट के कारण उनसे आईओए अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की मांग की गई थी। अप्रैल में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी सार्वजनिक कोष में कथित अनियमितताओं के लिए

## एआईएफएफ के राज्य संघ सीओए द्वारा तैयार संविधान के मसौदे से असंतुष्ट

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की राज्य इकाइयां संविधान के अंतिम मसौदे के कई प्रावधानों से संतुष्ट नही है लेकिन वे फीफा (फुटबॉल का वैश्विक संचालक) प्रतिबंध से बचने के लिए बीच का रास्ता तलाशने के लिए तैयार है। राज्यों संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली सात सदस्ईय समिति ने फीफा को लिखा है कि प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा तैयार अंतिम मसौदा संविधान की कई उपधाराएं भेदभावपूर्ण और अतार्किक है। यह पत्र उच्चतम न्यायालय द्वारा खेल के संचालन के लिए नियुक्त सीओए द्वारा 13 जुलाई को फीफा और राज्य संघों को अंतिम मसौदा संविधान भेजे जाने के बाद लिखा गया है। राज्य एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया , हम इसमें बीच का रास्ता निकलने के लिए तैयार है। ऐसा नही होना चाहिए कि एक पक्ष जो कहे वही माना जाए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि फीफा से कोई प्रतिबंध न लगे। मुझे उम्मीद है कि हर हितधारक भारतीय फुटबॉल की भलाई के लिए इस अवसर पर आगे आएगा। हमें उम्मीद है कि फीफा द्वारा तय समय सीमा तक चीजों को सुलझा लिया जाएगा। हमें फीफा के प्रतिबंध को झेलने से बचना चाहिए। यह पता चला है कि राज्य संघों को 20 से ज्यादा मुद्दों पर आपत्ति है , जिसमें से पांच से छह बड़े मुद्दे है। इसमें सबसे बड़ा मसला एआईएफएफ की आम सभा में राज्य संघ से दो मतदान सदस्यों मे से एक पूर्व खिलाड़ी का होना अनिवार्य है।

# मैराज ने निशानेबाजी विश्वकप में रचा इतिहास

● स्कीट स्पर्धा में देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया

भाषा। चांगवन



**भारत के** अनुभवी निशानेबाज मैराज अहमद खान ने सोमवार को आईएसएसएफ विश्व कप में पुरूषों की स्कीट स्पर्धा में देश को पहला स्वर्ण पदक दिला दिया। 40 शॉट के फाइनल में उत्तर प्रदेश के 46 वर्ष के मैराज ने 37 का स्कोर करके कोरिया के मिंसु किम (36) और ब्रिटेन के बेन लीवेलिन (26) को पछाड़ा। मैराज ने क्वालीफाइंग में पहले दो दिन 125 में से 119 स्कोर किया। उन्होंने पांच निशानेबाजों के शूटआफ में जीत दर्ज करके स्वर्ण जीता। दो बार के ओलंपियन और इस बार चांगवन में भारतीय दल के सबसे उम्रदराज सदस्य मैराज ने 2016 में रियो दि जिनेरियो विश्व कप में रजत पदक जीता था। कांस्य पदक के मुकाबले में उन्होंने आस्ट्रिया की शैलीन वाइबेल, एन उंगेरांक और रेबेका कोएक को 16-6 से हराया। यह दिन लेकिन मैराज के नाम रहा। क्वालीफाइंग में 119 स्कोर करने के बाद वह आखिरी दो क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चार अन्य के साथ दौड़ में थे जिनमें दो बार के ओलंपिक पदक विजेता कुवैत के अब्दुल्लाह अल रशीदी शामिल थे। रैंकिंग दौर में उनका सामना जर्मनी के स्वेन कोर्ते , कोरिया के मिंकी चो और साइप्रस के निकोलस वासिलू से था। वह 27 हिट्स के साथ शीर्ष पर रहे। अन्य नतीजों में विजयवीर सिद्धू ने रैंकिंग राउंड में जगह बनाई लेकिन पदक दौर में नहीं पहुंच सके। अनीश और समीर पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विजयवीर छठे, अनीश 12वें, समीर 30वें स्थान पर रहे जबकि महिलाओं के स्कीट वर्ग में मुफद्दल दीसावाला 23वें स्थान पर रही। भारत 13 पदक (पांच स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य) जीतकर अभी भी पदक तालिका में शीर्ष पर है।

### राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छे प्रदर्शन के लिए कमर कसी : सविता

**बार्सीलोना।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया एफआईएच विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन की भरपाई बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में करने को प्रतिबद्ध है। भारत विश्व कप मे चीन के साथ नौवें स्थान पर रहा। हम एफआईएच विश्व कप में अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नही कर सके। लेकिन हम बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में इसकी भरपाई करेंगे। हमारे पास बेहतरीन टीम है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।

### जिला बैडमिंटन 5 से

**लखनऊ।** जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 5 से 7 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता बाबू बनारसी दास बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित की जाएगी। इसे 11 से 19 वर्ष के प्रतिभाग भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी 20 जुलाई से 2 अगस्त तक कार्यालय से फार्म प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी सचिव अनिल ध्यानी ने दी।

### विम्बलडन के पुरूष युगल चैम्पियन एब्डेन टीपीएल–4 के मार्की खिलाड़ी बने

**पुणे।** विम्बलडन के पुरूष युगल के मौजूदा चैम्पियन मैथ्यू एब्डेन को नौ से 11 दिसंबर तक यहां आयोजित होने वाली टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल ) के चौथे सत्र का मार्की खिलाड़ी नियुक्त किया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन बालेवाड़ी स्टेडियम में होगा जहां आठ टीमें खिताब के लिए जोर लगाएंगी। इस सत्र (2022) के लिए खिलाड़ियों के ड्राफ्ट का आयोजन अगस्त में किया जाएगा।

### जर्मनी में संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे जीव

**वोरबेक (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह लीजेंड्स टूर (50 साल से अधिक के खिलाड़ियों के लिए) पर पहले सत्र मे हिस्सा लेते हुए यहां विन्सटन गोल्फ सीनियर ओपन मे पहली बार शीर्ष तीन मे रहे। अगले हफ्ते ग्लेन ईगल्स में अपने पहले सीनियर ओपन मे हिस्सा लेने की तैयारी कर रहे जीव ने अंतिम दौर मे पांच अंडर 67 के शानदार स्कोर के साथ कुल छह अंडर 210 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। जीव ने 54 होल के इस टूर्नामेंट के पहले दो दौर में 70 और 73 का स्कोर बनाया था। जीव ने अंतिम दौर मे छह बर्डी और एक बोगी की जिससे उनका स्कोर पांच अंडर रहा।

### कमिंस को जिंबाब्वे, न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से आराम

**ब्रिसबेन।** टेस्ट कप्तान पैट कमिंस टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए अगले महीने जिंबाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ आस्ट्रेलिया की सीमित ओवरो की श्रृंखला मे नही खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को 28 और 30 अगस्त तथा तीन सितंबर को टाउन्सविले में जिंबाब्वे के खिलाफ तीन एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच खेलने है जबकि इसके बाद टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ केर्न्स में छह, आठ और 11 सितंबर को तीन मैचो की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी।

### धिनिधि ने कर्नाटक के लिए स्वर्ण जीता

**भुवनेश्वर।** कर्नाटक की धिनिधि देसिंगु ने 48वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप मे लड़कियों के 100 मीटर बटरफ्लाई वर्ग मे नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। कर्नाटक की हशिका रामचंद्र दूसरे और असम की शुभ्रांशिनी प्रियदर्शिनी तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा के कृष जैन ने लड़कों के 50 मीटर बैकस्ट्रोक मे स्वर्ण पदक जीता।

# भारत के खिलाफ विंडीज टीम में होल्डर की वापसी



## ● वेस्टइंडीज की 13 सदस्यीय वनडे टीम की घोषणा

भाषा। पोर्ट आफ स्पेन

**पूर्व कप्तान** जेसन होल्डर की भारत के खिलाफ 22 जुलाई से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की 13 सदर्स्ईय टीम में वापसी हुई है। यह अनुभवी आलराउंडर बांग्लादेश के खिलाफ पिछली घरेलू टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज की टीम का हिस्सा नहीं था लेकिन क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के चयन पैनल ने उन्हें भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए टीम में वापस बुलाने का फैसला किया।

बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद निकोलस पूरन टीम की अगुवाई करना जारी रखेंगे। वेस्टइंडीज को बांग्लादेश ने एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से हराया लेकिन पूरन ने तीसरे टी20 में 39 गेंद में 74 रन बनाए। उन्होंने तीसरे एकदिवसीय में भी 73 रन की पारी खेली। शाई होप टीम के उप कप्तान होंगे। सीडब्ल्यूआई ने एक बयान में मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स के हवाले से कहा, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जेसन दुनिया के अग्रणी ऑलराउंडर में से एक है और उसे टीम में वापस शामिल करने की हमें खुशी है। वह तरोताजा, ऊर्जावान और फिर से मैदान पर उतरने को तैयार होगा और हम मैदान पर उसकी प्रतिभा और मैदान के बाहर भी उसके सार्थक योगदान की उम्मीद कर रहे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ हार के बाद हेन्स को उम्मीद है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ चीजों को बदलने में सफल होगी। गयाना में बांग्लादेश के खिलाफ हमारे तीन मैच बहुत चुनौतीपूर्ण थे इसलिए जब हम त्रिनिदाद की परिस्थितियों में भारत का सामना करेंगे तो हम वापसी करना चाहेंगे। भारत के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच 22, 24 और 27 जुलाई को क्वींस पार्क ओवल में खेले जाएंगे।

## भारत ने वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की

**दुबई।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला जीत कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सोमवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। ऋषभ पंत की एकदिवसीय में पहली शतकीय पारी और हार्दिक पंड्या के हरफनमौला खेल से भारत ने तीसरे एकदिवसीय में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला 2-। से जीती। भारत के नाम 109 रेटिंग अंक हैं जो चौथे स्थान पर काबिज पाकिस्तान (106 अंक) से तीन अंक ज्यादा है। इस तालिका में न्यूजीलैंड 128 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि इंग्लैंड 121 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। इस सूची में हालांकि छठे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका के पास अपनी स्थिति को सुधारने का मौका होगा। टीम पाकिस्तान से सात रेटिंग अंक पीछे है और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की आगामी श्रृंखला में अगर वह सूपड़ा साफ करती है तो चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी। भारतीय टीम भी अगले सप्ताह वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन कर अपनी स्थिति और मजबूत कर सकती है।

# जब जरूरत होगी तो अपनी पूरी गति से गेंदबाजी करूंगा: पंड्या

भाषा। मैनचेस्टर



**भारतीय आलराउंडर** हार्दिक पंड्या का मानना है कि एक गेंदबाज के रूप में अंततः उन्होंने लय हासिल कर ली है और भविष्य में जब भी जरूरत होगी तो वह अपनी पूरी गति के साथ गेंदबाजी करेंगे। फिटनेस समस्याओं के कारण नियमित रूप से गेंदबाजी नहीं कर पाने से हार्दिक ने भारतीय टीम में अपनी जगह गंवा दी थी लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग के 2022 सत्र में उन्होंने जोरदार वापसी की। वह इग्लैंड के खिलाफ हाल में सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान भी गेंद और बल्ले दोनों से उम्दा प्रदर्शन करने में सफल रहे। बल्ले से हार्दिक की क्षमता पर कभी संदेह नहीं था लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया। हार्दिक ने टी20 और एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान क्रमशः 33 रन देकर चार विकेट और 24 रन देकर चार विकेट का करियर का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रविवार को अंतिम एकदिवसीय में उन्होंने गेंदबाजी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और फिर ऋषभ पंत के साथ शतकीय साझेदारी करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। तीसरे एकदिवसीय के बाद मीडिया से बात करते हुए पंड्या ने कहा कि नियमित रूप से गेंदबाजी कर पाने से उन्हें काफी संतोष मिलता है। हार्दिक ने कहा, सबसे पहले अपनी गेंदबाजी की बात करता हूं। प्रत्एक श्रृंखला के बाद मैं चार या पांच दिन ट्रेनिंग करता हूं क्योंकि इससे मेरी फिटनेस बेहतर होती है और मैं तरोताजा रहता हूं। मैं शत प्रतिशत क्षमता के साथ खेलना पसंद करता हूं क्योंकि इससे मुझे वह सभी चीजें करने का मौका मिलता है जो मैंने आज की। हार्दिक आयरलैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला में लय हासिल नहीं कर पाए थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आईपीएल के बाद मैंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में वापसी की। मैंने एक ओवर गेंदबाजी की और फिर दो मैच में गेंदबाजी नहीं की। एक गेंदबाज के रूप में मेरे लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है कि मैं गेंदबाजी करता रहूं। हार्दिक ने कहा कि पहले टी20 में चार विकेट चटकाने से उन्हें जरूरी आत्मविश्वास मिला। मेरे लिए निरंतरता हासिल करना बेहद महत्वपूर्ण है और मैं इस पर काम करता हूं। मैं आम तौर पर मैच से पहले अभ्यास नहीं करता लेकिन मैंने पूरे प्रयास के साथ कुछ घंटों तक गेंदबाजी की। इस आलराउंडर ने कहा, यहीं से मुझे लय मिली और फिर चार विकेट चटकाने (इंग्लैंड के खिलाफ टी20 में) से सब कुछ बदल गया। इससे मुझे निरंतरता और आत्मविश्वास मिला। हार्दिक को नहीं लगता कि हर समय पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी करने की जरूरत है।

## भारतीय हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे को खत्म करने उतरेगी

भाषा। नई दिल्ली

**तोक्यो ओलंपिक** में चार दशक के पदक के सूखे को खत्म करने के बाद शानदार लय में चल रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम से आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया के दबदबे को खत्म करने की उम्मीद है। राष्ट्रमंडल खेलों में हॉकी के शामिल होने के बाद पुरुष वर्ग में पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है और टीम ने अब तक सभी छह स्वर्ण पदक जीते हैं। इन खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 (दिल्ली) और 2014 (ग्लास्गो) में रजत पदक जीतना रहा है। टीम इसके अलावा चार मौकों पर चौथे स्थान पर रही है। ऑस्ट्रेलिया के कोच ग्राहम रीड की अगुवाई में भारत ने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन किया है और ओलंपिक पदक इसकी तस्दीक करता है। अतीत में भारतीय टीम फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझती रही है लेकिन मौजूदा टीम को विश्व हॉकी के सबसे फिट टीमों में एक माना जाता है। बेहतर फिटनेस का असर नतीजों में दिखाई दे रहा है। तोक्यो में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारत इस सत्र के एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम और नीदरलैंड बाद तीसरे स्थान पर रहा।

## पीएम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल के साथ कल करेंगे संवाद

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार यानी 20 जुलाई को राष्ट्रमंडल खेल (सीडब्ल्यूजी) 2022 में भाग लेने जा रहे भारतीय दल के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से होने वाले इस संवाद में एथलीटों के साथ-साथ उनके कोच भी शामिल होंगे। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह बातचीत प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने से पहले एथलीटों को प्रेरित



करने के उनके निरंतर प्रयास का एक हिस्सा है। पिछले साल, प्रधानमंत्री ने तोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल के साथ-साथ तोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले भारतीय पैरा-एथलीटों के दल के साथ भी बातचीत की थी। यहां तक की खेल प्रतियोगिताओं के दौरान भी प्रधानमंत्री ने एथलीटों की प्रगति में गहरी दिलचस्पी ली। पीएमओ ने कहा, कई मौकों पर तो उन्होंने एथलीटों को व्यक्तिगत रूप से फोन कर उनकी सफलता एवं ईमानदार प्रयासों के लिए बधाई दी और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, भारतीय दल के देश लौटने के बाद भी प्रधानमंत्री ने उनके साथ मुलाकात और बातचीत की। राष्ट्रमंडल खेल 2022 बर्मिंघम में 28 जुलाई से लेकर 8 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे।

## बाथम बने सीसीबीडब्ल्यू ओपन शतरंज के विजेता



**लखनऊ।** राज्य कर विभाग के लखनऊ के पवन बाथम ने सर्वाधिक 6.5 अंक जुटाते हुए सीसीबीडब्ल्यू ओपन शतरंज चैंपियनशिप की विजेता ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। कुल 35 हजार रुपए की ईनामी राशि वाली चैंपियनशिप में महिलाओं में ऐमान अख्तरए आयु वर्गो में अनुभव सिंह, अक्षत भटनागर, सान्वी अग्रवाल व मोहम्मद हैदर और वेटरन -60 साल से अधिक में केके खरे विजेता बने। तीसरे राउंड में टॉप सीड विवेक शुक्ला को अर्जुन सिंह ने हराया। इसके बाद दूसरी वरीय आरिफ अली व तीसरी वरीय पवन बाथम ने चौथे राउंड में जीत दर्ज की। वहीं पांचवें राउंड में आरिफजीते तो पवन बाथम को ड्रा से संतोष करना पड़ा। छठें राउंड में पवन बाथम ने आरिफअली को हराकर 5.5 अंक जुटाए जबकि नितिन एम पाल ने भी जीत से 5.5 अंक हासिल किए। सातवें व अंतिम राउंड में नितिन शुरू में ही गलती के चलते अपना मोहरा गंवा बैठे। इसके चलते अनुभवी पवन बाथम ने जीत से विजेता ट्राफी के साथ 5000 रुपए की ईनामी राशि भी अपने नाम कर ली। उन्होंने जूनियर खिलाड़ी हर्षित अमरनानी के खिलाफ आधा अंक गंवाने के अलावा अन्य मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं 12 साल के विनायक सिंह यादव शानदार खेल दिखाते हुए दूसरे स्थान पर रहते हुए उपविजेता ट्राफी हासिल की। इसके अलावा अंडर-20 में अनुभव सिंह, अंडर-12 में सानवी अग्रवाल टाईब्रेक स्कोर के सहारे विजेता बने।

## लकवे के भय से राष्ट्रमंडल खेल तक सुमीत का सफर

**नई दिल्ली।** किशोरावस्था मे शरीर के निचले हिस्से मे लकवे के डर से राष्ट्रमंडल खेलो मे भारत की नुमाइंदगी तक, भारत के युगल बैडमिंटन खिलाड़ी बी सुमीत रेड्डी का सफर जुझारूपन और जिजीविषा की बानगी पेश करता है। अपने कैरियर के शुरूआती दौर में सुमीत रीढ की हड्डी में किसी बीमारी की वजह से तीन सप्ताह बिस्तर पर थे। डॉक्टरो ने उन्हे बैडमिंटन छोड़ने के लिए कहा था लेकिन उनका पूरा ध्यान कोर्ट पर वापसी पर लगा था। और अब 2022 मे सुमीत ने राष्ट्रमंडल खेलो मे भारतीय टीम मे जगह बनाई है। वह मिश्रित युगल चयन ट्रायल में अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरे और शीर्ष पर रहे। उन्होने रहैबिलिटेशन के लिए फिजियोथेरेपी की और अपने दम पर वापसी की। सुमीत ने पीटीआई से बातचीत में कहा , यह 2010-2011 की बात है। मै एकल वर्ग में भारत के शीर्ष पांच खिलाड़ियों मे था। एक दिन मेरी कमर में तकलीफ हुई और पता चला की मेरूदंड की हड्डियो मे एयर बबल गैप आ गए है।मुझे खेल छोड़ने के लिए कहा गया था।

## स्टोक्स ने वनडे से संन्यास की घोषणा की

भाषा। लंदन



**इग्लैंड के** स्टार आलराउंडर और 2019 एकदिवसीय विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के हीरो बेन स्टोक्स ने सभी को हैरान करते हुए सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए कहा कि तीनों प्रारूप में खेलना उनके लिए व्यावहारिक नहीं रह गया था। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरहम के अपने घरेलू मैदान पर अपना अंतिम एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मुकाबला खेलेगा। स्टोक्स के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय करियर को लार्ड्स में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2019 विश्व कप फाइनल में उनके प्लेयर आफ द मैच प्रदर्शन के लिए याद किया जाएगा। उनके नाबाद 84 रन की मदद से इंग्लैंड की टीम अपना पहला 50 ओवर का विश्व खिताब जीतने में सफल रही थी। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने 104 एकदिवसीय मुकाबलों में 2919 रन बनाने के अलावा 74 विकेट भी चटकाए। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बयान में स्टोक्स के हवाले से कहा गया, मैं मंगलवार को डरहम में इंग्लैंड के लिए अपना अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलूंगा। मैंने इस प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, यह बेहद मुश्किल फैसला था। मैंने अपने साथियों के साथ इंग्लैंड की ओर से खेलने के प्रत्एक लम्हे का लुत्फ उठाया। हमारा सफर शानदार रहा। स्टोक्स ने कहा, यह निर्णय लेना जितना कठिन था उतना इस तथ्य से निपटना कठिन नहीं है कि मैं अपने साथियों को अब इस प्रारूप में अपना 100ऽ नहीं दे सकता। इंग्लैंड की ओर से खेलने पर किसी के लिए भी इससे कम का प्रयास स्वीकार्य नहीं है। आयरलैंड के खिलाफ 2011 में एकदिवसीय पदार्पण करने के बाद स्टोक्स इंग्लैंड के शीर्ष आलराउंडर बनकर उभरे और उन्होंने इस प्रारूप में तीन शतक जड़े। स्टोक्स ने कहा कि वह अपना अपना शत प्रतिशत नहीं दे पा रहे और अब उनके लिए तीनों प्रारूप में खेलना व्यावहारिक नहीं रहा। तीनों प्रारूपों में एक साथ खेलना अब मेरे लिए व्यावहारिक नहीं है।

## चांदीमल की पारी से पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की स्थिति मजबूत

भाषा। गॉल

**शानदार** लय में चल रहे दिनेश चांदीमल (नाबाद 86) के साथ ओशादा फर्नांडो (64) और कुसल मेंडिस (76) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में नौ विकेट पर 329 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। श्रीलंका की कुल बढ़त अब 333 रन की हो गई है और पाकिस्तान को इस मैच को जीतने के लिए रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करना होगा। इस मैदान पर चौथी पारी में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा चार विकेट पर 268 रन बनाकर जीत दर्ज की है। पहली पारी 76 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे चांदीमल ने दूसरी पारी में भी पाकिस्तान के गेंदबाजों को परेशान किया। उन्होंने नसीम शाह पर एक रन लेकर अपना 23वां अर्धशतक पूरा किया। दिन खत्म होने तक उन्होंने 121 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और दो छक्के जड़ दिए है। क्रीज पर उनके साथ प्रभात जयसूर्या चार रन बनाकर खेल रहे हैं। बत्तीस साल के इस पूर्व कप्तान ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर टीम को यादगार जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पाकिस्तान के पास चांदीमल को आउट करने का मौका था। जब वह 68 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तक हसन अली ने अपनी गेंद पर उनका कैच टपका दिया। श्रीलंका ने दिन की शुरूआत एक विकेट पर 36 रन से की। रात्रि प्रहरी कासुन रजीत के जल्दी आउट होने के बाद मेंडिस और फर्नांडो ने तीसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। लंच के बाद दिन का दूसरा सत्र हालांकि पाकिस्तान के नाम रहा। यासिर शाह ने मेंडिस को बोल्ड किया और फिर बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज ने पहली बार पांच विकेट झटक श्रीलंका को परेशानी में डाल दिया।

## एक्स स्टूडेंट्स क्लब व ममता क्लब आगे बढ़े



**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में एक्स स्टूडेंट्स क्लब व ममता क्लब ने अपने-अपने मैच जीते। पहले मैच में एक्स स्टूडेंट्स क्लब ने एल डी ए क्लब को 2-0 से हराया। एक्स स्टूडेंट्स क्लब की ओर से शुभम ने 6 वे मिनट, सद्दाम ने 52 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में ममता क्लब ने मॉर्डन अलीगंज बी को 4-0 से हराया। ममता क्लब की ओर से दीपक ने 5, वे मिनट, ललित 18 वे मिनट, मयंक 43 वे मिनट, राहुल 52 वे मिनट में गोल किया। कल का पहला मैच सिटी क्लब और डिवाइन क्लब के बीच होगा। दूसरा मैच पुलिस ब्वॉयज और मॉर्डन अलीगंज क्लब के बीच होगा। तीसरा मैच चौक क्लब और एल डी ए क्लब सी के बीच होगा।